हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, शुक्रवार 01 अगस्त, 2025, वर्ष : 34, अंक : 127, मूल्य : 3 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



## श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का वीर भूमि झारखण्ड में
# अभिनंदन और
# जोहार

दिनांक: 31 जुलाई और 1 अगस्त 2025



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO: 358699 (IPRD) 22025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## संक्षिप्त ख़बरें

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मालेगांव बम विस्फोट पर आए फैसले के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी

रांचीः पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मालेगांव बम विस्फोट पर आए फैसले के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज से 17 वर्ष पहले कांग्रेस के शासनकाल में जिस तरह से हिंदू आतंकवाद को स्थापित करने के लिए प्रज्ञा ठाकुर सहित सात लोगों पर मालेगांव बम विस्फोट का आरोपी बनाकर कार्रवाई की गई उस पर आज पूर्ण विराम लग गया। एटीएस के स्पेशल कोर्ट ने प्रज्ञा ठाकुर सहित सभी सात लोगों को बरी कर दिया है। जिससे यह सिद्ध होता है कि हिंदू धर्म सिर्फ एक धर्म नहीं बल्कि एक संस्कार है, जो सभी प्राणियों में परमात्मा को देखता है। एटीएस के स्पेशल कोर्ट के फैसले के बाद 17 वर्षों से मानसिक तनाव के साथ जी रहे सभी लोगों को बधाई है।

### एस पी कॉलेज में प्रायोगिक परीक्षा तिथि की घोषणा

दुमकाःसंताल परगना महाविद्यालय, दुमका के परीक्षा विभाग द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर (2024) के विद्यार्थियों हेतु प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। विभागाध्यक्षों की बैठक के उपरांत लिए गए निर्णय के अनुसार, सभी संकायों के अंतर्गत आने वाले विषयों की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 अगस्त 2025 से प्रारंभ होकर 06 अगस्त 2025 तक दोनों पालियों में संचालित की जाएंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के पी यादव ने बताया कि परीक्षा का समय, दिनांकवार विषय सूची एवं केंद्र संबंधित सभी आवश्यक जानकारी विभागीय सूचना पट्ट पर उपलब्ध करा दी गई है। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा के निर्धारित समय से कम-से-कम 30 मिनट पूर्व अपने संबंधित प्रयोगशाला में उपस्थित हों एवं प्रयोगात्मक कार्य हेतु आवश्यक सामग्री तथा प्रवेश पत्र साथ लाएँ। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सभी विभागाध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक ने सभी छात्रों को समयबद्ध, अनुशासित और शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने की अपील की है।

### विभिन्न पंचायतों में जागरूकता एवं सेवा प्रदाय हेतु विशेष शिविर का आयोजन

दुमकाःवित्तीय समावेशन विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में जागरूकता एवं सेवा प्रदाय हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। यह अभियान देशभर के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित वर्गों तक वित्तीय सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना है।इसी क्रम में जिले के सिमरा, आसनबनी एवं बांकीजोर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई एवं मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई।इस अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़कर उन्हें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में इस अभियान को सफल बनाने हेतु सभी बैंकों, बीसी (बैंकिंग करेस्पोंडेंट) प्रतिनिधियों एवं पंचायत स्तर पर संबंधित कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

### विश्व आदिवासी दिवस पर दुमका में जिला स्तरीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

दुमकाःविश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दिनांक 9 अगस्त 2025 को कन्वेंशन सेंटर, दुमका में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।इस विशेष अवसर पर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलादलों द्वारा आदिवासी नृत्य और संगीत की प्रस्तुति के माध्यम से समृद्ध आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी हेतु स्टॉल भी लगाए जाएंगे, ताकि आम नागरिक सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे प्राप्त कर सकें।साथ ही, स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री हेतु विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिससे स्थानीय कला एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहन मिलेगा।समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा।यह कार्यक्रम आदिवासी अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों को सशक्त रूप में प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच साबित होगा। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।बैठक में सहायक समाहर्ता नाजिश उमर अंसारी,जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कन्डुलना, जिला कल्याण पदाधिकारी गौतम मोदी उपस्थित थे।

### सेवा ही सच्चा शिवार्पण हैः बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति कोलकाता की अनवरत भक्ति

दुमकाःश्रावण मास... जब आस्था की नदियाँ बासुकीनाथधाम की ओर उमड़ती हैं, जब काँवरियों के चरणों से धरती पावन होती है उस समय सिर्फ भक्त नहीं चलते, उनके साथ चलती है सेवा की अदृश्य शक्ति, जो हर भूखे को अन्न, हर थके को सहारा और हर प्यासे को पानी देती है।इसी सेवा की परंपरा को वर्ष 1992 से जीवंत रखे हुए है बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति, कोलकाता। समिति के सचिव सह व्यवस्थापक कमल केजरीवाल बताते हैं कि प्रतिदिन 1500 से 2000 श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया जाता है न किसी जाति का भेद, न किसी वर्ग का भान बस एक ही पहचान, 'बाबा का भक्त'।यह कोई साधारण रसोई नहीं, यह एक तपस्थली है जहाँ भोजन पकता नहीं, प्रेम पकता है।25 सेवा-समर्पित हाथ, जो थाली नहीं परोसते, श्रद्धा परोसते हैं। वे थकते नहीं, क्योंकि उन्हें थामे हुए है एक अदृश्य संकल्प भूखा न जाए बाबा का कोई भक्त।जब श्रद्धालु पंगत में बैठते हैं, तो वह भोजन प्रसाद बन जाता है।हर ग्रास में बाबा की कृपा और सेवा समिति की भक्ति मिलती है।यह न केवल अन्नदान है, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुबंध जो यह सिखाता है कि सच्ची पूजा मंदिर के भीतर नहीं, किसी भूखे को अन्न देने में है।इस सेवा के पीछे कोई प्रचार नहीं, कोई प्रदर्शन नहीं बस निःस्वार्थ समर्पण है, जो हर वर्ष सावन में और भी उज्ज्वल हो उठता है।बाबा बासुकीनाथ की यह भूमि केवल दर्शन की नहीं, दया और धर्म के मिलन की भी भूमि है जहाँ सेवा ही सबसे बड़ा साधन है, और श्रद्धालुओं की मुस्कान ही सबसे बड़ा पुरस्कार।

### उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने किया राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा राजकीय पुस्तकालय दुमका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने हेतु कई निर्देश दिए गए। साइकिल स्टैंड में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने तथा खराब पड़ी वॉटर फिल्टर मशीनों की मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। शौचालयों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष रूप से कहा गया। इसी क्रम में जनरेटर की मरम्मत कर उसे चालू हालत में रखने को कहा गया ताकि छात्रों के लिए लैपटॉप चार्जिंग और पावर बैकअप की सुविधा उपलब्ध रहे। उपायुक्त ने यह भी कहा कि पुस्तकालय में उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और हर माह एक दिन करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाए। वाई-फाई सेवा सुचारु रूप चले इसे सुनिश्चित कर ले। निरीक्षण के क्रम में यह बात भी सामने आई कि आवश्यक विषयों जैसे विज्ञान, वाणिज्य आदि की अध्ययन सामग्री और मशीनें पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय में पंजी संधारण व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु प्रशिक्षित छात्रों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि पठन-पाठन गतिविधियों में व्यवस्थित संचालन हो सके। उपायुक्त ने कहा कि पुस्तकालय को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखा जाए बल्कि इसे एक अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहाँ छात्रों को बेहतर अध्ययन माहौल, तकनीकी संसाधन और करियर मार्गदर्शन की सुविधाएँ सुलभ हों।

# गिरिडीह पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का किया खुलासा





गिरिडीह। गिरिडीह पुलिस ने वाहन चोरी के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में 16 चोरी की बाइक बरामद की गई हैं और तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी कार्रवाई डुमरी एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में की गयी। बीते 29 जुलाई को निमियाघाट थाना क्षेत्र के इसरी बाजार स्थित एक हार्डवेयर दुकान के पास से एक बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस कप्तान डॉ कुमार विमल के निर्देश पर एसडीपी सुमित प्रसाद की निगरानी में एसआईटी का गठन किया गया और त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने बताया कि जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबिरों की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के जरिए मुख्य आरोपी की पहचान की गई। इसी दौरान सूचना मिली कि देवघर जिले के मधुपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति सुनील ठाकुर को पकड़ा है। सुनील ठाकुर धनबाद के मनियाडीह थाना क्षेत्र के चरकखुर्द का रहने वाला है। निमियाघाट पुलिस ने मधुपुर जाकर उससे पूछताछ की, जिसमें उसने कई जगहों से दोपहिया वाहन चोरी करने और गिरिडीह के किशन यादव उर्फ प्रदीप और सचिन कुमार राय को बाइक बेचने की बात स्वीकार की।छापेमारी में 16 बाइक बरामद एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पुरनी पटहरिया और गादी श्रीरामपुर गांव में छापेमारी कर किशन यादव के घर से 14 चोरी की बाइक बरामद की। वहीं सचिन कुमार राय के पास से भी 2 चोरी की बाइक मिलीं। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने बाइक चोरी और बिक्री की बात स्वीकार की। एसडीपीओ ने मीडिया को बताया कि यह कार्रवाई संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि अन्य मामलों की भी जांच जारी है और जल्द और खुलासे हो सकते हैं।

### बेघर परिवार ने प्रशासन से लगाई मदद की गुहार

दुमकाःमसलिया प्रखंड के अजमेरी गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण एक पुराना पक्का मकान ढह गया, जिससे राजेश कुमार यादव का परिवार बेघर हो गया। पीड़ित राजेश कुमार यादव ने बताया कि यह मकान उनके पूर्वजों द्वारा बनवाया गया था, जो समय के साथ धीरे-धीरे जर्जर होता चला गया।लंबे समय से मरम्मत की स्थिति में न होने के बावजूद प्रशासनिक उपेक्षा के चलते उन्हें सरकारी आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। राजेश ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव और अंचल कार्यालय में पीएम आवास और अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अधिकारी उनके पक्के मकान की छत को देखकर आवेदन खारिज कर देते थे। मकान की दीवारें दरारों से भर चुकी थीं, छत भी कहीं-कहीं से टपकने लगी थी, फिर भी किसी ने गंभीरता से नहीं लिया, उन्होंने दुख प्रकट करते हुए कहा कि अब बारिश के चलते मकान पूरी तरह ढह गया है और उनका परिवार पास-पड़ोस के घरों में शरण लेने को मजबूर हो गया है। राजेश यादव ने अंचलाधिकारी से तत्काल राहत सहायता देने तथा अबुआ आवास योजना के अंतर्गत नया मकान आवंटित करने की मांग की है।

## नही रहे गिरिडीह के पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद, मुख्यमंत्री सहित कई नेताओं ने व्यक्त की शोक संवेदना

गिरिडीह। गिरिडीह के पूर्व विधायक 88 वर्षीय ज्योतिन्द्र प्रसाद गुरुवार की सुबह अंतिम सांस लेते हुए दुनिया को अलविदा कह दिया। वे बीते 15-20 दिनों से बीमार चल रहे थे, उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही परिजनों सहित आसपास के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनके आवास पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वही सुबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित विभिन्न दलों के कई स्थानीय नेताओं व सामाजिक लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से शोक संवेदना व्यक्त की। स्व0 प्रसाद अपने सोम्य व सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। इस क्रम में पूर्व मंत्री चन्द्रमोहन प्रसाद, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार, अधिवक्ता संघ के महासचिव सह भाजपा नेता चुन्नुकांत, संघ के उपाध्यक्ष सह कांग्रेस नेता अजय सिन्हा, भाजपा नेता रंजन सिन्हा, माले नेता राजेश सिन्हा, जेएलकेएम नेता नागेन्द्र चन्द्रवंशी सहित कई नेताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं दोपहर बाद बरमसिया स्थित श्मशान घाट में उनके पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।



### 1990 में बने थे विधायक

सादगी और ईमानदारी के लिए लोगों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले स्व0 ज्योतिंद्र प्रसाद ने युवा कांग्रेस से अपनी राजनीतिक कैरियर की शुरूआत की थी। 1980 तक तक वे न सिर्फ माइका मजदूरों की वह आवाज बने बल्कि गिरिडीह के कांग्रेस के एक कद्दावर नेता बन चुके थे। 1985 में कांग्रेस के द्वारा टिकट नही दिए जाने पर उन्होंने मजदूरों के अहवान पर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गिरिडीह विधानसभा सीट से पहली बार चुनाव में खड़े हुए थे। उस वक्त भाकपा माले के आमीलाल आजाद चुनाव जीते थे। वहीं ज्योतिन्द्र प्रसाद को करीब साढ़े आठ हजार से अधिक वोट मिले थे। जिसके कारण 1990 में कांग्रेस ने ज्योतिंद्र प्रसाद को गिरिडीह विधानसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया था। ज्योतिंद्र प्रसाद ने विधायक ओमीलाल आजाद से गिरिडीह सीट छीनकर कांग्रेस का परचम लहराया था।

### अपने एक्स पर मुख्यमंत्री ने जताई शोक संवेदना

इधर पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद के निधन की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने पोस्ट पर लिखा है कि गिरिडीह के पूर्व विधायक ज्योतिन्द्र प्रसाद के निधन का दुःखद समाचार मिला. स्व ज्योतिन्द्र प्रसाद जी मजदूरों के हक-अधिकार की बुलंद आवाज थे। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## बासुकीनाथ में ड्रोन शो का अद्भुत आयोजन

### शिव महिमा की झलकियों ने मोहा मन, बिरसा मुंडा की गाथा से श्रद्धालुओं का हुआ परिचय

दुमकाःश्रावणी मेला के पावन अवसर पर बुधवार की संध्या बासुकीनाथधाम में श्रद्धालुओं के लिए भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया गया, जिसने पूरे मेला क्षेत्र को आस्था और भक्ति के आलोक से सराबोर कर दिया। संध्या 7:30 बजे से चले इस कार्यक्रम में आसमान शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने इस अलौकिक दृश्य को अपनी आँखों और कैमरों में कैद कर लिया।ड्रोन शो की शुरुआत 'ॐ नमः शिवाय' के साउंड इफेक्ट्स और आलोकिक संगीत के साथ हुई। इसके बाद एक-एक कर आकाश में भगवान शिव की विभिन्न झलकियाँ, जैसे – त्रिशूल, डमरू,शिवलिंग, और तांडव मुद्रा उभरती गईं। इन सजीव चित्रों के साथ जब साउंड इफेक्ट्स गूंजे, तो उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी हर हर महादेव के नारों से पूरे क्षेत्र को गुंजयमान कर दिया।

### श्रद्धालुओं की भावनाएँ जुड़ीं




### वीर शहीद भगवान बिरसा मुंडा से

इस शो की खास बात यह रही कि इसमें केवल धार्मिक आकृतियाँ ही नहीं थीं, बल्कि श्रद्धालुओं को आदिवासी गौरव और जननायक भगवान बिरसा मुंडा की गाथा से भी अवगत कराया गया। ड्रोन शो में उनकी प्रतिमा को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाया गया, जिसने श्रद्धालुओं को गौरव और गर्व से भर दिया।पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालु सम्पूर्ण मेला क्षेत्र से अपने स्थान पर शिव महिमा और झारखंडी अस्मिता के इस सुंदर संगम का आनंद लेते रहे। बच्चे, युवा और वृद्ध – सभी के चेहरों पर भक्ति, जिज्ञासा और रोमांच का मिश्रण साफ दिखाई दे रहा था।

### श्रद्धालुओं ने दी प्रतिक्रिया

एक श्रद्धालु ने कहा – "मैं पहली बार ऐसा दृश्य देख रहा हूँ। जैसे शिव जी स्वयं आकाश में प्रकट हो गए हों। यह हमारे जीवन का सबसे विशेष पल बन गया।"वहीं एक अन्य श्रद्धालु ने कहा – "बिरसा मुंडा को इस तरह श्रद्धांजलि देना वास्तव में अद्भुत है। इससे नई पीढ़ी को भी अपने इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा।"

## डॉ. गोपाल कुमार सिंह की गरिमामयी सेवानिवृत्ति पर संताल परगना महाविद्यालय में विदाई समारोह आयोजित

दुमकाः संताल परगना महाविद्यालय, दुमका के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गोपाल कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर न केवल उनके शानदार शिक्षकीय जीवन का सम्मान करने का था, बल्कि उनके योगदान को याद करने का भी एक भावनात्मक क्षण रहा। डॉ. गोपाल कुमार सिंह ने राजनीति विज्ञान के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों तक शिक्षा एवं शोध के माध्यम से अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। वे न केवल एक श्रेष्ठ शिक्षक के रूप में छात्रों के प्रिय रहे, बल्कि एक प्रेरक मार्गदर्शक, कुशल प्रशासक और विद्वान चिंतक के रूप में भी संताल परगना महाविद्यालय की पहचान बने। समारोह की अध्यक्षता



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के पी यादव ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. गोपाल कुमार सिंह का शिक्षण एवं प्रशासनिक कार्यों में संयम, अनुशासन और दूरदृष्टि सराहनीय रही है। उन्होंने महाविद्यालय को एक शैक्षणिक संस्था के रूप में सुदृढ़ करने में अपना अहम योगदान दिया है। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसरों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भी भावभीनी शब्दों में डॉ. सिंह को अपनी शुभकामनाएं दीं। विभाग की ओर से उन्हें शॉल, एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। डॉ. गोपाल कुमार सिंह ने अपने विदाई भाषण में अत्यंत भावुक स्वर में सभी सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह संस्थान उनका दूसरा परिवार रहा है और यहां बिताए गए वर्षों की स्मृतियाँ हमेशा उनके जीवन का अमूल्य हिस्सा रहेंगी। उन्होंने युवा शिक्षकों और विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति निष्ठावान और समाज के प्रति उत्तरदायी रहने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ इंद्रनील मंडल ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. के बी टोप्पो ने किया। डॉ. गोपाल कुमार सिंह की विदाई निःसंदेह एक युग का समापन है, लेकिन उनकी शिक्षाएं, मूल्य एवं कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेंगी। महाविद्यालय परिवार उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ भविष्य की कामना करता है।

### प्रेमचंद सहित्य संदेश देता है कि मनुष्यता तो मनुष्य के भीतर होती है : दिवाकर महतो

दुमकाःसर्वेश्वर यादव उच्च विद्यालय दलाही के प्रांगण में गुरुवार को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द जयन्ती के अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो, विशिष्ट अतिथि डॉ कौशल कुमार,मधुसुदन महतो,अनंत प्रिय सेन,सुकुमार लायक, काशीनाथ महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया.इसके पश्चात मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सबों ने नमन किया.विद्यालय के छात्र छात्रा ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी.मुख्य अतिथि झारखण्ड राज माध्यम शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो ने कहा प्रेमचंद सहित्य संदेश देता है कि मनुष्यता तो मनुष्य के भीतर होती है, उसे जरूरत है जगाने की.विद्यालय में प्रेमचन्द जयन्ती मनाना छात्र छात्राओ के लिए प्रेरणास्त्रोत है.मुंशी प्रेमचंद की साहित्य पीडित एवं बंचित एवं शोषित को मुक्ति पाने का एक सशक्त मार्ग है. उनके आवाज बुलन्द करने के लिए कई रचनाएं व काव्यों विधमान है. उपरोक्त सभी अतिथियों ने मुंशी प्रेमचंद जयन्ती पर प्रकाश डाला.कहा कि प्रेमचंद कथा सम्राट थे.उनके एक एक एक रचना जीवन जीने के मार्ग को प्रशस्त करता है.मुख्य अतिथियों ने प्रभारी प्राचार्य काशीनाथ महतो को प्रेमचंद जी के लिखित किताब व शॉल प्रदान कर सम्मनित किया.बच्चों के द्वारा कई प्रकार के संगीत व नाटक मंचयन किया. बच्चों के मंचयन से लोग आकर्षित हुए.मौके पर अनन्त प्रिय सेन, सुकुमार लायक, रोज मेरी हांसदा,षष्टी पद मंडल, शिवाजी कुमार सिंह,शिवलाल मोहली मौजुद थे।

### किसानों को दी गई बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की विस्तृत जानकारी

दुमकाःजामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत के मचाडीह गांव में गुरुवार को ग्राम प्रधान भरीलाल दर्वे के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषक मित्र इंद्रकांत यादव के द्वारा उपस्थित किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना खरीफ में आवेदन करने के लिए आग्रह किया गया।इस दौरान उपस्थित किसानों को फसल बीमा योजना खरीफ का आवेदन पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर राजेश हांसदा, लुखीराम मुर्मू, अनिल मुर्मू, फूल हांसदा, फुलमनी सोरेन, बबलू मुर्मू रामेश्वर हेंब्रम, सोनाराम हेंब्रम ,चांदमुनी किस्कू आदि दर्जनों किसान मौजूद थे।

## एसपी कॉलेज में हिंदी विभाग के द्वारा प्रेमचंद जयंती का आयोजन

दुमकाःसंथाल परगना महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा प्रेमचंद जयंती का आयोजन किया गया। हिंदी के प्रमुख कथाकार एवं चिंतनकर्ता प्रेमचंद की जयंती को मनाने के लिए इस वर्ष हिंदी विभाग ने आज युवाओं के लिए प्रेमचंद विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में संत जेवियर महाविद्यालय महारो के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ महेश देव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य डॉक्टर केपी यादव ने मुख्य वक्ता को अंग वस्त्र और पौधा देकर उनका स्वागत किया। विभाग अध्यक्ष प्रो पुष्पा सोरेन ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया तथा प्रेमचंद की रचनात्मक वैशिष्ट्य पर प्रकाश डाला। विषय के संदर्भ में मुख्य वक्ता डॉ महेश देव ने कहा कि प्रेमचंद हमेशा प्रासंगिक रहे हैं। इसी कारण से वह युवाओं को प्रेरणा प्रदान करते हैं, उनकी रचनाओं के माध्यम से आज के युवा संवेदनशील होते हैं और समाज के अनेक प्रसंगों की जानकारी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के पी यादव ने कहा कि हमारा समाज में भेदभाव के अनेक तत्व विद्यमान है। प्रेमचंद उनको अपनी रचनाओं के माध्यम से बड़े गहरे जा करके दिखाते हैं। आज की वह जिस तरह से तेजी से भाग रहे हैं उनको ठहरकर सोचने के लिए प्रेमचंद अपनी रचनाओं के माध्यम से एक स्थान देते हैं। महाविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ कुमार सौरभ ने प्रेमचंद की रचनाओं का उल्लेख करते हुए यह बताया कि कैसे उनके जीवन पर सामाजिक समझ निर्मित करने के लिए उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ कमल शिवाकांत हरि ने अपनी बात रखते हुए कहा कि प्रेमचंद अपने रचना काल के समय से लेकर आज तक प्रासंगिक हैं इसलिए हमें उन्हें ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का विषय प्रवेश विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ यदुवंश यादव ने कराया और उन्होंने यह बताया कि आज के युवा को सामाजिक मूल्य समझने के लिए प्रेमचंद को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना चाहिए। उनकी रचनाओं में सामाजिक जवाबदेही का यथार्थ दिखाई पड़ता है इसलिए जब हम अपनी जिम्मेदारी को तलाश रहे होते हैं और विभिन्न प्रकार के संवेदना से होते हुए खुद को खोज रहे होते हैं तब प्रेमचंद अपनी रचनाओं के द्वारा उपस्थित होते हैं और हमें उदाहरण प्रदान करते हैं इसलिए प्रेमचंद को आज ज्यादा से ज्यादा पढ़े जाने की आवश्यकता है।

### सभी विद्यालयों में युद्ध स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाने का निर्देश

दुमकाःजिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जामा ने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सभी विद्यालयों में एक पेड़ मां के नाम अभियान युद्ध स्तर पर चलाने का और सफल बनाने का निर्देश दिया है। इस कार्यक्रम को अमली जामा पहनाने के लिए सभी संकुल साधन सेवी को लक्ष्य दिया गया है और संकुल साधन सेवी के नेतृत्व में अधिकांश विद्यालयों के खाली जमीन पर पौधा लगाया जा रहा है।प्रखंड साधन सेवी विरेंद्र नारायण अंबष्ट ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण निर्माण हेतु एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है और संकुल साधन सेवी को लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार विद्यालय सचिव को विद्यालय परिसर में बच्चों के साथ मिलकर अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत बच्चों से पौधा रोपण कराया जाना है। विद्यालय परिसर में जहां खाली जमीन है वहां पौधा लगाना है अगर विद्यालय परिसर में खाली जमीन नहीं है तो बच्चे अन्य खाली जमीन पर पौधा रोपण कर सकते हैं। एक पेड़ अपनी मां के नाम से लगाकर और मां के साथ फोटोग्राफ लेकर पोर्टल पर अपलोड करना है। इस कार्यक्रम में सभी सीआरपी को लक्ष्य निर्धारित किया गया है और तय समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

### घर में घुसा तेज रफ्तार हाईवा टेलर, कोई हताहत नहीं

दुमकाःरामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ दुमका मुख्य मार्ग पर मजडीहा मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार हाईवा टेलर असंतुलित होकर इसहाक टुडू के घर में घुस गया।हालांकि घटना के वक्त घर के सभी लोग खेत में काम करने गए हुए थे, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में चालक एवं खलासी भी बाल बाल बच गए हैं। हालांकि मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो रामगढ़ की ओर से काफी तेज रफ्तार से जा रहा हाईवा टेलर पर से मजडीहा मिशन के पास घुमावदार मोड़ होने के कारण चालक द्वारा संतुलन खो देने के कारण यह घटना हुई है।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शुक्रवार 01 अगस्त, 2025, वर्ष : 34, अंक : 127, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

PR No. 358701 (IPRD) 2025-26

झारखण्ड आदिवासी महोत्सव
9, 10, 11 अगस्त मोरहाबादी मैदान, रांची
2025
जहाँ बोलना ही संगीत और चलना है नृत्य

लोक चित्रकला की समृद्ध परम्परा
सर्वप्रथम हमने शिलाओं पर उकेरी आकृतियां



सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार


## संक्षिप्त खबरें

### इस साल अतिवृष्टि हुई है, सदन में होगी सार्थक चर्चा : हेमन्त सोरेन

रांची(ईएमएस)।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि बारिश के बीच मॉनसून सत्र आहुत किया गया है। स्पीकर से इसकी तिथि मुकर्रर कर दी है। यह सत्र काफी महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सभी सदस्यों ने अतिवृष्टि को करीब से देखा है।वे सार्थक चर्चा के साथ अपनी बातों को रखेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरूवार को स्पीकर द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहर के हों या गांव के लोग सरकार जनता के प्रति संवेदनशील है। उम्मीद करते हैं कि विपक्ष भी सरकार को सहयोग करेगा।गुरुजी के तबियत के सवाल पर सीएम ने कहा कि वे हॉस्पिटल में हैं। कामना करते हैं कि वे जल्द से जल्द ठीक हों। फिलहाल डॉक्टरों ने स्पष्ट रूप से नहीं कहा है कि कितना वक्त लगेगा।वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। ऑपरेशन सिंदूर के सवाल पर कहा कि यह देश का विषय है। देश के सर्वोच्च मंदिर में इसकी चर्चा हो रही है।यह अच्छी बात है।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा विधायक दल की बैठक एक अगस्त को आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पार्टी मानसून सत्र के लिए अपने एजेंडे को अंतिम रूप देगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्ष सरकार को कई मुद्दों पर घेरेगा और उसके कामकाज को लेकर सवाल उठाएगा।नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा हमेशा से सरकार के कामकाज को लेकर सवाल उठाती रही है। पार्टी के विधायक सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करते रहे हैं और जनता के हितों की रक्षा के लिए काम करते हैं।भाजपा मानसून सत्र के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### राष्ट्रपति के आगमन के पूर्व किया गया कॉरकेड रिहर्सल

धनबाद(ईएमएस)।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के धनबाद आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को राष्ट्रपति के कॉरकेड का फाइनल रिहर्सल किया गया, जिनमें दो दर्जन से अधिक वाहनों को बरवाअड्डा स्थित एयर स्ट्रिप से आईआईटी आईएसएम तक लाया गया।चयनित मार्ग बरवाअड्डा से मेमको मोड़, धैया, बरटांड, सिटी सेंटर, रणधीर वर्मा चौक, हटिया मोड, पुलिस लाइन से होते हुए सभी वाहन आईआईटी कैंपस में दाखिल हुए। इस दौरान मुख्य मार्ग से जुड़े हुए सभी सर्विस लेन और कनेक्टिंग लेने को बैरिकेड कर बंद कर दिया गया था। लगभग 1 घंटे के रिहर्सल के दौरान शहर में वाहनों की लंबी कतारें देखी गई।

### झारखंड में सक्रिय है मॉनसून, अगले 5 दिन इन जिलों में भारी बारिश

रांची : झारखंड में मॉनसून पूरी तरह से सक्रिय है. मौसम विभाग ने झारखंड के उत्तरी-मध्य एवं उत्तर-पूर्वी भागों के कुछ जिलों में भारी वर्षा की संभावना जताई है. 1 अगस्त यानि शुक्रवार को हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर और दुमका जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. इन जिलों में तेज हवाओं के साथ वर्षा और वज्रपात होने की भी संभावना है. हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है. मॉनसून ट्रफ अभी राजधानी रांची से गुजर रहा है, जिसकी वजह से राज्य में बारिश जारी रहने की संभावना है. इसके अलावा बंगाल और उससे सटे बांग्लादेश में चक्रवात बना हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहेगी. 31 जुलाई 2025 तक का मौसम विभाग का रिकॉर्ड बताता है कि मॉनसून के इस सीजन में अब तक 508.2 मिलीमीटर की बजाय 760.7 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है, जो सामान्य से 50 फीसदी अधिक है. यानी झारखंड में मानसून सामान्य से डेढ़ गुणा ज्यादा बरस चुका है. राजधानी रांची में शुक्रवार को आसमान में बादल छाये रहेंगे और दो बार या इससे अधिक बार हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हो सकती है. रांची का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की संभावना है.

### खुशबू सुंदर तमिलनाडु भाजपा की उपाध्यक्ष बनीं

चेन्नई(ईएमएस)। भाजपा ने खुशबू सुंदर को तमिलनाडु में पार्टी के उपाध्यक्षों में से एक नियुक्त किया है। पार्टी पदाधिकारियों में यह फेरबदल तमिलनाडु में होने वाले 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले हुआ है। भाजपा ने बुधवार को तमिलनाडु में 14 उपाध्यक्षों की घोषणा की है। इनमें खुशबू सुंदर, एम चक्रवर्ती, वीपी दुरईसामी, केपी रामलिंगम, कारू नागराजन, शशिकला पुष्पा, पी कनागसाबापति, डॉल्फिन श्रीधरन, एजी संपत, आरसी पॉल कनगराज, आरएन जयप्रकाश, मा वेंकटेशन, के गोपालसामी और एन सुंदर शामिल हैं। खुशबू सुंदर ने बुधवार को एक एक्स पोस्ट शेयर करते हुए इस मौके के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी राज्य प्रमुख नैनार नागेंथिरन को धन्यवाद दिया है।

### एअर इंडिया के एक और विमान में आई तकनीकी खराबी, लंदन जाने वाली उड़ान की गई रद्द

नई दिल्ली : एअर इंडिया के विमानों में तकनीकी खामियों की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। गुरुवार को एअर इंडिया के लंदन जाने वाले विमान ने तकनीकी खामी के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर उड़ान भरने से पहले टेकऑफ को रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया, 31 जुलाई को दिल्ली से लंदन जाने वाली उड़ान संख्या AI2017 संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई। कॉकपिट क्रू ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उड़ान को रोकने का फैसला किया और एहतियाती जाँच के लिए विमान को वापस ले जाया गया है।

प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द लंदन ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान तैनात किया जा रहा है। हमारा ग्राउंड स्टाफ इस अप्रत्याशित देरी के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए यात्रियों की हर संभव सहायता और देखभाल प्रदान कर रहा है।

एक सूत्र के अनुसार इस उड़ान में बोइंग 787-9 विमान का इस्तेमाल किया गया था। विमान में सवार यात्रियों की संख्या के बारे में तुरंत जानकारी नहीं मिल सकी। हाल के हफ्तों में एअर इंडिया के विमानों से जुड़ी कई समस्याएं सामने आई हैं और एयरलाइन नियामकीय जांच के दायरे में भी आई है। बता दें कि 12 जून को लंदन जा रहा एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर बोइंग 787-8 विमान अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत एक इमारत से टकरा गया था। जिसमें 260 लोग मारे गए थे।

## देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# छात्रों को किया सम्मानित



देवघर : देवघर में गुरूवार का दिन एक ऐतिहासिक क्षण रहा। जब देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देवघर एम्स के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। AIIMS के प्रथम दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों 48 एमबीबीएस में से चार को मेडल और पांच को उपाधि दिया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देवघर एम्स से उनका एक खास नाता रहा है। राष्ट्रपति ने भावुक होते हुए कहा कि जब 25 मई 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संस्थान का शिलान्यास किया था, तब वह झारखंड की राज्यपाल थीं और आज इस पहले दीक्षांत समारोह की साक्षी बनने का अवसर भी उन्हें मिला है।डॉक्टरों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि देवघर, जो भगवान भोलेनाथ की नगरी है, वहां एम्स की स्थापना वास्तव में "शिव और शक्ति" दोनों के प्रतीक के रूप में है। उन्होंने कहा — "मैं भगवान को मानती हूं, लेकिन भगवान बिना हाथ-पैर के होते हैं, आप सभी डॉक्टर उनके हाथ-पैर हैं।"राष्ट्रपति ने कहा कि लोग आज वेदों और गीता से ज्यादा डॉक्टरों की सलाह पर भरोसा करते हैं।उन्होंने बताया कि एम्स देवघर ने बीते 6 वर्षों में 5 आदिवासी गांवों को गोद लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे और भी गांवों को गोद लेकर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। "भगवान ने आप सभी को सेवा के लिए हाथ-पैर दिए हैं, इस जिम्मेदारी को निभाइए बाबा नगरी में राष्ट्रपति का यह दौरा, न सिर्फ गर्व का विषय रहा बल्कि स्वास्थ्य और सेवा के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार भी किया।

#### संताली रिति रिवाजों से हुआ स्वागत

राष्ट्रपति के स्वागत के लिए देवघर एयरपोर्ट पर विशेष तैयारी की गयी थी। एयरपोर्ट के बाहर संताली रिति रिवाजों और परंपराओं के अनुसार स्वागत की तैयारी दिखी। एयरपोर्ट में राष्ट्रपति की अगुवाई के लिए राज्यपाल संतोष गंगवार और राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

#### दो दिवसीय दौरे पर राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दो दिवसीय झारखंड दौरे के पहले दिन वो देवघर में थी, जहां उन्होंने एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। देर शाम वो रांची लौट आयीं और एयरपोर्ट से सीधे राजभवन के लिए रवाना हो गयी। राष्ट्रपति राजभवन में रात्री विश्राम करेंगी और दूसरे दिन यानि शुक्रवार को वो धनबाद के आईआईटी-आईएसएम के 45 वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

### रांची पहुंची राष्ट्रपति, राजभवन में करेंगी रात्रि विश्राम

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। गुरुवार को देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के बाद रांची पहुंची। वे राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी और शुक्रवार यानि एक अगस्त को धनबाद के लिए रवाना होंगी।एक अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बरवाअड्डा हवाई अड्डा (धनबाद) पहुंचेंगी। वहां से सीधे आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के लिए रवाना होंगी।जहां वे 45 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।यह कार्यक्रम सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर निर्धारित है।राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए धनबाद हवाई पट्टी क्षेत्र को 32 घंटे के लिए नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। इस दौरान ड्रोन, हॉट एयर बैलून और पैराग्लाइडर उड़ाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए गए हैं और उनके अवकाश को रद्द कर दिया गया है।

## झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र स्पीकर ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

### सकारात्मक व रचनात्मक विमर्श पर जोर



रांची (ईएमएस)। झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र को लेकर गुरुवार को स्पीकर अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई।इसमें सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, राधाकृष्ण किशोर, प्रदीप यादव अरूप चटर्जी सहित अन्य शामिल हुए।बैठक में सदन के कार्य संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ, जिसमें यह सुनिश्चित करने की कोशिश की गई कि सदन का वातावरण सौहार्दपूर्ण बना रहे और जनहित के मुद्दों पर गहन चर्चा हो सके।विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने भी सत्र के दौरान अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की अपील की।उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और नीतिगत चर्चाओं के लिए अवसर प्रदान करता है, ऐसे में सभी दलों की रचनात्मक सहभागिता अपेक्षित है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्र के दौरान सदन में शालीन, सकारात्मक और रचनात्मक विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी दलों से अपेक्षा जताई कि वे जनहित के मुद्दों पर चर्चा को प्राथमिकता देंगे और सत्र को सार्थक बनाने में सहयोग करेंगे।इस बार का मॉनसून सत्र सात दिनों का होगा, जिसमें पांच कार्य दिवस होंगे। इस दौरान महत्वपूर्ण विधायी कार्यों और नीतिगत चर्चाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नेताओं की यह समन्वय बैठक सत्र को शांतिपूर्ण और प्रभावी रूप से संचालित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है। इस सत्र में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, जो राज्य के विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### कुवैत से झारखंडी प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो का पार्थिव शरीर रांची पहुंचा

रांची : झारखंड सरकार के श्रम विभाग एवं राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, रांची की सक्रिय पहल से कुवैत में दिवंगत प्रवासी श्रमिक रामेश्वर महतो का पार्थिव शरीर गुरुवार अपराह्न 3:45 बजे रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर लाया गया. हवाई अड्डा पर मृतक के पुत्र किशोर महतो एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने पार्थिव शरीर को प्राप्त किया. राज्य सरकार के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन द्वारा शव को हजारीबाग जिले के उनके पैतृक गांव बंडखरो (प्रखंड विष्णुगढ़) तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है. विदेश में कार्यरत प्रवासी श्रमिकों की सहायता के लिए गठित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को मृतक की पत्नी प्रमिला देवी द्वारा 19 जून 2025 को पार्थिव शरीर की स्वदेश वापसी के लिए अनुरोध किया गया था. इसके बाद भारतीय दूतावास, कुवैत और रांची स्थित प्रवासी संरक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर प्रक्रिया आरंभ की गई. प्रारंभ में परिजनों ने अंतिम वेतन भुगतान के बिना पार्थिव शरीर स्वीकार करने से इनकार कर दिया था.

### झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा आदेशः प्रेशर हॉर्न, फ्लैग रॉड और गैरकानूनी लाइट्स पर पूरी तरह प्रतिबंध

रांची,(ईएमएस)। झारखंड में सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण को लेकर उच्च न्यायालय ने एक सख्त कदम उठाया है। झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आदेश दिया है कि राज्य में प्रेशर हॉर्न, मल्टी-टोन हॉर्न, फ्लैग रॉड और अनाधिकृत अतिरिक्त लाइटों वाले वाहन अब नहीं चलेंगे। कोर्ट ने इन सभी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया है। पीठ ने साफ कहा है कि झारखंड की सड़कों पर अब ऐसे वाहन नहीं दिखने चाहिए जिनमें आपातकालीन वाहनों की तरह लाल और नीली लाइट लगी हो। अदालत ने प्रशासन को यह भी निर्देश दिया कि राजनीतिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े वाहनों पर लगे झंडे और फ्लैग रॉड भी तत्काल हटाए जाएं, चाहे वह किसी भी पार्टी या संप्रदाय से संबंधित क्यों न हो। अदालत ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, साथ ही केंद्रीय मोटर वाहन नियमों का अक्षरशः पालन अनिवार्य है। इसके तहत, रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग बिना अनुमति के पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

#### ध्वज संहिता के पालन का निर्देश

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि सार्वजनिक वाहनों पर झंडों और फ्लैग रॉड का इस्तेमाल भारत के झंडा संहिता के प्रावधानों के अनुरूप ही होना चाहिए। अदालत ने प्रशासन से कानून का सख्ती से पालन कराने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। इस आदेश से राज्यभर में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। जहां एक ओर पर्यावरण कार्यकर्ता और कानून पालन करने वाले नागरिक इस कदम की सराहना कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों को यह 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' पर अंकुश के रूप में भी लग रहा है। फिलहाल, अदालत के इस आदेश के बाद परिवहन विभाग और पुलिस को सड़कों पर नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान कर कार्रवाई करनी होगी, ताकि झारखंड की सड़कें अधिक सुरक्षित और शांत बन सकें।

# उपराष्ट्रपति चुनाव-2025 के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार, चुनाव आयोग ने की घोषणा

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि उसने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल की अंतिम सूची तैयार कर ली है। यह चुनाव जगदीप धनखड़ के उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के कारण जरूरी हो गया है। भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

आयोग ने एक बयान में कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। अधिसूचना जारी होने की तिथि से यह सूची चुनाव आयोग के कार्यालय में बनाए गए विशेष काउंटर पर खरीदी जा सकेगी। अधिसूचना जल्द ही जारी होने की संभावना है।

धनखड़ ने 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनके कार्यकाल की समाप्ति में अभी दो साल से ज्यादा का समय बाकी था। उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए 21 जुलाई को अपने इस्तीफे में लिखा, स्वास्थ्य का ध्यान रखने और चिकित्सकों की सलाह का पालन करने के लिए मैं संविधान के अनुच्छेद 67(क) के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

धनखड़ के इस्तीफे के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। हालांकि धनखड़ ने अपने पांच साल के कार्यकाल के केवल दो साल के भीतर इस्तीफा दिया, फिर भी उनके उत्तराधिकारी को पूरा पांच साल का कार्यकाल मिलेगा, न कि शेष बचा हुआ समय।




भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत चुनाव आयोग को उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने का अधिकार है। अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य और राज्यसभा के मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव आयोग की प्रेस विज्ञप्ति में आगे बताया गया कि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम, 1974 के नियम 40 के तहत, आयोग को निर्वाचन मंडल की अपडेटेड सूची तैयार करनी होती है, जिसमें सभी सदस्यों के नवीनतम पते भी शामिल होते हैं। इसलिए आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 के लिए निर्वाचक मंडल की सूची तैयार कर ली है। इसमें सभी लोगों के नाम उनके राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के नाम के हिसाब से अक्षरवार (वर्णानुक्रम) और नंबर के साथ दर्ज किए गए हैं।

संविधान के अनुच्छेद 68 के खंड दो के अनुसार, उपराष्ट्रपति के निधन, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने या अन्य किसी कारण से होने वाली रिक्ति को भरने के लिए चुनाव 'यथाशीघ्र' कराया जाएगा। रिक्ति को भरने के लिए निर्वाचित व्यक्ति अपने 'पदभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की पूर्ण अवधि तक' पद धारण करने का हकदार होगा। अधिसूचना जारी होने के दिन (मतदान के लिए निर्वाचक मंडल को बुलाना) से मतदान के दिन तक 30 दिन की अवधि निर्धारित है। कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति के रूप में तब तक निर्वाचित नहीं हो सकता जब तक कि वह भारत का नागरिक न हो, 35 वर्ष की आयु पूरी न कर चुका हो और राज्यसभा के सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के योग्य न हो।

आगामी चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बढ़त हासिल है। 543 सदस्यीय लोकसभा में पश्चिम बंगाल के बशीरहाट की एक सीट रिक्त है, जबकि 245 सदस्यीय राज्यसभा में पांच रिक्तियां हैं। राज्यसभा की पांच रिक्तियों में से चार जम्मू-कश्मीर से और एक पंजाब से है। पंजाब की यह सीट पिछले महीने हुए उपचुनाव में राज्य विधानसभा के लिए चुने जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजीव अरोड़ा के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी।

# श्रीलंका सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक का दौरा, जीविका योजना को बताया वैश्विक उदाहरण



पटना : बिहार सरकार की 'सतत जीविकोपार्जन योजना' के तहत चल रहे गरीबी उन्मूलन के कार्यों को देखने के लिए श्रीलंका सरकार और एशियन डेवलपमेंट बैंक का प्रतिनिधिमंडल बिहार के दौरे पर आया। इस दौरान पटना सचिवालय में एक डिब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिनिधिमंडल को योजना की जानकारी दी गई। सत्र की शुरुआत जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने सतत जीविकोपार्जन योजना की रूपरेखा और इसके तहत किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना का मकसद अत्यधिक गरीब परिवारों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। श्रीलंका और एडीबी के 28 सदस्यीय दल ने गया जिले का भी दौरा किया, जहां उन्होंने इस योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और उनके आजीविका से जुड़े प्रयासों को करीब से देखा। श्रीलंका सरकार की ओर से ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एच.टी.आर.एन. पियासेन ने अपने अनुभव साझा करते हुए योजना की सराहना की और कहा कि बिहार से मिले अनुभव श्रीलंका में गरीबी उन्मूलन की दिशा में मददगार हो सकते हैं।इस अवसर पर बिहार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि बिहार के मॉडल को देखने अन्य देश रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अनुभव दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करेगा और वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन की दिशा में नई संभावनाएं खोलेगा। बिहार के विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीलंका और बिहार सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के काफी करीब हैं। उन्होंने कहा कि जीविका ने समाज के हाशिए पर खड़े परिवारों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। यह मॉडल महिलाओं की सामूहिक भागीदारी, पारदर्शिता और नवाचार पर आधारित है।बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने बताया कि सतत जीविकोपार्जन योजना वर्ष 2018 में शुरू की गई थी और अब तक राज्य के करीब 2.1 लाख अत्यंत गरीब परिवारों को इसका लाभ मिल चुका है। उन्होंने बताया कि हाल ही में सरकार ने महिलाओं को आर्थिक मदद देने के उद्देश्य से 'जीविका निधि' नामक सहकारी संघ का गठन भी किया है। साथ ही वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय सह स्मृति स्तूप का उद्घाटन भी इस सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है।कार्यक्रम के अंत में जीविका के विशेष कार्य पदाधिकारी राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि जैसे भगवान बुद्ध भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक सेतु हैं, उसी तरह सतत जीविकोपार्जन योजना गरीबी के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों को एकजुट कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के अधिकारी यहां आकर इस योजना से सीख सकते हैं और भारत के लोग वहां जाकर उनके अनुभव से लाभान्वित हो सकते हैं।गौरतलब है कि इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम जीविका, ब्रॉक इंटरनेशनल और बंधन कोन्नगर द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बिहार आकर सतत जीविकोपार्जन योजना के कार्यों को देखते हैं और उसे अपने देशों में लागू करने की दिशा में विचार करते हैं। अब तक इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका और इथियोपिया जैसे देशों के प्रतिनिधि भी बिहार आकर इस योजना का अध्ययन कर चुके हैं।

## जितवारपुर हत्या कांड का खुलासा, हत्या के आरोपित को पिस्टल व जिंदा गोली के साथ किया गया गिरफ्तार



समस्तीपुर : समस्तीपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर में 24 जुलाई को हुई युवक की हत्या मामले का समस्तीपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से एक पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। गुरुवार को समस्तीपुर सदर के डीएसपी संजय कुमार पांडे ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 24 जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे जितवारपुर चांदनी चौक स्थित ग्रामीण पेठिया में सुमित कुमार उर्फ गुड्डू महाकाल (22 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई हरिओम कमल के बयान पर मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 318/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। डीएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने दरियापुर लगुनिया रघुकंद से प्रिंस कुमार उर्फ रामदेव को गिरफ्तार किया। वह जितवारपुर चौक का निवासी है।पूछताछ के दौरान आरोपी ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि मृतक सुमित तीन महीने पहले उसके पिता की हत्या के एक मामले में जेल से जमानत पर छूटकर आया था और उस मामले में सुलह करने का दबाव बना रहा था। इसी रंजिश में उसने सुमित की हत्या कर दी। गिरफ्तारी के वक्त आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा गोली बरामद की गई है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### 10 नाबालिग बच्चियों को अगवा करने का प्रयास विफल, आरोपी गिरफ्तार

#### कुछ बच्चियों ने विरोध कर शोर मचाना शुरु कर दिया

पटना,(ईएमएस)। बिहार के बेतिया में चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक व्यक्ति ने 10 नाबालिग बच्चियों को अगवा करने का प्रयास किया। यह घटना देर रात बहुअरवा खुर्द गांव में घटी। गाँव की बच्चियां एक साथ मेला देखने गई थीं, तभी हसमुद्दीन मियां नामक युवक ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उन्हें पहले पैसे और मिठाइयों का लालच दिया। इसके बाद, वह बच्चियों को बहला-फुसलाकर मेले से दूर एक सुनसान जगह पर ले जाने की कोशिश करने लगा। इस दौरान कुछ बच्चियों को युवक की मंशा पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत विरोध करना शुरू कर दिया। आरोप है कि हसमुद्दीन ने बच्चियों के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की और उन्हें खींचने लगा। लेकिन साहसी बच्चियों ने शोर मचाया और एक बच्ची ने आरोपी हसमुददीन के हाथ पर दाँत काट लिया। इसके बाद सभी बच्चियां वहाँ से भाग निकलीं और सीधे अपने गाँव पहुँचीं।इसके बाद घटना की जानकारी मिलते ही गाँव में आक्रोश फैल गया। परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर पुलिस को सूचना दी। जब तक ग्रामीण आरोपी के घर पहुँचे, वहां फरार हो चुका था। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हसमुद्दीन मियां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ जारी है और मामले की जाँच की जा रही है।

### बिहार चुनाव से पहले सियासत गरमाई: मुकेश सहनी बोले, 60 सीटों से कम मंजूर नहीं

पटना,(ईएमएस)। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले सियासत गरमा गई है। महागठबंधन के भीतर सीट बंटवारे को लेकर खींचतान तेज हो गई है। विकासशील इंसान पार्टी (व्हीआईपी) के प्रमुख मुकेश सहनी ने दो टूक ऐलान किया है कि उनकी पार्टी 60 सीटों से कम पर चुनाव नहीं लड़ेगी। मुकेश सहनी ने साफ कहा है, कि हम बिहार की 243 सीटों में से 60 पर लड़ेंगे, बाकी सीटों पर महागठबंधन के अन्य दल मैदान में उतरेंगे। अगर चुनाव के बाद महागठबंधन सरकार बनाती है, तो मैं उपमुख्यमंत्री बनूंगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ही अकेली ऐसी पार्टी है जो 100 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सहनी ने कहा कि अभी सीट बंटवारे पर बातचीत जारी है और अगले दो हफ्ते में तस्वीर साफ हो जाएगी। सीट शेयरिंग के बाद ही मुख्यमंत्री चेहरे का ऐलान होगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पिछले चुनाव में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन लड़ा था, लेकिन इस बार कांग्रेस और अन्य सहयोगियों की राय भी अहम होगी।मुकेश सहनी ने भारतीय जनता पार्टी को लेकर कहा, कि बीजेपी की नजर मुझ पर इसलिए है क्योंकि मेरे पास वोट ट्रांसफर कराने की ताकत है। हालांकि, हम अभी भी महागठबंधन की नीतियों के साथ खड़े हैं।इस बीच बिहार कांग्रेस के विधायक संतोष मिश्रा ने भी सीट बंटवारे को लेकर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, कि कांग्रेस 90 सीटों का कॉम्बिनेशन बनाकर चल रही है, और कम से कम 70 सीटों पर चुनाव लड़ना तय है। अगर जरूरत पड़ी तो दीवार पर लिख देंगे कि कांग्रेस 70 सीट से कम पर चुनाव नहीं लड़ेगी।कुल मिलाकर बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के अंदर सीटों को लेकर रस्साकशी शुरू हो चुकी है। जहां एक ओर मुकेश सहनी 60 सीटों और उपमुख्यमंत्री पद की मांग पर अड़े हैं, वहीं कांग्रेस भी 70 से कम सीट न स्वीकारने की चेतावनी देती नजर आ रही है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में महागठबंधन किस फार्मूले पर एकमत होता है।

# एक ही रात में तीन घरों में लाखों की चोरी चुपचाप उड़ा ले गए नकदी व जेवर



पटना : अथमलगोला थाना क्षेत्र के दक्षिणीचक गांव में बुधवार की देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। एक ही रात में गांव के तीन घरों में शातिर चोरों ने लाखों रुपये नकद व जेवरात की चोरी कर ली। चोरी के बाद चोरों ने सामानों की छंटनी गांव से लगभग 50 मीटर दूर खेत में की और बेकार समझ कर कुछ सामान वहीं फेंककर फरार हो गए। चोरों ने एक घर से सिगरेट भी चुराई और उसे खेत में बैठकर पीने के प्रमाण भी छोड़े हैं। पीड़िता प्रतिमा देवी ने बताया कि घटना के वक्त वह किसी काम से बाढ़ गई हुई थीं। घर में सिर्फ एक वृद्ध महिला और एक बच्चा सोए हुए थे। रात करीब 2 बजे जब वृद्धा की नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। उनके मुताबिक चोर दो बक्से उठाकर 50 मीटर दूर खेत में ले गए थे और वहीं खोलकर चना, मूंग समेत अन्य सामान फेंक दिया। चोरों ने बक्से में रखे करीब 50 हजार रुपये नकद, दो सिकरी, पांच जितिया, दो लॉकेट, एक मंगलसूत्र, दो चांदी की चूड़ियां, एक पायल समेत करीब पांच भर सोने के गहनों की चोरी की।उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी रात में ही थाना को फोन कर दी गई, लेकिन पुलिस ने कहा कि पहले आवेदन दें, उसके बाद ही जांच की जाएगी। अब तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है। वहीं, पीड़ित बबलू कुमार ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे उन्होंने देखा कि घर और दुकान का दरवाजा खुला हुआ है और अंदर का सामान बिखरा पड़ा है। दुकान से 96,500 रुपये नकद, सिगरेट, बिस्किट सहित कई वस्तुएं चोरी कर ली गईं। इसके अलावा घर से सोने की हसूली, चेन, बाला समेत अन्य आभूषण भी गायब थे। कुल मिलाकर करीब तीन लाख रुपये की संपत्ति चोरी हुई है। बबलू ने यह भी बताया कि खेत में जिस जगह पर बक्सा फेंका गया था, वहां सिगरेट के जले हुए टुकड़े और राख भी मिले हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि चोरों ने चोरी के बाद वहीं बैठकर सिगरेट पी। तीसरी पीड़िता इंदु देवी ने बताया कि रात में वह 12 बजे तक जगी हुई थीं। फिर रात 3 बजे जब नींद खुली, तो देखा कि दो मोबाइल का टॉर्च जल रहा है। पहले उन्हें लगा कि बहू-बेटे के विवाद के कारण बेटा छत पर सो गया होगा और मोबाइल नीचे छूट गया है। लेकिन जब उन्होंने देखा कि गोदरेज का सामान बिखरा पड़ा है, तो उन्हें चोरी का शक हुआ। छानबीन के दौरान घर के छत पर गहनों का पर्स फेंका मिला, जबकि खेत में एक अटैची पड़ी मिली जिसमें रोल गोल का हार रखा हुआ था, जिसे चोरों ने नहीं लिया। उनके घर से करीब तीन भर सोना, 30 भर चांदी और 10 हजार रुपये नकद की चोरी हुई है। शोर मचाने पर ग्रामीण जमा हो गए। बाद में पता चला कि गांव के अन्य दो घरों में भी चोरी हुई है। एक घर का मोबाइल उनके घर में ही चोर छोड़कर चले गए थे। लगातार तीन घरों में एक ही रात हुई चोरी से गांव में दहशत का माहौल है। वहीं, पुलिस की सुस्ती को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। पीड़ितों का कहना है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने अब तक घटनास्थल का मुआयना नहीं किया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी की जाए और गांव में रात्रि गश्त को बढ़ाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

### महुआ पहुंचे तेज प्रताप यादव, मंदिर में की पूजा

वैशाली : राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तेज प्रताप यादव सोमवार को अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र महुआ पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्होंने महुआ की धरती को नमन किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। तेज प्रताप यादव ने सबसे पहले राधा बिहारी गजेन्द्र मंदिर में पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे महुआ विधानसभा क्षेत्र के सात अलग-अलग स्थानों पर जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। उनकी यह यात्रा राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई है, खासतौर पर हाल ही में दिए गए उनके "जयचंद" वाले बयान के बाद। तेज प्रताप यादव ने वर्ष 2015 में पहली बार महुआ से राजद के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज कर विधायक बने थे। नीतीश सरकार में उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

## करंट लगने से युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम



सीवान : सीवान जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के अयोध्यापुरी मोहल्ले में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में पेंटिंग का काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहिदीनपुर गांव निवासी अली अहमद के 25 वर्षीय पुत्र बुल्ला खान के रूप में की गई है। वह पेशे से पेंटर था और अयोध्यापुरी में स्थित एक नवनिर्मित मकान में रंगाई का कार्य कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, जिस मकान में बुल्ला काम कर रहा था, उसके अंदर से हाई वोल्टेज बिजली का एक नंगा तार गुजर रहा था। काम के दौरान बुल्ला गलती से उस विद्युत प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार झटका लगा और वह छत से नीचे सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे उठाकर सिवान सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। उनका आरोप है कि मकान मालिक को तार की खतरनाक स्थिति की जानकारी थी, फिर भी सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए गए। परिजनों ने मकान मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। सूचना मिलने पर मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी अशोक दास ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और भवन निर्माणकर्ताओं की लापरवाही को हादसे का कारण बताया है। उनका कहना है कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि ऐसी लापरवाहियों पर सख्ती बरती जाए, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का दर्द न झेलना पड़े।

## नरकटियागंज अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत, परिजनों का हंगामा



बेतिया : नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल में बुधवार देर रात प्रसव के दौरान एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रोआरी गांव निवासी मो. फिरोज आलम की 25 वर्षीय पत्नी नगमा खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद अस्पताल परिसर में भारी हंगामा और तोड़फोड़ हुई, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों के अनुसार, नगमा खातून को बुधवार शाम प्रसव पीड़ा के बाद अस्पताल लाया गया था। डिलीवरी प्रक्रिया शुरू होते ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। मौजूद स्टाफ और इंटर्न डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर में महिला की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डॉ. गजल प्रवीण घटना के समय अस्पताल में मौजूद नहीं थीं। उनका कहना है कि डॉक्टर अक्सर निजी क्लीनिक में व्यस्त रहती हैं, जिससे समय पर इलाज नहीं हो पाया।मृतका की मौत की खबर सुनते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल परिसर में जमकर तोड़फोड़ की। दरवाजे, खिड़कियां और उपकरण क्षतिग्रस्त कर दिए गए। कुछ लोग रजिस्ट्रेशन काउंटर और डॉक्टरों के कक्ष तक पहुंच गए और वहां भी तोड़फोड़ की गई। स्थिति बेकाबू होते देख स्टाफ और ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों को जान बचाकर भागना पड़ा। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी अजय मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल अस्पताल में पुलिस बल तैनात है, लेकिन तनाव बरकरार है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. शिवेन्द्र कुमार ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सिविल सर्जन से भी रिपोर्ट तलब की गई है।इस घटना ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था, जवाबदेही और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने दोषी चिकित्सक और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।मृतका नगमा खातून अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनके सिर से मां का साया उठ गया है। यह घटना सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि एक बहुमूल्य जान गंवाने का मामला है, जिसकी निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

### गाय खरीदने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत



मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मवेशी व्यापारी की मौत हो गई। मृतक की पहचान केशोपुर वार्ड संख्या 5 निवासी शत्रुध्न साह के 32 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब वह एक टेंपो से पास के गांव में गाय खरीदने जा रहे थे।जानकारी के अनुसार, रवि कुमार एक टेंपो पर सवार होकर गाय खरीदने जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक को ओवरटेक करने के प्रयास में टेंपो अनियंत्रित हो गया और कुछ ही दूरी पर पलट गया। हादसे में रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। इधर हादसे के बाद टेंपो चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि रवि कुमार मवेशी व्यापारी थे और तीन चक्का टेंपो से मवेशी खरीदने के लिए जा रहे थे। टेंपो की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे वाहन असंतुलित होकर पलट गया और यह हादसा हो गया।सकरा थाना प्रभारी राजू कुमार पाल ने बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। चालक की तलाश की जा रही है, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## महाबीरी मेला बना बीमारी का केंद्र, जहरीला खाना खाने से सैकड़ों बीमार, इलाज जारी

बेतिया : वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार मंगलवार की शाम को मझौलिया प्रखंड के माधोपुर मलाही टोला में महाबीरी झंडा मेले का आयोजन किया गया। यह मेला हर साल की तरह इस बार भी बड़े धूमधाम से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, खासकर महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। मेले में खाने-पीने के कई स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें पानीपूरी, चाट, चौमीन, मोमोज, भेलपुरी, कोल्ड ड्रिंक और आइसक्रीम आदि की बिक्री हो रही थी। शाम पांच बजे से ही लोग परिवार के साथ इन खाद्य सामग्रियों का आनंद लेने लगे। हालांकि, मेला खत्म होते-होते यानी रात करीब 9 बजे से ही दर्जनों बच्चों और महिलाओं को अचानक उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। बुधवार सुबह होते-होते यह खबर तेजी से फैल गई कि पानीपुरी खाने के बाद कई बच्चे बीमार हो गए हैं। गुरुवार तक यह स्थिति और भयावह हो गई। शुरुआत में लोगों ने घरेलू उपचार किए, लेकिन जब कई मरीज बेहोश होने लगे, तब उन्हें आनन-फानन में मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अस्पताल प्रशासन को ऐसी भीड़ की पूर्व जानकारी नहीं थी, इसलिए शुरुआती अफरातफरी के बाद अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई, इमरजेंसी सेवा शुरू की गई और निजी क्लिनिकों से भी मदद ली गई। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. विजय सिंह की अगुवाई में मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। बीमार लोगों को ओआरएस घोल, एंटीबायोटिक दवाएं, एंटी-वॉमिटिंग इंजेक्शन और सलाइन चढ़ाई गई। बताया जा रहा है कि पीड़ितों में सबसे ज्यादा 6 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन, अंचलाधिकारी प्रमोद मिश्रा और थानाध्यक्ष मनीष कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने मेला परिसर का निरीक्षण किया और सभी फूड स्टॉल्स को तत्काल बंद करा दिया। साथ ही खाद्य सामग्री के सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट दो दिनों में आने की संभावना है। बीमार लोगों में सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, दीप कमल कुमार, कृतिका कुमारी, गीता देवी, धनंजय कुमार, प्रियंका कुमारी, खुशबू कुमारी, श्याम सुंदर कुमार, रश्मि कुमारी, प्रियांशी कुमारी, कुसुम कुमारी सहित दर्जनों लोग शामिल हैं। स्थानीय निवासी प्रभात कुमार ने कहा कि हर साल मेला लगता है, लेकिन कभी ऐसी घटना नहीं हुई। इस बार बगैर निगरानी के फूड स्टॉल्स ने बासी और दूषित सामग्री बेची। हम प्रशासन से न्याय की मांग करते हैं। पूरा टोला इस घटना से सदमे में है। बच्चों की हालत देखकर परिजन मानसिक रूप से टूट चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अगले 72 घंटे तक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अब तक 200 से अधिक लोगों का इलाज किया जा चुका है, जिनमें से 25 मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### रेलवे स्टेशन के पास पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या या आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस

मुजफ्फरपुर : मुजफ्फरपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या-5 के पिछले हिस्से में स्थित ओवरब्रिज के पास एक पेड़ से अज्ञात युवक का शव लटका मिला। शव मिलने के बाद स्टेशन परिसर और आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जुट गई।घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की गहनता से जांच शुरू की। शुरुआती जांच के बाद शव की पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद रेल पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) टीम को सूचित किया। एफएसएल की टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए, फिर शव को पेड़ से नीचे उतारा गया। शव की तलाशी ली गई, लेकिन मृतक की जेब से कोई पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। पहचान सुनिश्चित करने के लिए मृतक की तस्वीर को सोशल मीडिया और जिले के विभिन्न थानों को भेजा गया है। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा। इस संबंध में रेल एसपी बीना कुमारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा कर लिए हैं और आगे की जांच जारी है।फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है ताकि उसकी पहचान कर परिजनों से संपर्क किया जा सके। वहीं, हत्या या आत्महत्या—इस रहस्य से पर्दा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही उठ पाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बांग्लादेशी घुसपैठ : मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी रोनी मंडल ने हाईकोर्ट से मांगी बेल

रांची(ईएमएस)।बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित बांग्लादेशी मूल की महिला रोनी मण्डल ने झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। उसने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है।इससे पहले रोनी मण्डल ने प्रीवेन्शन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट रांची की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए गुहार लगाई थी। लेकिन कोर्ट ने उसे जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।जिसके बाद रोनी मंडल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़े इस मामले में रोनी मंडल, समीर चौधरी, पिंटू हलधर और पिंकी बासु को ईडी ने गिरफ्तार किया है।

## अल्पसंख्यक आयोग की टीम आफताब के घर पहुंची, परिजनों को बंधाया ढांढस

रांची(ईएमएस)।झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायत उल्लाह खान के नेतृत्व में आयोग की टीम गुरुवार को चितरपुर के लारीकलां स्थित आफताब अंसारी के घर पहुंची। टीम में आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम व सदस्य डॉ तौसीफ शामिल थे। अध्यक्ष हिदायत उल्लाह खान ने मृतक आफताब अंसारी के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। कहा कि झारखंड सरकार आपके साथ है। परिवार को हर सम्भव मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना काफी दुखद है।घटना की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी जाएगी।उन्होंने पुलिस से दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## शिक्षा में नवाचार की दिशा में डायट रातू में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र

रांची(ईएमएस)।गुरूवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,डायट रातू रांची में उल्लास न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से डीआरजी और सीआरपी जैसे शिक्षा पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।उन्होंने प्रशिक्षण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए रांची जिले को वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली चुनौतियों एवं उनके संभावित समाधान पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर संजय झा एवं जयंती कुमार ने उल्लास कार्यक्रम के उद्देश्यों संरचना एवं क्रियान्वयन रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी साझा की।राज्य संसाधन व्यक्ति जावेद अख्तर ने प्रशिक्षण सत्र को और भी समृद्ध करते हुए कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

## महिला कॉलेज गोड्डा में सावन महोत्सव में मेंहदी प्रतियोगिता

गोड्डा(ईएमएस)।एक तरफ जहां सावन माह में प्रकृति की खुबसूरती देखने को मिलती है।लोगों में उत्साह एवं उमंग रहता है।धरती की हरियाली से लोगों के भीतर आनंद ही आनंद की अनुभूति होती है। सावन माह को यादगार बनाने के लिए गोड्डा महिला कॉलेज के सभागार में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। दौरान सैकड़ों छात्राओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हालांकि कार्यक्रम का आगाज संत कवि तुलसीदास एवं मूर्धन्य साहित्यकार प्रेमचंद की जन्म दिवस पर माल्यार्पण से आरंभ हुआ।कार्यक्रम में मेंहदी प्रतियोगिता के साथ साथ प्रेम चंद एवं तुलसी दास की जीवन पर लेख के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की आगाज प्राचार्य प्रो सुमन लता द्वारा किया गया।दौरान प्राचार्य ने कहा कि सावन महोत्सव का आयोजन कॉलेज में हर साल किया जा रहा है।

## सीएसपी लूट कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन,देसी कट्टा, कारतूस के साथ दो अपराधी धराया

जामताड़ा(ईएमएस)।जामताड़ा के रतनूडीह स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में पिस्टल के नोक पर दो लाख रुपए की लूट मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस तथा सत्तर हजार रुपए के साथ दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी राजकुमार मेहता ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि 28 जुलाई को रतनूडीह के ग्राहक सेवा केंद्र से चार की संख्या में अपराधियों मैं पिस्टल के नोक पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज एवं गुप्त सूचना के आधार पर अनुसंधान के क्रम में कठबरारी मैदान में छापेमारी कर दो अपराधी अजमुल अंसारी तथा विनोद रवानी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, सात हजार रुपए नगद तथा लूट की घटना में उपयोग किया गया अपाची बाइक बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि अन्य दो अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## हिंदूवादी नेताओं को झूठे मुकदमे में जेल भेज रही राज्य सरकारः बाबूलाल मरांडी

रांची(ईएमएस)।नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार हिंदू समाज से जुड़े लोगों को साजिश के तहत फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने का प्रयास करती रही है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में ऐसे कई उदाहरण सामने आ चुके हैं, जहां निर्दोष लोगों को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर षड्यंत्र का शिकार बनाया गया है।इसी कड़ी में एक बार फिर रांची के युवा भैरव सिंह को एक नये फर्जी मुकदमे में फंसाने की तैयारी की जा रही है। भैरव सिंह से जुड़े जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत हो रहे हैं।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरकार के इशारे पर षड्यंत्र करने वाले पुलिस अधिकारी कान खोलकर सुन लें कि आम जनता को झूठे मामले में फंसा कर जेल भेजना जितना आसान है, उसे न्यायालय में साबित करना उतना ही मुश्किल है। बेहतर होगा कि कानूनी दुष्परिणाम भुगतने से पहले ही लोगों को फंसाने से परहेज किया जाए।

## प्रत्येक कार्य दिवस अंचल कार्यालय में मामलों को निबटाएं सीओ : उपायुक्त

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अंचल कार्यालयों में भूमि से जुड़े लंबित मामलों पर संज्ञान लिया है। उन्होंने ने जिले के सभी सीओ को प्रत्येक कार्य दिवस पर अंचल कार्यालय में रहकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया है।डीसी की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, सभी सीओ को प्रत्येक कार्य दिवस दोपहर एक से तीन बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर आम जनों की भूमि से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है।यदि किसी कारणवश कार्यालय में उपस्थित रहने में असमर्थ हैं, तो इसकी सूचना एक दिन पहले अंचल कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करनी होगी। साथ ही प्रत्येक दिन प्राप्त शिकायतों अथवा मामलों के निष्पादन की रिपोर्ट रोज शाम छह बजे तक अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि को ईमेल या वाट्सएप के माध्यम से भेजनी है।

## भैरव सिंह की गिरफ्तारी पर आक्रोश, सीबीआई जांच की मांग

रांची(ईएमएस)।रांची पुलिस द्वारा भैरव सिंह पर एक तेजाब कांड दर्ज करने पर भैरो सिंह के परिवार सहित हिंदू संगठनों ने गुरूवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। इस मौके पर गिरफ्तार की निंदा की गई।सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह की रिहाई को लेकर विरोध तेज हो गया है।समर्थकों और विभिन्न संगठनों ने सीबीआई जांच की मांग की है। इसे सनातन धर्म पर प्रहार बताया है। भैरव सिंह की माता रानी सिंह ने कहा कि भैरव सिंह समाज के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता है। लोगों की हमेशा मदद करता है।धर्म की लड़ाई लड़ते आया है। समाज के लिए लड़ने वाले को जेल भेजा गया है।वकील कृति नारायण सिंह ने प्रेसवार्ता में कहा कि 25 मई और 31 मई को चुटिया थाना में दर्ज मामलों के बाद अब तक निष्पक्ष जांच नहीं हुई। पुलिस को मोबाइल खंगालने की जगह सीसीटीवी फुटेज की जांच करना चाहिए। 17 जुलाई को भैरव सिंह को पंडरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

# केंद्र ने प. बंगाल के हथकरघा बुनकरों के लिए एक मजबूत और समग्र सहायता ढांचा तैयार किया : केंद्रीय वस्त्र मंत्री



नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के पारंपरिक हथकरघा बुनकरों को समर्पित सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नदिया जिले के शांतिपुर और फुलिया क्षेत्र के बुनकरों की समस्याओं को लेकर लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस संकट को गंभीरता से लिया है और बीते वर्षों में व्यापक योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार पूरे देश में हथकरघा क्षेत्र के सतत विकास, आधुनिकीकरण और बुनकरों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें पश्चिम बंगाल के पारंपरिक हथकरघा केंद्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने बताया कि 2014 से 2025 के बीच की प्रमुख उपलब्धियों में सबसे पहले, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्चा माल आपूर्ति योजना के तहत पश्चिम बंगाल में 39 हथकरघा क्लस्टर स्थापित किए गए, जिनमें से 2 शांतिपुर और 12 नदिया जिले में हैं। इन योजनाओं के तहत कुल 39.10 करोड़ रुपये की सहायता दी गई और इससे 30,208 बुनकरों को लाभ मिला। इनमें 5,038 बुनकरों को उन्नत करघे और सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए। कौशल विकास के अंतर्गत 1,676 बुनकरों को उन्नत प्रशिक्षण दिया गया जिससे उनके उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ी।

वहीं विपणन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया गया है। हथकरघा उत्पादों को बेहतर बाजार देने के लिए 29 क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विपणन आयोजनों का संचालन किया गया। इसके अलावा 12 हथकरघा उत्पादक कंपनियां स्थापित की गईं, जिनमें 2 शांतिपुर और 1 फुलिया में हैं, जिससे बुनकरों को संस्थागत सहयोग और प्रबंधन की सुविधाएं मिलीं। वित्तीय सहायता के रूप में 43,198 बुनकरों को रियायती दर पर ऋण दिया गया है। बीमा सुरक्षा के अंतर्गत 2,11,550 बुनकरों को महात्मा गांधी बुनकर बीमा योजना के तहत और 45,390 बुनकरों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजनाओं के तहत बीमा कवर दिया गया।

धागा आपूर्ति के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रत्येक वर्ष औसतन 101.59 लाख किलोग्राम धागे की आपूर्ति की गई जिससे 54,807 बुनकर लाभान्वित हुए हैं। इसमें ढुलाई सब्सिडी और 15% मूल्य सब्सिडी भी शामिल है। वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि सरकार हथकरघा को पारंपरिक उद्योग के साथ-साथ आधुनिक उत्पादन, विपणन, वित्त और बीमा के माध्यम से आत्मनिर्भर और वैश्विक प्रतिस्पर्धा योग्य बना रही है। शांतिपुर और फुलिया जैसे पारंपरिक बुनकरी केंद्रों को योजनागत सहायता से उनकी संरचना, उत्पादों की गुणवत्ता और बुनकरों की आय में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इससे पता चलता है कि केंद्र सरकार ने वस्त्र मंत्रालय के माध्यम से पश्चिम बंगाल के हथकरघा बुनकरों के लिए एक मजबूत और समग्र सहायता ढांचा तैयार किया है। यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की भावना को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। केंद्र ने प. बंगाल के हथकरघा बुनकरों के लिए एक मजबूत और समग्र सहायता ढांचा तैयार किया - केंद्रीय वस्त्र मंत्री

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के पारंपरिक हथकरघा बुनकरों को समर्पित सहायता प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नदिया जिले के शांतिपुर और फुलिया क्षेत्र के बुनकरों की समस्याओं को लेकर लोकसभा में पूछे गए प्रश्न के जवाब में केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरीराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस संकट को गंभीरता से लिया है और बीते वर्षों में व्यापक योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने बताया कि सरकार पूरे देश में हथकरघा क्षेत्र के सतत विकास, आधुनिकीकरण और बुनकरों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनमें पश्चिम बंगाल के पारंपरिक हथकरघा केंद्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

उन्होंने बताया कि 2014 से 2025 के बीच की प्रमुख उपलब्धियों में सबसे पहले, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्चा माल आपूर्ति योजना के तहत पश्चिम बंगाल में 39 हथकरघा क्लस्टर स्थापित किए गए, जिनमें से 2 शांतिपुर और 12 नदिया जिले में हैं। इन योजनाओं के तहत कुल 39.10 करोड़ रुपये की सहायता दी गई और इससे 30,208 बुनकरों को लाभ मिला। इनमें 5,038 बुनकरों को उन्नत करघे और सहायक उपकरण भी प्रदान किए गए।

## व्यवसायी रितेश महलका कोर्ट से बरी

लातेहार(ईएमएस)।लातेहार शहर के युवा व्यवसायी व समाजसेवी रितेश महलका को सेंट्रल बैंक से जुड़े एक मामले में अदालत ने बरी कर दिया है। रितेश महलका ने कहा कि उन्हें अदालत पर पूरा भरोसा था।अब वे आरोपों से मुक्त हो गये हैं। उन्होंने इस प्रकरण में सेंट्रल बैंक के तत्कालीन ब्रांच मैनेजर व सीनियर मैनेजर पर 50-50 लाख यानी कुल एक करोड़ रुपए की मानहानि का दावा ठोका है।महलका के अधिवक्ता सुनील कुमार ने बताया कि अक्टूबर 2020 में एक सुनियोजित साजिश के तहत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हेठपोचरा शाखा के तत्काललीन बैंक मैनेजर संदीप नारायण सिन्हा व सीनियर मैनेजर बेनन पी बारला ने रितेश महलका के खिलाफ गंभीर आपराधिक धाराओं में झूठी प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# नीति आयोग के संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को डीसी ने किया सम्मानित




पलामू(ईएमएस)।मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में गुरुवार को जिला प्रशासन की तरफ से संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संचालित किए गए संपूर्णता अभियान के दौरान स्वास्थ्य,पोषण, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस,उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार समेत अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया किया गया तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से संबंधित स्क्रीन पर वीडियो दिखाया गया।समारोह में शिक्षा,स्वास्थ्य,पोषण, कृषि,वित्तीय समावेशन,बुनियादी ढांचा,आजीविका और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया।इस दौरान सिविल सर्जन,जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,जिला कृषि पदाधिकारी,बीडीओ हरिहरगंज,बीडीओ छत्तरपुर, बीडीओ तरहसी समेत मनरेगा व आवास कोऑर्डिनेटर,शिक्षा विभाग के कई बीआरपी,सीआरपी,कृषि विभाग के एटीएम,बीटीएम समेत अन्य को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि जुलाई से सितंबर 2024 तक जिले में नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान का क्रियान्वयन किया गया था जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण,कृषि,वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा,आजीविका और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए थे।उन क्षेत्रों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति कर भारत सरकार और नीति आयोग के सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की,यह हमारे लिए गर्व का विषय है।इसी निमित आज इस कार्यक्रम के जरिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के प्रति प्रतिबद्ध सेवा भाव को मान्यता देने का एक विनम्र प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास कराता है।उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्य रुकना नहीं चाहिए।उन्होंने कहा कि पलामू एक आकांक्षी जिला व हरिहरगंज आकांक्षी प्रखंड है जहां सूचकांकों पर कार्य किया जाता है।उन्होंने सभी से इसी तरह विकास की गति को बनाए रखने की अपील की।इस अवसर पर उपायुक्त,उप विकास आयुक्त,एएसपी,सहायक समाहर्ता,सिविल सर्जन,जिला परिवहन पदाधिकारी,डीआरडीए निदेशक,हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडे,विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि धनंजय पासवान समेत विभिन्न पदाधिकारी सेविका व सहायिका उपस्थित रहे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गिरिडीह**
Email – eebcdgiridih@gmail.com

कार्यालय आदेश सं0....................... दिनांक ........................../

**शुद्धि/रद्द पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –05 /2025–26 जिसकी PR 357618 (Building) 25-26 (D) का (1) क्रमांक सं0 03 कार्य नाम प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत धुरगडगी में आँगनबाडी केन्द्र दलिया का निर्माण कार्य (2). क्रमांक सं0 04 कार्य नाम Renovation of 1000 MT Godown at Giridih Block Campus Dist Giridih (3) क्रमांक सं0 12 कार्य नाम प्रखण्ड गाण्डेय अन्तर्गत पंचायत गजकुण्डा में आँगनबाडी केन्द्र पहरीडीह का निर्माण कार्य को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

शेष सभी शर्ते यथावत रहेगा।है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमंडल, गिरिडीह

PR 358686 Building (25-26)_D

## सीयूजे में मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनायी गयी, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

रांची(ईएमएस)।झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की.कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकतम उपयोग को प्रोत्साहित करना और मुंशी प्रेमचंद के जीवन एवं साहित्य से प्रेरणा लेना था।कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास द्वारा दीप प्रज्वलन और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर की गई।

मंच पर उनके साथ भाषा संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. श्रेया भट्टाचार्जी, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. रत्नेश विश्वक्सेन और जनसंचार एवं मीडिया टेक्नोलॉजी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. देवव्रत सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदी अधिकारी श्री मधुरागी श्रीवास्तव तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कर विधिवत उद्घाटन किया गया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

रांची (ईएमएस)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।सौंपे गए ज्ञापन के जरीए मोरचा ने राज्यपाल से राज्य में अनुसूचित जाति समाज पर हो रहे लगातार अत्याचारों के निवारण की मांग की। साथ ही समाज की समस्याओं को गंभीरता से रखते हुए कई अहम सुझाव भी दिए।मांगे इस प्रकार हैःझारखंड में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की शीघ्र नियुक्ति की जाए।

# चिकित्सा केवल पेशा नहीं बल्कि पुनित कर्म हो :राज्यपाल

देवघर(ईएमएस)।देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि चिकित्सा केवल पेशा ही नहीं होना चाहिए बल्कि एक पुनित कर्म भी होना चाहिए। ज्ञान की प्राप्ति तभी सार्थक है, जब उसका उपयोग जनकल्याण के लिए हो।अपनी विशेषज्ञता को राष्ट्र निर्माण में लगाएं। यह शैक्षणिक उपलब्धि ही नहीं सामाजिक दायित्व की भी शुरूआत है। चिकित्सा मार्ग सिर्फ करियर ही नहीं, बल्कि संवेदना और नैतिक दृढ़ता की भी मांग करता है।एम्स देवघर से बिहार और पश्चिम बंगाल के लोगों को भी लाभ होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि झारखंड को एजुकेशन हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। यह दीक्षांत समारोह औपचारिक आयोजन ही नहीं बल्कि ऐतिहासिक क्षण भी है। राष्ट्रपति लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा है। मैंने राज्य के सभी जिलों का भ्रमण किया। सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक किया और कर भी रहा हूं। कोई पात्र भी व्यक्ति विकास योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए।स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं। मंत्री भी हूं। ये मेरे लिए पद नहीं भावना है। अपने मेडिकल कॉलेज के दिन याद आ रहा है।डॉक्टर के नाते मरीज का दर्द समझता हूं।यह प्रोफेशन नहीं बल्कि एक कमिटमेंट है।हर व्यक्ति को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है।निजी डॉक्टरों को सरकारी अस्पताल से जोड़ने का काम किया जा रहा है। रांची सदर अस्पताल को आयुष्मान में पहला स्थान प्राप्त हुआ है।पीपीपी मोड में छह मेडिकल कॉलेज की स्थापना के साथ रिम्स टू की स्थापना होने जा रही है।देवघर एम्स के कार्यकारी निदेशक सौरभ वार्ष्णेय ने कहा कि देवघर एम्स में शिक्षा सेवा और शोध एक साथ चलते हैं। सितंबर 2019 को पहले बैच की शुरूआत हुई। इसमें 50 विद्यार्थी थे. आज विभिन्न फैकल्टी में 900 विद्यार्थी हैं। 70 फीसदी फैकल्टी के पोस्ट भरे हुए हैं।अब देवघर एम्स में एमबीबीएस की 125 सीटें हो गई हैं। पांच साल में 400 प्रोजेक्ट लिखे गए। उन्होंने बताया कि देवघर एम्स ने पांच गांवों को गोद लिया है। चार साल से टेलीमेडिसिन सेवा दी जा रही है। ड्रोन सेवा के तहत दूर दराज इलाकों सर्प दंश से पीड़ितों के लिए एंटीवेनम पहुंचाया जा रहा है।तीन हजार से अधिक कैंप लगाए जा चुके हैं। मेंटल हेल्थ पर भी सर्वे किया जा रहा है।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जामताड़ा**
email : scojamtara1@gmail.com

**आम सूचना**

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0–35 दिनांक 23.07.2025 के आलोक में जामताड़ा जिला के कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को राज्य योजनान्तर्गत अनुदानित दर पर पम्पसेट, मिनी ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्र वितरण की योजना का आवेदन आमंत्रण सूचना।**

जामताड़ा जिले के ईच्छुक छोटे और सीमान्त कृषकों/स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्प्स/पैक्स मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई कूपों के लाभान्वित तथा साथ ही साथ भूमि संरक्षण निदेशालय द्वारा गत वित्तीय वर्ष में तालाब जीर्णोद्धार योजना एवं जलनिधि योजना के तहत परकोलेशन टैंक के लाभान्वित पानी पंचायत के सदस्यों एवं अन्य श्रोत से लाभान्वित कृशकों को भी उक्त योजना के तहत पम्पसेट पम्प सेट (1.5-3.0 Hp तथा 3.0-5.0 Hp) एवं 200 फीट HDPE Pipe (63-75mm) तथा 1.0 Hp सोलर पम्पसेट (Troly Mounted Movable Type) उपलब्ध कराया जाएगा।

| क्रं0 | कृषि यंत्र/मशीन उपकरण का नाम | भौतिक लक्ष्य | अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | पम्प सेट (1.5–3.0 एच0पी0) 200 फीट HDPE(63-75mm) पाईप के साथ | 100 | 90% अधिकतम 20,000.00 (बीस हजार) रूपये। |
| 2 | पम्प सेट (3.5–5.0 एच0पी0) 200 फीट HDPE(63-75mm) पाईप के साथ | 09 | 90% अधिकतम 30,000.00 (तीस हजार) रूपये। |
| 3 | सोलर पम्पसेट 1.0 एच0पी0 (ट्राली मॉउटेड मोवेबल टाईप) | 04 | 90% अधिकतम 90,000.00 (नब्बें हजार) रूपये। |

वैसे कृषकों जो पूर्व में कृषि विभाग (भूमि संरक्षण विभाग, उद्यान विभाग) द्वारा सिंचाई पम्पसेट का लाभ ले चुके है। उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। मनरेगा अन्तर्गत निर्मित सिंचाई के लाभान्वित एवं अन्य ईच्छुक कृशक प्रखण्ड कार्यालय के माध्यम से विहित प्रपत्र कार्यालय को जमा करा सकते है।

**मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर एवं अन्य कृषि यंत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर रीपर एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण। | भौतिक लक्ष्य–04 | 80 प्रतिशत या अधिकतम 5 लाख रूपया |
| 02 | व्यक्तिगत अनुदान पर पावरटीलर/रीपर एवं सहायक कृषि यंत्र का वितरण। | भौतिक लक्ष्य–08 | 80 प्रशित का अधिकतम 1.60 लाख रूपया |

नोटः–
1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, (JSLPS) जामताड़ा द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी। प्रत्येक समूह में कम से कम 10–12 सदस्य होना आवश्यक है।
2. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, से प्रथमतः निर्धारित लक्ष्य के अनुरुप महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूह की विवरणी प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अन्य संस्थाओं द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों, जलछाजन समितियों के स्वयं सहायता समूहों को योजनान्तर्गत आच्छादित किये जाने पर विचार किया जाएगा।
3. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
5. जिला स्तरीय चयन कमिटी से अनुमोदित समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कुल अनुमानित लागत 6.25 लाख रुपये का 20 प्रतिशत अंशदान की राशि समूह के बैंक खाते में जमा होने के साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय, जामताड़ा को देने के उपरान्त समूह द्वारा अपनी इच्छानुसार कृषि प्रसंस्करण यंत्रो का चयन कर भूमि संरक्षण पदाधिकारी जामताड़ा को अवगत करायेंगे।
6. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी। आवेदन जमा करने हेतु प्रकाशन की तिथि से दिनांक 14.08.2025 तक कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है।
7. इसके साथ ही साथ व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों को जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 02 एकड़ से अधिक भूमि होगी उन्हें उपरोक्त यंत्र सारणी में से अधिकत्तम योजना लागत रूपया 2.00 लाख जिसका 80 प्रतिशत अर्थात अधिकत्तम अनुदान 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार) रूपये पर इस योजना का लाभ लेने हेतु पूर्ण रूपेण भरा हुआ आवेदन वांछित कागजात के साथ कार्यालय में जमा कर सकते है। विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता** :– भूमि संरक्षण कार्यालय, जामताड़ा, संयुक्त कृषि भवन, सर्खेलडीह, जामताड़ा।
मो0 नं0 –9555940245, 7004499453

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 358638 District(25-26).D

# संपादकीय
**कोयलांचल संवाद**

## वायु प्रदूषण से बढ़ता खतरा

पर्यावरण की उपेक्षा एवं बढ़ता वायु प्रदूषण मनुष्य स्वास्थ्य के लिये न केवल घातक हो रहा है, बल्कि एक बीमार समाज के निर्माण का कारण भी बन रहा है। हाल ही में हुए एक मेटा-अध्ययन ने वायु प्रदूषण और बिगड़ती स्मृति के बीच एक खतरनाक संबंध का खुलासा किया है। हवा में मौजूद विषैले कण-खासकर महीन धूल और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, जो मुख्य रूप से वाहनों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलती हैं, हमारे मस्तिष्क को सीधे प्रभावित कर रही हैं। यह व्यापक शोध लगभग 3 करोड़ व्यक्तियों से जुड़े 51 अध्ययनों पर आधारित है। ये निष्कर्ष भारत जैसे देशों के लिए विशेष रूप से चिंताजनक हैं, जहाँ वायु प्रदूषण का स्तर दुनिया में सबसे अधिक है। अगर धनी और विकसित देश भी प्रदूषण के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से जूझ रहे हैं, तो भारत लापरवाही बर्दाश्त नहीं कर सकता। वायु प्रदूषण से निपटना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि प्रदूषित हवा के नियमित संपर्क में रहने से मनोभ्रंश एवं स्मृति-लोप का खतरा काफी बढ़ जाता है, यह एक ऐसी प्रगतिशील स्थिति है जो स्मृति और संज्ञानात्मक क्षमताओं को क्षीण कर देती है। दुनिया भर में, लगभग 5.74 करोड़ लोग पहले से ही मनोभ्रंश से प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई न किए जाने पर, यह संख्या 2050 तक तिगुनी होकर 15.28 करोड हो सकती है। मनोभ्रंश अर्थात डिमेंशिया या भूलने की बीमारी का दुनिया में बढ़ता खतरा इतना बड़ा है कि आगामी पच्चीस वर्ष में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या तीन गुना हो जाएगी। शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण में खासकर कार से निकलने वाले धुएं या उत्सर्जन को गंभीर माना है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने वाले लोगों के मस्तिष्क की कार्यक्षमता में एक दशक तक की गिरावट देखी जा सकती है, उदाहरण के लिए, लगातार जहरीली हवा में सांस लेने वाला 50 वर्षीय व्यक्ति 60 वर्षीय व्यक्ति के समान संज्ञानात्मक क्षमता प्रदर्शित कर सकता है। वायु प्रदूषण का सबसे पहला असर फेफड़ों और दिल पर पड़ता है, लेकिन यह वहीं तक सीमित नहीं रहता। हवा में मौजूद ये छोटे-छोटे कण हमारी सांस के जरिए खून में चले जाते हैं और फिर सीधे दिमाग तक पहुंच जाते हैं। इससे-याद रखने की क्षमता कमजोर होती है। ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो जाता है। सीखने और नई बातें याद रखने में दिक्कत होती है। कुछ मामलों में डिप्रेशन यानी अवसाद की संभावना बढ़ जाती है।

द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण पदार्थ) में प्रति घन मीटर 10 माइक्रोग्राम की वृद्धि से स्मृति संबंधी बीमारियों का खतरा 17 प्रतिशत बढ़ जाता है। वाहनों के धुएँ और जलती हुई लकड़ी से निकलने वाले ब्लैक कार्बन में एक माइक्रोग्राम की भी वृद्धि से यह खतरा 13 प्रतिशत बढ़ जाता है। ये सूक्ष्म कण हमारे श्वसन और परिसंचरण तंत्र को दरकिनार कर मस्तिष्क तक पहुँच सकते हैं और सूजन व ऑक्सीडेटिव तनाव पैदा कर सकते हैं, जिससे अंततः न्यूरॉन्स को नुकसान पहुँचता है। इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषित हवा न केवल फेफड़ों और हृदय के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि याददाश्त, एकाग्रता, सीखने और भावनात्मक स्थिरता को भी कमज़ोर करती है। अध्ययनों से पता चला है कि उच्च प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले बच्चे स्वच्छ वातावरण में रहने वालों की तुलना में स्कूल की परीक्षाओं में खराब प्रदर्शन करते हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में आने वाले वयस्क अक्सर चिड़चिड़ापन, थकान और यहाँ तक कि अवसाद का अनुभव करते हैं। उनकी उत्पादकता और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। प्रदूषण से प्रेरित स्मृति हानि का प्रभाव केवल व्यक्तियों तक ही सीमित नहीं है, यह शैक्षिक परिणामों, कार्यस्थल की दक्षता और सामाजिक निर्णय लेने को भी प्रभावित करता है। आँकड़े दर्शाते हैं कि उच्च-पीएम क्षेत्रों में लोग मौखिक प्रवाह, तर्क, सीखने और स्मृति परीक्षणों में कम अंक प्राप्त करते हैं, जो शिक्षा का एक पूरा वर्ष गँवाने के समान है। एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि कैसे किराने की खरीदारी जैसे नियमित कार्यों में संज्ञानात्मक विकर्षण प्रदूषण के संपर्क में आने से बढ़ जाता है। वृद्ध और कम शिक्षित व्यक्ति विशेष रूप से असुरक्षित होते हैं, अक्सर रोज़मर्रा के कार्य करने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। बढ़ते खतरे के बावजूद, चिकित्सा विज्ञान वर्तमान में मनोभ्रंश का कोई निश्चित इलाज नहीं देता है। मौजूदा उपचार सीमित और अक्सर अप्रभावी होते हैं, जिससे मरीज धीरे-धीरे अपनी याददाश्त और स्वतंत्रता खो देते हैं। अध्ययन के सह-प्रमुख लेखक, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के डॉ. क्रिस्टियन ब्रेडल इस बात पर ज़ोर देते हैं कि मनोभ्रंश की रोकथाम केवल स्वास्थ्य सेवा की ज़िम्मेदारी नहीं है। शहरी नियोजन, परिवहन नीतियां और पर्यावरणीय नियम, सभी इस संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वायु प्रदूषण न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि सामूहिक सोच, जीवनशैली विकल्पों और पर्यावरणीय निर्णयों को भी विकृत करता है। बड़े पैमाने पर, यह शैक्षिक उपलब्धि में कमी, उत्पादकता में कमी, स्वास्थ्य सेवा के बढ़ते बोझ और गहरी होती आर्थिक असमानताओं में योगदान देता है। वाशिंगटन में 12 लाख लोगों पर किए गए एक अलग अध्ययन से पता चला है कि जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने से, जो पीएम 2.5 के स्तर को बढ़ाता है, मनोभ्रंश का खतरा 18-21 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा की गई एक और व्यापक समीक्षा (51 अध्ययनों में 2.9 करोड़ लोगों पर) ने पुष्टि की कि पीएम 2.5 के संपर्क में आने से मनोभ्रंश का खतरा 13-17 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विज्ञान स्पष्ट है कि ये सूक्ष्म कण श्वसन तंत्र और मस्तिष्क में गहराई तक प्रवेश करते हैं, मस्तिष्क के कार्य को बाधित करते हैं और मानसिक गिरावट को तेज़ करते हैं। हाल ही में चीन में हुए एक शोध में भी पीएम और नाइट्रोजन ऑक्साइड के संपर्क को मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, विशेष रूप से कार्यशील स्मृति में कमी से जोड़ा गया है। यह एक बढ़ता हुआ संकट है जिसके प्रभाव न केवल व्यक्तियों पर बल्कि पूरे समाज पर पड़ रहे हैं।

## एक कटु सत्य : प्रजातंत्र बनाम स्वार्थतंत्र स्तंभों में टकराव- गति में ठहराव...?

**ओमप्रकाश मेहता**

अगले स्वतंत्रता दिवस पर हमारा प्रजातंत्र बुजुर्गियत के हिसाब से अठहत्तर साल का हो जाएगा, यद्यपि इतने लम्बें जीवनकाल में प्रजातंत्र के कथित संरक्षकों ने इसकी सेहत पर कभी ध्यान नही दिया, ध्यान दिया तो सिर्फ सत्ता और उससे जुड़े स्वार्थ पर, इसी कारण आज हमारा बुजुर्ग प्रजातंत्र कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त है और कोई आश्चर्य नही कि यह कब 'परलोक' सिधार जाए? इसके अभिकर्ताओं की इसी स्वार्थ प्रवृत्ति के कारण आज इसके स्तंभों में टकराव तथा गति में ठहराव नजर आ रहा है और आज यदि प्रजातंत्र की इस दुर्दशा से कोई चिंतित है तो वह सिर्फ और सिर्फ इस देश की जागरूक और शिक्षित जनता है, उनके जनप्रतिनिधि नहीं, लेकिन इससे जुड़ा सबसे अहम् सवाल यह है कि आखिर यह लापरवाह प्रजातंत्र के रक्षक प्रतिनिधि किसके है? क्यों ऐसे लोगों को चुनकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी के योग्य समझा गया? और जहां तक इन तथाकथित रक्षकों का सवाल है, इनकी सबसे बड़ी चिंता पांच साल में देश को पूरी तरह लूटकर अपना शेष जीवन 'सुखद' बनाने की, चूने जाने के बाद न इन्हें देश या जनसेवा से मतलब न राजनीति या उसके दल से, इनका एक ही लक्ष्य 'लूट सके सो लूट, बाद में पछताएगा जब कुर्सी जाएगी छूट' और इसी लक्ष्य की पूर्ति में वे सब कुछ भुला देते है। इन्हें न प्रजातंत्र की चिंता है, न देश की और न इन्हें इस योग्य बनाने वाले वोटर की, इनका एक ही लक्ष्य 'लूट सके सो लूट', अब ऐसे में कहां देश और कहां उसका प्रजातंत्र? ....यह तो हुई प्रजातंत्र के कथित 'पहलुओं' की बात, अब ऐसे में यदि प्रजातंत्र की परिभाषा की बात करें, तो स्वयं के निर्वस्त्र होने की चिंता सताने लगती है, क्योंकि प्रजातंत्र ''जनता का, जनता के लिए और जनता के द्वारा'' की परिभाषा में फंसा है, जो आज ''नेता का, नेता के लिए, नेता द्वारा'' बन चुका है। अब ऐसे में यदि सबसे अधिक जिसे दोषी माना वह 'प्रजा' ही है, जो 'तंत्र' के साथ जुडी है। अब ऐसी दुरावस्था में यदि प्रजातंत्र के अंग विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका अलग-थलग खड़े कर दिए गए है तो इसके लिए कौन दोषी? और अब जब इन स्तंभों के आधार 'वोटर' में दीमक लग चुकी है तो फिर स्तंभों का हश्र किसी से भी छुपा थोड़े ही है। ....और आज के प्रजातंत्र की यही सबसे बड़ी बीमारी है जो उसकी बुजुर्गियत की उम्र कम करने पर आमादा है और इन सब चिंताओं का भार बैचारे जागरूक और बुद्धिजीवी मतदाता को वहन करना पड़ रहा है, अब ऐसे में देश के प्रजातंत्र का भविष्य क्या होगा? यह किसी से भी छिपा नही है....!

# वर्ल्ड वाइड वेबः सीमाओं के पार सूचना की स्वतंत्र उड़ान

**योगेश कुमार गोयल**

**वर्ल्ड वाइड वेब दिवस पर विशेष**

इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र WWW (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही 'WWW' से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए 'इनक्वायर' नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर 'WWW' की शुरूआत 1991 में हुई। टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं।

वैसे तो आज दुनियाभर में हर कोई इस बात से परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। दरअसल वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के? मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं।

दरअसल सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जो विभिन्न प्रोग्राम्स के तहत कार्य करता है और इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। यही नहीं, इन पृष्ठों की संख्या में आए दिन वृद्धि होती जाती है। यह वेब आधारित एक ऐसी विशेष साइट है, जिसकी सहायता से आप किसी भी विषय पर एकत्रित की गई सूचनाओं तक आसानी से पहुंच सकते हैं। जब भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। 'गूगल', 'याहू', 'खोज' इत्यादि कुछ ऐसे सर्च इंजन हैं, जो आज दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं और प्रतिदिन लाखों-करोड़ों बार हिट किए जाते हैं। यदि आप किसी खास विषय से संबंधित जानकारी पाना चाहते हैं तो अपनी खोज को विशेष बनाने के लिए टाइप किए जाने वाले शब्दों के साथ + , - _ इत्यादि चिन्हों का प्रयोग कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर यदि आप चाहते हैं कि आप द्वारा खोजे जा रहे वेबपज पर इंदिरा और राजीव दोनों का ही नाम हो तो आप सर्च इंजन के टूल बार में इंदिरा+राजीव टाइप करके एंटर कर दें, आप द्वारा चाही गई जानकारी कुछ ही पलों में आपके सामने होगी।

# हमारी आस्था,संस्कृति की धारा सद्भाव,समभाव समावेश की है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

भारत अपनी बुनियादी नीव, एकता अखंडता सामाजिक उदारवाद, अलौकिक प्राकृतिक संसाधनों, धर्मनिरपेक्षता, अनेकता में एकता, सौहार्दपूर्ण वातावरण और शांतिप्रिय संस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि वैश्विक स्तर पर इन सभी खूबियों की चर्चा कर तारीफ़ और उदाहरण पेश किया जाता है जो प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से हम सुनते हुए देखते हैं, तो हम गर्व महसूस करते हैं कि हम ऐसे देश के नागरिक हैं जहां सभी जाति, धर्म, उपजाति, भाषाओं, उप भाषाओं के नागरिक खूबसूरती से एक साथ मिलजुल कर रह रहे हैं और देश के विकास में अपने अपने स्तर पर भरपूर योगदान दे रहे हैं। युवा राष्ट्र होने के नाते भारत अपने युवाओं, मूल्यवान संपत्तियों, संसाधनों, जग प्रसिद्ध बौद्धिक क्षमता का भरपूर उपयोग कर विश्व नेता बनने के सपने संजोए हुए हैं जिसके लिए विज़न 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था सहित अनेक विज़न पर कार्य शुरू है।

साथियों परंतु पिछले कुछ दिनों, महीनों से हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से देश मैं कट्टरता, नफ़रत, बुलडोजर, हिजाब, पथरबाज़ी, लाउडस्पीकर, जुलूस पर पथराव, हेट स्पीच, धार्मिक बयानबाजी इत्यादि अनेक वाक्य टीवी चैनलों के माध्यम से, ग्राउंड रिपोर्टिंग के माध्यम से देख, सुन रहे हैं जिससे समाज को ऐसी क्षति होने की संभावना है जिसकी भरपाई करने में शायद हमारे समय, मूल्यवान संपत्ति, संसाधनों और युवा शक्ति का भारी नुकसान होने की संभावना से हम इनकार नहीं किया जा सकता जिसका उपयोग हम नए भारत के नए प्रस्तावित विजनों के लिए उपयोग कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम भारत देश की बुनियाद की करें तो अमन-चैन, सौहार्दपूर्ण वातावरण, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता, त्योहारों के साझा उत्सव, विभिन्न अवस्थाओं में संबंधों के बीच अच्छे पड़ोसी वाले संबंध, युगों से हमारे समाज और देश के गौरव पूर्ण विशेषता रही है परंतु बीते कुछ दिनों से एक धार्मिक समुदाय के जुलूस पर मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात में पथराव और अब कल दिल्ली में भी एक अन्य धार्मिक जुलूस पर पथराव की घटना से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कुछ संकीर्ण मानसिकता वाले तत्व, भारतीय समाज की नींव और राष्ट्रीयता की समग्र समावेशित समभाव विचारधारा, संस्कृति को कमजोर करने की पहल शुरू करने की तैयारियां हो रही है जिसे हम सब नागरिक एकता कर, आपसी भाईचारा कायम कर, विभिन्नता में एकता, सामाजिक उदारवाद, सौहार्दपूर्ण वातावरण तात्कालिक बनाए रखकर ऐसे तत्वों को पुरजोर जवाब देने के लिए सभी जाति, धर्म, समुदाय विशेष को एक साथ मिलकर उन तत्वों का मुकाबला कर भारत की गौरवशाली प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए तात्कालिक कदम उठाने होंगे जिससे आपसी विश्वास बिल्डिंग को मजबूत और अटूट बनाए रखा जा सकता है।

साथियों बातें कर हम 10 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में एक धार्मिक शोभायात्रा के अवसर पर हुई हिंसा का घाव अभी सूखा भी नहीं था कि राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी में दिनांक 16 अप्रैल 2022 शाम को धार्मिक शोभायात्रा यात्रा के अवसर पर टीवी चैनलों पर दिखाया गया जमकर हिंसा हुई। हिंसा और उपद्रव में कौन शामिल है, इसका पता नहीं चल पाया है. लेकिन राजधानी में तनाव पसर गया है।उपद्रवियों द्वारा कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गई है और पुलिस कर्मी भी घायल हुए हैं. जिस समय धार्मिक पर्व पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी, तब ये हिंसा शुरू हुई और देखते ही देखते कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस पर भी हमला किया गया ऐसा मीडिया में बताया गया।

साथियों बात अगर हम विपक्ष के 13 नेताओं के संयुक्त बयान की करें तो उन्होंने अपने संयुक्त बयान में देश में हुई हालिया सांप्रदायिक हिंसा और घृणापूर्ण भाषण संबंधी घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जतायी और लोगों से शांति एवं सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इसके साथ ही विपक्षी नेताओं ने इन मुद्दों को लेकर पीएम की चुप्पी पर भी सवाल उठाया हैजिस पर सत्ताधारी प्रवक्ता द्वारा आक्षेप लिया गया ऐसा टीवी चैनलों पर दिखाया गया है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा दिनांक 16 अप्रैल 2022 को एक प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, हमारी सभ्यता और संस्कृति ने हजारों वर्षों के उतार-चढ़ाव के बावजूद भारत को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाई है। हमारी आस्था, हमारी संस्कृति की धारा सद्भाव की है, समभाव की है, समावेश की है। इसलिए जब बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने की बात आई तो प्रभु राम ने सक्षम होते हुए भी, खुद से सब कुछ करने का सामर्थ्यआ होने के बावजूद भी उन्होंने सबका साथ लेने का, सबको जोड़ने का, समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का, छोटे-बड़े जीवमात्र को, उनकी मदद लेने का और सबको जोड़ करके उन्होंने इस काम को संपन्न किया। और यही तो है सबका साथ, सबका प्रयास। ये सबका साथ, सबका प्रयास का उत्तम प्रमाण प्रभु राम की ये जीवन लीला भी है, जिसके हनुमान जी बहुत अहम सूत्र रहे हैं। सबका प्रयास की इसी भावना से आज़ादी के अमृतकाल को हमें उज्जवल करना है, राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि के लिए जुटना है।

उन्होंने बल देते हुए कहा कि यह हमारी आध्यात्मिक विरासत, संस्कृति और परंपरा की शक्ति है जिसने गुलामी के कठिन दौर में भी अलग-अलग हिस्सों को एकजुट रखा। इसके माध्यम से स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय प्रतिज्ञा के एकीकृत प्रयासों को मजबूत किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों के उतार-चढ़ाव के बावजूद, हमारी सभ्यता और संस्कृति ने भारत को स्थिर रखने में बड़ी भूमिका निभाई है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हमारी आस्था, संस्कृति की विचारधारा, सद्भाव, समभाव समावेश की है। देश की बुनियादी नीव, अमन-चैन, सौहार्दपूर्ण वातावरण, भाईचारा तात्कालिक बनाए रखना वर्तमान समय की मांग है। भारत की विविधता में एकता, सामाजिक उदारवाद, धर्मनिरपेक्षता, बुनियादी नीव और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है जिसे बनाए रखना हम सब का कर्तव्य हैं।

# नो हेलमेट, नो पेट्रोल : सड़क सुरक्षा की दिशा में एक स्वागत योग्य पहल




मध्य प्रदेश के इंदौर और भोपाल में 1 अगस्त, 2025 से लागू होने जा रहा नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम, सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन की गंभीरता और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। यह एक ऐसा साहसिक और आवश्यक कदम है जो लाखों लोगों के जीवन को सुरक्षित बनाने की क्षमता रखता है। बेशक, हेलमेट पहनना केवल एक कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि हर दोपहिया वाहन चालक और यात्री के लिए जीवन रक्षक कवच है। यह निर्णय सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और गंभीर चोटों को कम करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।यह समझना महत्वपूर्ण है कि प्रशासन का यह कदम अचानक नहीं उठाया गया है। यह सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की सिफारिशों, केंद्र और राज्य सरकारों के निर्देशों और मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-129 के स्पष्ट प्रावधानों के अनुरूप है, जो आईएसआई मार्क हेलमेट के अनिवार्य उपयोग पर जोर देते हैं।पेट्रोल पंपों को इस अभियान में शामिल करना एक अत्यंत व्यावहारिक और दूरदर्शी रणनीति है। पेट्रोल दोपहिया वाहन चालकों की दैनिक आवश्यकता है और इस आवश्यकता को हेलमेट पहनने से जोड़कर, प्रशासन ने एक ऐसा प्रभावी तंत्र बनाया है जो सीधे नियमों का पालन न करने वालों को प्रभावित करेगा। यह पुलिस चालान या जुर्माना भरने के डर से कहीं अधिक मजबूत प्रेरणा है, क्योंकि कोई भी अपनी यात्रा के बीच में पेट्रोल के बिना नहीं फंसना चाहेगा। यह कदम पेट्रोल पंप कर्मचारियों के लिए थोड़ी अतिरिक्त जिम्मेदारी ला सकता है, लेकिन यह उन्हें राष्ट्रीय हित में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर भी देता है। प्रशासन की ओर से पेट्रोल पंप संचालकों के साथ होने वाली बैठकें और आवश्यक दिशा-निर्देश यह सुनिश्चित करेंगे कि यह नियम सुचारू रूप से लागू हो। इस आदेश की सीमित अवधि (1 अगस्त, 2025 से 29 सितंबर, 2025 तक) को एक परीक्षण या जागरूकता अभियान के रूप में देखा जाना चाहिए। यह प्रशासन को नियम की जमीनी स्तर पर प्रभावशीलता का आकलन करने, संभावित चुनौतियों की पहचान करने और भविष्य में इसे और अधिक स्थायी तथा व्यापक बनाने के लिए आवश्यक सुधार करने का अवसर देगा। यह कोई दिखावा नहीं, बल्कि एक ठोस शुरुआत है जो धीरे-धीरे लोगों की आदतों में स्थायी बदलाव लाएगी।यह नो हेलमेट, नो पेट्रोल नियम सड़क सुरक्षा के लिए उठाए जा रहे व्यापक और बहुआयामी प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इंदौर में RTO द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन या निरस्तीकरण की चेतावनी और RTO कार्यालय में नो हेलमेट, नो एंट्री जैसे कदम स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर और संकल्पित है। ये सभी उपाय मिलकर एक ऐसा मजबूत ढांचा तैयार कर रहे हैं जो नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।नकली और गैर-मानक हेलमेट की समस्या को भी प्रशासन बखूबी समझता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय पहले ही आईएसआई मार्क वाले हेलमेट को अनिवार्य कर चुका है और 2026 से प्रत्येक नई बाइक के साथ दो आईएसआई-प्रमाणित हेलमेट की अनिवार्यता एक स्वागत योग्य कदम है। नो हेलमेट, नो पेट्रोल जैसा नियम लोगों को हेलमेट खरीदने और पहनने के लिए मजबूर करेगा, जिससे गुणवत्ता वाले हेलमेट की मांग बढ़ेगी और अंततः नकली हेलमेट के बाजार पर अंकुश लगेगा। प्रवर्तन एजेंसियां भी अब अधिक सक्रिय होंगी क्योंकि इस नियम के सफल होने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।सड़क सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रशासन अपने स्तर पर साहसिक और नवीन कदम उठा रहा है और अब नागरिकों की बारी है कि वे इन नियमों का पालन कर अपनी और दूसरों की जान बचाएं। यह नियम शुरू में कुछ असुविधा पैदा कर सकता है, लेकिन इसके दीर्घकालिक लाभ – सुरक्षित सड़कें, कम दुर्घटनाएं और अनमोल जीवन की रक्षा – निश्चित रूप से इस छोटी सी असुविधा से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। इंदौर और भोपाल का यह कदम देश के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगा, जिससे भारत की सड़कें भविष्य में और अधिक सुरक्षित बनेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एचयूएल का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में शानदार नतीजे दर्ज किए हैं। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 5.97 प्रतिशत बढ़कर 2,768 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 2,612 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उत्पादों की बिक्री से राजस्व 5.15 प्रतिशत बढ़कर 16,296 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 15,497 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एकीकृत अंतर्निहित बिक्री वृद्धि (यूएसजी) 5 प्रतिशत और अंतर्निहित मात्रा वृद्धि (यूवीजी) 4 प्रतिशत दर्ज की। अप्रैल-जून तिमाही में कर-पूर्व लाभ सालाना आधार पर 6.4 प्रतिशत घटकर 3,303 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल 3,529 करोड़ रुपये था। इस दौरान एचयूएल का कुल खर्च 7.25 प्रतिशत बढ़कर 13,284 करोड़ रुपये हो गया। अन्य राजस्व सहित कंपनी की कुल आय 4.7 प्रतिशत बढ़कर 16,715 करोड़ रुपये हो गई। एचयूएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक रोहित जावा ने बताया कि दैनिक उपभोग की वस्तुओं की मांग स्थिर बनी हुई है और हाल ही में इसमें धीरे-धीरे वृद्धि हुई है। उन्होंने भविष्य की संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त कर कहा कि यह क्रमिक सुधार जारी रहेगा।

### रेलवे का रेल मदद एप, यात्रा के दौरान आपका बनेगा मददगार

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की समस्याओं के समाधान और यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेल मदद ऐप लांच किया है। यह एप 2018 में पूर्व रेल और कोयला मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लांच किया गया था। इस रेल एप की प्रमुख विशेषताएँ: यात्री मोबाइल फोन/वेब के माध्यम से शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। शिकायतों के निवारण की स्थिति पर रीयल-टाइम फीडबैक मिलता है। शिकायत दर्ज करने पर तुरंत एसएमएस के माध्यम से आईडी मिलती है, और कार्रवाई की जानकारी कस्टमाइज्ड एसएमएस द्वारा मिलती है। सफाई, सुरक्षा, ट्रेन में देरी या भोजन जैसी किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज की जा सकती है। यात्रा के दौरान रेलवे सेवाओं के बारे में प्रतिक्रिया दी जा सकती है। यात्री यात्रा के दौरान चिकित्सा सहायता भी प्राप्त कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को अपनी शिकायतें और फीडबैक आसानी से रेलवे तक पहुँचाने में मदद करता है, जिससे रेलवे अपनी सेवाओं को बेहतर बना सके।

### विपक्ष के आरोप पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू जबाव कौन देगा ये सरकार तय करेगी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राज्यसभा में विपक्ष और केंद्र सरकार के बीच ऑपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा के जवाब को लेकर तीखी बहस हुई, इसकारण सदन की कार्यवाही शाम 4:30 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सांसद इस बात से नाराज़ थे कि प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चा का जवाब नहीं दिया, बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया। विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उनकी आपत्ति इस बात पर नहीं थी कि प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया, बल्कि इस बात पर थी जब गृह मंत्री ने कहा कि मैं अकेले आपको निपट लूंगा, इससे सभी सांसदों का अनादर हुआ। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि चर्चा का जवाब कौन देगा, यह विपक्ष नहीं, बल्कि सरकार तय करती है। उन्होंने 2008 के मुंबई आतंकी हमले का हवाला दिया जब तत्कालीन गृह मंत्री ने सदन में जवाब दिया था, न कि प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने। रिजिजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर 1 घंटा 42 मिनट तक विस्तार से जवाब दिया था। इसके पहले गुरुवार सुबह से ही राज्यसभा में कई अन्य मुद्दों को लेकर हंगामा चल रहा था, जिसमें बिहार में मतदाता सूची की जांच, अमेरिका के टैरिफ, महिलाओं के खिलाफ अपराध और सभापति के इस्तीफे जैसे मुद्दे शामिल थे। विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत इन मुद्दों पर चर्चा की मांग की, लेकिन अनुमति न मिलने पर उन्होंने ज़ोरदार नारेबाजी की, जिसके कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी।

### 25 प्रतिशत टैरिफ पर सांसद आजाद ने कहा, ट्रंप पागल हो गए, वे हमारे दोस्त नहीं

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा पर देश में विभिन्न दलों से प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इसी कड़ी में उत्तरप्रदेश में आजाद समाज पार्टी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिक्रिया सामने आई है। सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि ट्रंप पागल हो गए हैं। मैं साफ शब्दों में कहना चाहता हूं कि वे किसी भी तरह से हमारे दोस्त नहीं हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका सम्मान बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कई बार हमारा अपमान किया है। अमेरिका ने बार-बार हमारी पीठ पर छुरा घोंपा। उन्होंने कहा कि ट्रंप पाकिस्तान का समर्थन कर रहे हैं और हमारी सरकार का अपमान कर रहे हैं। सांसद आजाद ने कहा कि ट्रंप जिस तरह से भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्हें कोई अधिकार नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान युद्धविराम में मध्यस्थता करके हमारी सरकार को नीचा दिखाने की कोशिश की। टंप बार-बार कहते रहे कि सीजफायर मैंने कराया है। ट्रंप पाकिस्तान पर अपना प्यार लूटा रहे हैं। अमेरिका पाकिस्तान की आर्थिक मदद कर रहा है। इतना ही नहीं अमेरिका इनदिनों पाकिस्तान को हीरो बता रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को निंदा प्रस्ताव लाना चाहिए। इसी सदन में हम लोग समर्थन करने को तैयार है।

### इस्लामिक आतंकवादियों को खुश करने के लिए कांग्रेस ने भगवा आंतकवाद की कल्पना की : उमा भारती

वीएचपी नेता ने कहा, यह फैसला पूरी कांग्रेस के मुंह पर एक बड़ा तमाचा

भोपाल,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के मालेगांव ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत द्वारा सभी सात आरोपियों, जिसमें साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीकांत प्रसाद पुरोहित को बरी करने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज़ हो गया है।
जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेता विनोद बंसल ने अदालत के फैसले का स्वागत कर कांग्रेस से भगवा आतंकवाद का झूठ गढ़ने के लिए माफी मांगने की मांग की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने कहा, इस्लामिक आतंकवादियों को खुश करने के लिए हिंदू आतंकवाद की एक कल्पना रची गई थी। इस्लामिक आतंकवादियों के इशारे पर कांग्रेस के बहुत सारे नेता काम कर रहे थे। उन्हें खुश करने के लिए हिंदू आतंकवाद की कल्पना की गई, इस कल्पना को भगवा आतंकवाद नाम दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने एक्स पर साध्वी प्रज्ञा को बधाई देकर अदालत के फैसले का अभिनंदन किया। वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता बंसल ने भी कांग्रेस पर हमला बोलकर कहा कि मालेगांव मामले में हिंदुओं को फंसाने के लिए कांग्रेस को अविलंब देशभर के हिंदुओं से क्षमा मांगनी चाहिए। उन्होंने लिखा कि यह फैसला पूरी कांग्रेस के मुंह पर एक बड़ा तमाचा है। मालेगांव विस्फोट 29 सितंबर, 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले के सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील शहर मालेगांव में हुआ था। भिक्कू चौक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे बम में हुए इस विस्फोट में छह लोग मारे गए थे और 100 से ज़्यादा लोग घायल हुए थे। यह घटना रमजान के दौरान और नवरात्रि से कुछ दिन पहले हुई थी।

### अमरेली में तीन दिन में तीन शावकों की मौत, नौ शेरों को किया गया अलग

अमरेली,(ईएमएस)। अमरेली जिले से चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां तीन दिनों के भीतर शेर के तीन शावकों की मौत हो गई है। इस घटनाक्रम के बाद गुजरात वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीन शेरनियों और छह शावकों को एहतियातन अलग कर दिया है और उनकी स्वास्थ्य जांच शुरू कर दी गई है। राज्य के वन मंत्री मुलुभाई बेरा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि दो शावकों की मौत 28 जुलाई को हुई थी, जबकि एक शावक ने 30 जुलाई को दम तोड़ा। इन मौतों के कारणों को लेकर फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन वन विभाग ने एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। वन मंत्री ने जानकारी दी कि जूनागढ़ से विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम को मौके पर भेजा गया है। उनका कहना है, वरिष्ठ वन अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और आवश्यक कदम तुरंत उठाए जा रहे हैं।

# भारतीय महिला में डॉक्टरों ने खोजा, ऐसा ब्लड ग्रुप जो दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया



बेंगलुरु,(ईएमएस)। कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में डॉक्टरों ने एक ऐसा ब्लड ग्रुप खोजा है, जो अभी तक दुनिया में कहीं भी पहचाना नहीं गया था। डॉक्टर ने ब्लड ग्रुप को सीआरआईबी नाम दिया है। अभी तक दुनिया में इस ब्लड ग्रुप के 10 लोग ही सामने आए हैं।
यह मामला तब सामने आया जब महिला को दिल की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला का ब्लड ग्रुप ओ आएच प्लस था, जो कि सबसे आम माना जाता है। लेकिन जब सर्जरी के लिए खून जुटाया गया, तब कोई भी ओ पॉजिटिव यूनिट महिला के शरीर से मेल नहीं खा रही थी।
इसके बाद जांच के लिए सैंपल को बेंगलुरु के रोटरी बैंगलोर टीटीके ब्लड सेंटर की एडवांस्ड लैब में भेजा गया। टीम ने महिला के 20 परिजनों के ब्लड सैंपल भी जांचे, लेकिन कोई मेल नहीं मिला। डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि हमारे द्वारा एडवांस टेस्टिंग की, जिसमें सामने आया कि मरीज का खून हर सैंपल से पैन-रिएक्टिव था, यानी किसी भी खून से मेल नहीं खा रहा था। हमें शक हुआ कि यह कोई नया या बहुत दुर्लभ ब्लड ग्रुप हो सकता है। इसके बाद महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल इंटरनेशनल ब्लड ग्रुप रेफरेंस लैब, ब्रिस्टल, यूके भेजे गए। 10 महीने की रिसर्च और जेनेटिक टेस्टिंग के बाद आखिरकार वैज्ञानिकों ने महिला में एक बिल्कुल नया ब्लड ग्रुप एंटीजन खोज निकाला।

#### क्या है सीआरआईबी ब्लड ग्रुप?

सीआरआईबी का पूरा नाम क्रोमोसोम रीजन आइडेंटिफाइड एज ब्लड ग्रुप है। इसका संबंध आईएनआरए (इंडियन रेयर एंटीजिन) ब्लड ग्रुप सिस्टम से है, जिसे इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ब्लड ट्रांसफ्यूजन (आईएसबीटी) ने 2022 में मान्यता दी थी।
सीआरआईबी ब्लड ग्रुप में एक आम पाया जाने वाला एंटीजन नहीं होता, जो ज्यादातर लोगों में होता है। इस वजह से सीआरआईबी ब्लड ग्रुप वाले व्यक्ति को सिर्फ सीआरआईबी-नेगेटिव खून ही चढ़ाया जा सकता है, जो पूरी दुनिया में बेहद दुर्लभ है।

#### क्या हैं इसके प्रभाव?

सीआरआईबी ब्लड ग्रुप की पहचान उन मामलों में जीवन रक्षक साबित होगी, जहां गर्भवती महिला के शरीर में ऐसे एंटीबॉडी बनते हैं जो भ्रूण के रक्त को नुकसान पहुंचाते हैं। इसतरह के मामलों में समय रहते जांच और सावधानी बरती जा सकती है।
डॉक्टरों का कहना है कि इस ब्लड ग्रुप वाली महिला को भविष्य में अगर दोबारा खून की जरूरत पड़ी, तब महिला को दूसरों के डोनेशन पर निर्भर नहीं रहना होगा। उसे पहले से अपना ही खून ऑटोलॉगस ट्रांसफ्यूजन के जरिए स्टोर करना पड़ेगा। इस खोज को पिछले महीने इटली के मिलान में एक अंतरराष्ट्रीय मेडिकल प्रेसवार्ता में पेश किया गया, जहां इस एक बड़ी उपलब्धि माना गया। डॉक्टरों का मानना है कि यह खोज भारत को विश्व स्तर पर इम्यूनो-हेमैटोलॉजी रिसर्च का केंद्र बना सकती है।
इम्यूनो-हेमैटोलॉजी एक विशेष चिकित्सा शाखा है, जो हमारे खून में मौजूद एंटीजन और एंटीबॉडी के आपसी संबंध और उनकी प्रतिक्रिया का अध्ययन करती है। अब वैज्ञानिक सीआरआईबी की पहचान के लिए खास एंटीबॉडी पैनल और स्क्रीनिंग टेस्ट विकसित करने की मांग कर रहे हैं, ताकि इसतरह के मामलों को पहले ही पहचाना जा सके।

## विकास निगम को 2 हजार करोड़ की वित्तीय सहायता मंजूर

### कैबिनेट की बैठक में किसानों और रेलवे से जुड़ी कई बड़ी घोषणाओं को

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों और रेलवे से जुड़ी कई बड़ी घोषणाओं को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कुल छह अहम फैसलों को मंजूरी दी गई, इसका सीधा असर देश के किसानों, कोऑपरेटिव संस्थाओं और रेलवे नेटवर्क पर पड़ेगा। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को 2000 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। मोदी सरकार की योजना से देश के 94 प्रतिशत किसान वर्ग को लाभ मिलेगा। इसके तहत 2025-26 से लेकर 2028-29 तक के लिए यह सहयोग जारी रहेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि इससे सहकारी संस्थाएं और अधिक मजबूत होकर किसानों की आय बढ़ाने में भूमिका निभाएं। मोदी सरकार ने पीएमकेएसवॉय के लिए कुल 6520 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है, जिसमें 1920 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि शामिल है।
इस योजना के अंतर्गतः1000 करोड़ रुपये से खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं और विकिरण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। 100 एनएबीएल मान्यता प्राप्त फूड टेस्टिंग लैब्स और 50 फूड इरिडेशन यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। अन्य घटक योजनाओं के लिए 920 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।
केंद्रीय मंत्री ने बताया कि फूड प्रोसेसिंग सेक्टर का एक्सपोर्ट 11 वर्षों में दोगुना होकर 5 बिलियन डॉलर से बढ़कर 11 बिलियन डॉलर पहुंच चुका है। मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को इटारसी से नागपुर तक चौथी रेलवे लाइन बिछाने को मंजूरी दी है। प्रोजेक्ट से इस महत्वपूर्ण रेल रूट की क्षमता और स्पीड दोनों बढ़ेगी।
वर्तमान में तीसरी लाइन पर काम चल रहा है, और अब चौथी लाइन का रास्ता भी साफ हो गया है।
इतना ही नहीं मोदी सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों में फैली चार मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के जरिए भारतीय रेलवे का नेटवर्क करीब 574 किलोमीटर तक विस्तारित किया जाएगा।

## अदालत से बरी होने पर भावुक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने कहा, आज भगवा जीत गया

### मुझे 13 दिनों तक प्रताड़ित किया, मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी

मुंबई,(ईएमएस)। एनआईए की विशेष अदालत ने गुरुवार को 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित सहित सभी सात आरोपियों को बरी किया। इसके फैसले के बाद अदालत में भावुक माहौल छा गया। अदालत ने अपने फैसले में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), शस्त्र अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोपों को बरकरार रखने के लिए पर्याप्त सबूतों के अभाव का हवाला दिया।
फैसला सुनाए जाने के बाद मुख्य आरोपियों में से एक साध्वी प्रज्ञा ठाकुर अदालत में फूट-फूट कर रो पड़ीं। हाथ जोड़कर जज को संबोधित कर उन्होंने कहा, मुझे 13 दिनों तक प्रताड़ित किया गया। मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी गई। मुझे 17 साल तक अपमानित किया गया। उन्होंने मुझे अपने ही देश में आतंकवादी करार दिया।
बरी होने के लिए अदालत का शुक्रिया अदा कर कहा, मैं उन लोगों के बारे में कुछ नहीं कह सकती जिन्होंने मुझे इस हालत में पहुंचाया। मैं सिर्फ इसलिए जिंदा हूं क्योंकि मैं एक संन्यासी हूं।


**कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 14/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 07.08.2025 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 08.08.2025 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 08.08.2025 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | धनवार | धनवार प्रखंड के अनुमण्डल अस्पताल खोरीमहुआ का एप्रोच रोड़ निर्माण। | 21,27,800.00 | 42,600.00 | 5,000.00 | तीन माह। |

निविदा की शर्ते कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गिरिडीह जिला के website www. giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह

PR 358649 NREP(25-26)#D


### पुंछ के मौलाना को आतंकी बताने पर मचा बवाल, पत्नी ने कहा

## माफी नहीं, सजा मिले, मीडिया पर 10 करोड़ का मानहानि केस

जम्मू,(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के बैला गांव में ग़म और गुस्से का माहौल है। यहां रहने वाले मौलाना कारी मोहम्मद इकबाल की 7 मई को पाकिस्तान की बमबारी में मौत हो गई थी। वे एक मदरसे में शिक्षक थे और जामिया जिया-उल-उलूम में पढ़ाया करते थे। लेकिन उनकी शहादत के बाद कुछ मीडिया चैनलों ने उन्हें पाकिस्तानी आतंकी और लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर बता दिया था।
मीडिया में झूठी खबरें चलने के बाद उनके परिवार ने न्याय की लड़ाई शुरु की है, जो कि अभी जारी है। दरअसल शिक्षक कारी मोहम्मद की पत्नी नसीम अख्तर ने दो बड़े मीडिया संस्थानों को 5-5 करोड़ का मानहानि नोटिस भेजा है और कहा है कि माफ़ी से बात नहीं बनेगी, मेरे पति को आतंकी बताकर अपमानित किया गया, उनके शहीद होने को झूठा कहा गया। उन्हें सज़ा मिलनी चाहिए। नसीम अख्तर का कहना है कि उनके पति देशभक्त थे और अपने छात्रों को शिक्षित करने में जीवन लगा दिया। उन्होंने कभी देश विरोधी गतिविधियों में हिस्सा नहीं लिया। भावुक हुईं नसीम कहती हैं कि उन्होंने कभी हथियार नहीं उठाया, सिर्फ क़लम उठाई थी।

#### एफआईआर दर्ज, मीडिया पर बढ़ता दबाव

पुंछ पुलिस ने इन मीडिया संस्थानों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। यह मामला अब सिर्फ व्यक्तिगत नहीं रहा, बल्कि मीडिया की जवाबदेही और प्रेस की नैतिकता पर भी सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि कुछ चैनलों ने अपनी रिपोर्ट पर माफी मांगी है, लेकिन परिवार इस पर संतुष्ट नहीं है।

### दिल्ली में रोडरेज की दो चौंकाने वाली घटनाएं हुईं, हॉर्न बना वजह

नई दिल्ली,(ईएमएस)। देश की राजधानी दिल्ली में रोडरेज की दो चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं, जहां मामूली सी बात पर हिंसा इस कदर बढ़ गई कि तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए, और एक व्यक्ति को तो अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।
खास बात यह है कि दोनों ही मामलों में हॉर्न बजाना झगड़े की वजह बनी है। पहली घटना द्वारका सेक्टर-10 की है, जहां 27 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे कुछ युवक खाना लेने एक स्वल्पाहार गृह पहुंचे थे। मनोज, कुणाल और नागेंद्र, तीनों दोस्त वहां खाने के लिए रुके थे। मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए गाड़ी का हॉर्न बजाया, जिससे पास खड़ी थार और बीएमडब्ल्यू के पास मौजूद लोगों को गुस्सा आ गया। प्राथमिकी के अनुसार, थार गाड़ी के पास खड़े व्यक्ति ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

## मालेगांव ब्लास्ट केस : कांग्रेस फैसले से नाखुश, भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) नेताओं ने जाहिर की खुशी

### बीजेपी नेता सौमया ने फैसले को कांग्रेस और गांधी परिवार के लिए करारा तमाचा बताया





नई दिल्ली,(ईएमएस)। मालेगांव ब्लास्ट केस में सभी आरोपियों के बरी होने के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के साथ-साथ शिवसेना (यूबीटी) ने भी इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जहां कांग्रेस ने एनआईए अदालत के फैसले पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद, इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि यह फैसला इंसाफ नहीं है। उन्होंने फिर कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से कहती रही है कि धर्म का आतंकवाद से कोई लेना-देना नहीं है और भगवा आतंकवाद शब्द तत्कालीन गृह सचिव आर.के. सिंह ने गढ़ा था, जिन्हें बाद में भाजपा ने अपने साथ रखा।
वहीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष, राहुल गांधी ने फैसले को सरकार द्वारा मुद्दों से भटकाने का प्रयास बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अपनी नीतियों को तबाह किया है और अब लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, ने सवाल उठाया कि अगर पुलिस ने सभी कड़ियों को जोड़कर जांच की थी, तब फिर यह धमाका किसने किया था। उन्होंने जोर दिया कि मालेगांव में ब्लास्ट हुआ था और आतंकवाद को हिंदू या मुसलमान के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। लेकिन इंडिया गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) ने मालेगांव ब्लास्ट केस के फैसले का स्वागत किया है। शिवसेना (यूबीटी) नेता, आनंद दुबे ने कोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य बताकर कहा कि 17 साल बाद ही सही, सत्य सामने आया है। उन्होंने जोर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और भगवा आतंकवाद जैसी कोई चीज नहीं है, जैसा कि कुछ नेताओं ने पहले कहा था। उन्होंने न्याय मिलने में लगे समय पर भी सवाल उठाया, लेकिन कोर्ट को धन्यवाद दिया कि देर आए दुरुस्त आए।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

77वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–धनबाद

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–361/25<br>2. आवेदक–बाबुलाल महतो<br>3. पिता–स्व0 ज्योतिलाल महतो<br>4. ग्राम–धोवाटांड, पोस्ट–भांटडीह<br>5. थाना–महुदा प्रखण्ड–बाघमारा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–52 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं | तोपचाँची थाना काण्ड सं0–160/93 | नहीं | कारण–दि0 01.10.1993 को झामुमो के कार्यकताओं द्वारा आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर बम विस्फोट कर रेलवे लाईन उड़ाने का आरोप। जेल की अवधि–01 माह 04 दिन | 2(viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–363/25<br>2. आवेदक–प्रह्लाद गोप<br>3. पिता–अयोध्या गोप<br>4. ग्राम–फुलवार पोस्ट–प्रधानखन्ता<br>5. थाना–कतरास प्रखण्ड–बाघमारा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नहीं | तोपचाँची थाना काण्ड सं0–160/93 | नहीं | कारण–दि0 01.10.1993 को झामुमो के कार्यकताओं द्वारा आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर बम विस्फोट कर रेलवे लाईन उड़ाने का आरोप। जेल की अवधि–01 माह 04 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–364/25<br>2. आवेदक–लक्ष्मीकान्त मोदी<br>3. पिता–स्व0 हीरालाल मोदी<br>4. ग्राम–छाताबाद, टोला–मोदीडीह, पोस्ट–बी0आई0टी0 सिन्द्री<br>5. थाना–बलियापुर प्रखण्ड–बलियापुर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–57 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल। | धनबाद थाना काण्ड सं0–51/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 12.05. 1983 को अलग राज्य की मांग को लेकर जेल भरो अभियान चलाना एवं धारा–144 का उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि :–06 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–362/25<br>2. आवेदक–महावीर महतो<br>3. पिता–सुखीचन्द महतो<br>4. ग्राम–परसवनियां पोस्ट–खासजीनागोड़ा<br>5. थाना–बलियापुर प्रखण्ड–बलियापुर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल। | धनबाद थाना काण्ड सं0–51/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 12.05. 1983 को अलग राज्य की मांग को लेकर जेल भरो अभियान चलाना एवं धारा–144 का उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि :–06 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक–365/25<br>2. आवेदक–मोतीलाल किस्कु<br>3. पिता–स्व0 रिन्झु किस्कु<br>4. ग्राम–पाण्डेयडीह, सिन्दुरपुर पोस्ट–बलियापुर<br>5. थाना–बलियापुर प्रखण्ड–बलियापुर<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–बायें लिलाट पर कट का निशान। | बलियापुर थाना अप्राथ0 सं0–25/92 अनु0 दण्डा0 धनबाद एम0पी0 केस सं0 1631/92 | नहीं | कारण :–दिनांक 01.09.1992 को झा0मु0मो0 (सोरेन गुट) के आह्वान पर आर्थिक नाकेबंदी के अवसर पर विधि–व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस ( 10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव). अध्यक्ष

PR 358614 Home(25-26).D

## संक्षिप्त खबरें

### आज से एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करना होगा महंगा, टोल दरों की सूची जारी



नई दिल्ली,(ईएमएस)। शुक्रवार यानी 1 अगस्त से 91 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेसवे पर यात्रा करना महंगा हो जाएगा क्योंकि अब यात्रियों को टोल टैक्स देना होगा। यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इसकी घोषणा कर दी है और टोल दरों की सूची भी जारी कर दी है। 1 अगस्त से एक्सप्रेसवे पर चलने वाली सभी गाड़ियों को टोल देना होगा। यह टैक्स एक तरफ के सफर के लिए तय किया है। यहां दरों की पूरी जानकारी दी गई है। दोपहिया गाड़ियां के लिए 140, कार, जीप और वैन को 285, हल्की कमर्शियल गाड़ियां के लिए 440, बस और ट्रक 840, भारी वाहन जैसे निर्माण में काम आने वाले मशीनों पर 1335, सबसे बड़े वाहन पर 1745 रुपए टोल टैक्स देना होगा। यूपीईआईडीए ने यात्रियों के लिए कुछ छूटों का भी ऐलान किया है जिसमें अगर कोई गाड़ी उसी दिन यानी 24 घंटे में वापसी करता है तो उसे पूरा टोल नहीं देना होगा। ऐसे में 60 फीसदी की छूट मिलेगी जैसे अगर एक तरफ का टोल 100 रुपए है तो दोनों तरफ का कुल 160 देना होगा। जो लोग महीने में 20 बार या उससे ज्यादा बार इस एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते हैं उन्हें कुल टोल राशि पर 20 फीसदी की छूट दी जाएगी। यानी उन्हें तय दर का केवल 80 फीसदी ही भुगतान करना होगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे ने गोरखपुर और आजमगढ़ के आसपास के इलाकों की कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार किया है। इसके अलावा लखनऊ जाने वाले यात्रियों को भी इस एक्सप्रेसवे से काफी राहत मिली है जिससे यात्रा का समय कम हो गया है।

### भारत में बिजली की मांग में चार फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने कहा है कि इस साल भारत में बिजली की मांग में मामूली चार फीसदी बढ़ोतरी होने का अनुमान है। वर्ष की पहली छमाही में गर्मी अपेक्षाकृत कम पड़ने से खपत में कमी आई है और अधिकतम मांग सितंबर में आने की संभावना है। आईईए ने अपनी छमाही रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक बिजली की मांग 2025-26 में पिछले अनुमान और पिछले दशक की तुलना में कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रही है। चीन और भारत में बिजली की मांग इस साल 2024 में तीव्र वृद्धि के मुकाबले धीमी गति से बढ़ने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल छह फीसदी की वृद्धि के बाद इस साल भारत में बिजली की मांग में चार फीसदी की वृद्धि का अनुमान है। आईईए ने अनुमान लगाया है कि 2025 में चीन की खपत पांच फीसदी बढ़ेगी, जो पिछले साल के सात फीसदी से कम है। अकेले चीन की वैश्विक बिजली मांग वृद्धि में 50 फीसदी हिस्सेदारी होगी, जैसा कि 2024 में हुआ था। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में औद्योगिक गतिविधियों पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं और 2024 की तुलना में कम गर्मी पड़ने से 2025 की पहली छमाही में बिजली की मांग में सालाना आधार पर 1.4 फीसदी की वृद्धि हुई। साल की बची हुई अवधि में मांग में और ज्यादा वृद्धि होने का अनुमान है और इसमें चार फीसदी वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। आईईए ने 2026 में 6.6 फीसदी की मजबूत वृद्धि का अनुमान है। इसका कारण उद्योग और सेवा क्षेत्रों में मजबूत गतिविधियां और एसी की बढ़ती संख्या है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेरिस स्थित एजेंसी ने विद्युत मंत्रालय के अनुमानों का हवाला देते हुए कहा कि अधिकतम मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। यह इस साल गर्मियों के बजाय सितंबर में स्थानांतरित हो सकती है। हालांकि उत्पादन क्षमता में वृद्धि से इस मांग को पूरा किए जाने का अनुमान है। आईईए ने उत्पादन के संबंध में कहा कि सौर पीवी और पवन ऊर्जा का संयुक्त उत्पादन 2025 की पहली छमाही में सालाना आधार पर 20 फीसदी ज्यादा रहा। कुल बिजली उत्पादन में इनकी हिस्सेदारी 14 फीसदी रही जो 2024 की पहली छमाही में 11 फीसदी थी। सौर पीवी उत्पादन में 25 फीसदी और पवन ऊर्जा में करीब 30 फीसदी की वृद्धि हुई। पनबिजली के क्षेत्र में 2024 के मध्य से स्थिति में उल्लेखनीय सुधार के परिणामस्वरूप जनवरी और जून के बीच जलविद्युत उत्पादन में सलाना आधार पर 16 फीसदी की वृद्धि हुई। राजस्थान परमाणु ऊर्जा स्टेशन की 700 मेगावाट की इकाई-सात सहित मार्च में उत्तरी ग्रिड से जुड़ी अतिरिक्त क्षमता ने इस अवधि में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में 14 फीसदी की वृद्धि में योगदान दिया।

### भारत का चीनी उत्पादन जुलाई में 18.38 से घटकर 2.58 करोड़ टन हुआ

### यह गिरावट गन्ने की कमी, कीट एवं रोगों के प्रकोप के कारण आई

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ लिमिटेड (एनएफसीएसएफएल) ने कहा है कि चालू सत्र में जुलाई तक भारत का चीनी उत्पादन 18.38 फीसदी से घटकर दो करोड़ 58.2 लाख टन रहा। ऐसा प्रमुख उत्पादक राज्यों में कम उत्पादन के कारण हुआ है। संस्था को उम्मीद है कि पूरे सत्र में कुल उत्पादन दो करोड़ 61.1 लाख टन तक पहुंच जाएगा, जो 2023-24 में उत्पादित 3.19 करोड़ टन से काफी कम है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कर्नाटक और तमिलनाडु में जून से सितंबर तक चलने वाले विशेष पेराई कार्य चल रहे हैं और कुल उत्पादन में कुछ और टन बढ़ने की उम्मीद है। कर्नाटक में पिछले साल के एक मिल की तुलना में सात मिलें चल रही हैं, जबकि तमिलनाडु में पिछले साल के 11 मिलों की तुलना में नौ मिलें चालू हैं। एनएफसीएसएफएल के मुताबिक भारत के सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य, यूपी में जुलाई तक उत्पादन एक साल पहले के 103.6 लाख टन से घटकर 92.7 लाख टन रह गया। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक महाराष्ट्र में में भारी गिरावट आई उत्पादन पहले के 1.1 करोड़ टन से घटकर 80.9 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में उत्पादन 51.6 लाख टन से घटकर 40.6 लाख टन रह गया है। यह गिरावट गन्ने की उपलब्धता में कमी, प्रतिकूल मौसम, एथनॉल उत्पादन में इसके इस्तेमाल का बढ़ता रुझान और कीट एवं रोगों के प्रकोप के कारण आई है। एक अहम उपलब्धि के रूप में भारत ने 2025 में पेट्रोल के साथ 20 फीसदी एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है जो 2030 के लक्ष्य से पांच साल पहले है। यह उपलब्धि ग्रामीण आय को बढ़ावा देते हुए ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के देश के प्रयासों को रेखांकित करती है। भविष्य को देखते हुए एनएफसीएसएफएल ने अनुकूल मानसून महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की खेती में वृद्धि और सरकार द्वारा उचित एवं लाभकारी मूल्य में समय पर वृद्धि का हवाला देते हुए 2025-26 में 3.5 करोड़ टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया है। एनएफसीएसएफएल के प्रबंध निदेशक ने कहा कि चीनी मिलों की लाभप्रदता की रक्षा करने, ग्रामीण रोजगार को बनाए रखने और यह तय करने के लिए कि भारत एथनॉल और सहकारी विकास दोनों मोर्चों पर अपनी गति जारी रखने ऐसे उपाय जरुरी हैं।

# ईपीएफओ की उच्च पेंशन योजना को लेकर लाखों कर्मचारियों को झटका, केंद्र ने 11 लाख से अधिक आवेदन खारिज किए

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की उच्च पेंशन योजना को लेकर लाखों कर्मचारियों को तगड़ा झटका लगा है। केंद्र सरकार ने बताया कि कुल 15.24 लाख उच्च पेंशन आवेदनों में से 11 लाख से अधिक को खारिज किया गया है। केवल 4 लाख आवेदनों को ही स्वीकृति मिल पाई है, जबकि करीब 21,995 आवेदन अभी प्रक्रिया में हैं। राज्यसभा में श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि कुल आवेदनों में से 98.5 प्रतिशत मामलों की जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन इसमें से ज़्यादातर को मंजूरी नहीं मिल सकी। सबसे ज़्यादा आवेदन चेन्नई और पुडुचेरी क्षेत्र से खारिज किए गए, जिनकी संख्या 63,026 रही। मोदी सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि इतनी बड़ी संख्या में आवेदन किस कारण से खारिज किए गए, और न ही यह बताया गया है कि बाक़ी बचे आवेदनों की प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी।
बात दें कि उच्च पेंशन को लेकर कर्मचारियों की उम्मीदें तब जगी थीं, जब सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर 2022 को फैसला सुनाया था। इस फैसले में कहा गया था कि वे कर्मचारी जो 1 सितंबर 2014 से पहले ईपीएफ स्कीम में शामिल हुए और अब भी नौकरी में हैं या रिटायर हो चुके हैं, वे अपनी पूरी सैलरी के आधार पर पेंशन पाने का विकल्प चुन सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ईपीएफओ ने 26 फरवरी 2023 को उच्च पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की। अंतिम तिथि को पहले 3 मई और फिर बढ़ाकर 26 जून 2023 तक किया गया था। नियोक्ताओं को भी अपने कर्मचारियों की सैलरी डिटेल्स अपलोड करने का मौक़ा दिया गया था। इतनी बड़ी संख्या में आवेदनों के खारिज होने से यह स्पष्ट है कि या तो प्रक्रिया की जानकारी स्पष्ट नहीं थी, या फिर दस्तावेज़ और डेटा अपलोड करने में व्यापक त्रुटियां रहीं। इससे कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के बीच असंतोष गहराने की आशंका है।




#### कौन है इस योजना का पात्र?

उच्च पेंशन योजना उन्हीं कर्मचारियों के लिए है जोः 1 सितंबर 2014 से पहले ईपीएफ स्कीम में शामिल हुए हों, वर्तमान में नौकरी में हों या रिटायर हो चुके हों, जिन्होंने ईपीएस में अपनी पूरी सैलरी के आधार पर योगदान दिया हो या देने की इच्छा जताई हो। इस स्कीम के तहत पेंशन की गणना कर्मचारी की कुल सेवा अवधि और योगदान की राशि के आधार पर की जाती है, जिससे उन्हें सामान्य ईपीएस पेंशन से कहीं अधिक लाभ मिल सकता है।
ईपीएस-95 यानी एम्प्लॉयी पेंशन स्कीम 1995, ईपीएफओ की वह योजना है जिसके तहत संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को रिटायरमेंट के बाद पेंशन दी जाती है।
अब तक पेंशन 15,000 रुपए की अधिकतम सैलरी सीमा पर आधारित थी, जिस पर वर्षों से विवाद चल रहा था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उम्मीद थी कि कर्मचारियों को वास्तविक सैलरी के आधार पर पेंशन मिल सकेगी।

# टीसीएस से छंटनी बीच इंफोसिस ने दी 20,000 फ्रेशर्स को नियुक्ति करने की राहत भरी खबर

मुंबई,(ईएमएस)। देश की प्रमुख आईटी कंपनी इंफोसिस ने वर्तमान में समय में राहत भरी खबर दी है जब प्रतिस्पर्धी कंपनियों में छंटनी कर रही है। तब इंफोसिस के सीईओ सलिल पारेख ने कहा है कि कंपनी इस साल करीब 20,000 फ्रेशर्स को नियुक्ति देने की योजना बना रही है। यह बयान तब आया है जब टीसीएस द्वारा 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की खबर सामने आई है।
पारेख ने बताया, “हमने वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 17,000 से अधिक लोगों को नियुक्त किया है। अब हम पूरे वर्ष में करीब 20,000 कॉलेज से निकले युवाओं को हायर करने की योजना बना रहे हैं।” उन्होंने कहा कि इंफोसिस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर भारी निवेश कर रही है और कर्मचारियों को नए स्किल्स सिखा रही है। अब तक कंपनी ने करीब 2.75 लाख कर्मचारियों को एआई और टेक्नोलॉजी में ट्रेनिंग दी है।




वहीं टीसीएस ने हाल ही में 12,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी की पुष्टि की है, जो कि भारत के आईटी सेक्टर की अब तक की सबसे बड़ी छंटनी में से एक है। नैसकॉम ने भी संकेत दिया है कि भविष्य में आईटी सेक्टर में कुछ और कटौती देखने को मिल सकती है, क्योंकि कंपनियां अब ऑटोमेशन और प्रोडक्टिविटी बढ़ाने पर ज्यादा जोर दे रही हैं।
एआई के प्रभाव पर पारेख ने बताया कि कोडिंग और सॉफ्टवेयर निर्माण में एआई के उपयोग से 5 से 15 प्रतिशत तक अधिक आउटपुट मिल रहा है। ग्राहक सेवा जैसे क्षेत्रों में इसका असर और भी अधिक है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि जटिल समस्याओं को हल करने में इंसानी अनुभव और समझ अब भी अहम है। पारेख ने बताया कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही और चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कर्मचारियों की सैलरी बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि अगली सैलरी वृद्धि पर जल्द ही विचार किया जाएगा और उचित समय पर इसकी घोषणा की जाएगी।

### सोने और चांदी की कीमतों में नरमी

नई दिल्ली (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट से भारतीय बाजार भी नीचे आया है। इसी कारण घरेलू बाजार में सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत कमजोर रही। घरेलू बाजार में आज सोना 98,750 रुपये, जबकि चांदी 1,11,500 रुपये के करीब कारोबार कर रहा था।
सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज कमजोर रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एक्सचेंज) पर सोने का अक्टूबर अनुबंध आज 83 रुपये टूटकर 98,900 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 98,983 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 214रुपये की गिरावट के साथ ही 98,769 रुपये के भाव पर कामकाज कर रहा था। इस समय इसने 98,944 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 98,763 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर कारोबार किया। सोने का वायदा भाव इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा था।

# आईसीआईसीआई बैंक आज से लेगा यूपीआई ट्रांजैक्शन शुल्क....पेमेंट एग्रीगेटर्स से

मुंबई,(ईएमएस)। अगर आप यूपीआई पेमेंट करते हैं, तब खबर आपके लिए अहम है। देश के प्रमुख निजी बैंकों में शामिल आईसीआईसीआई बैंक ने 1 अगस्त 2025 से यूपीआई ट्रांजेक्शन पर नया शुल्क लागू करने का फैसला किया है। यह चार्ज सीधे ग्राहकों पर नहीं, बल्कि पेमेंट एग्रीगेटर्स पर लगेगा। लेकिन इसका असर डिजिटल लेनदेन की लागत पर पड़ सकता है। आईसीआईसीआई से पहले येस और एक्सिस बैंक ने भी पेमेंट एग्रीगेटर्स से इसतरह के चार्ज लेना शुरू कर दिया था और अब आईसीआईसीआई बैंक भी इस सूची में शामिल है। आईसीआईसीआई बैंक ने फैसला किया है कि वह पेमेंट एग्रीगेटर्स से हर यूपीआई ट्रांजेक्शन पर 2 बेसिस प्वाइंट यानी 0.02 फीसदी का चार्ज लेगा। इसका मतलब है कि अगर कोई ट्रांजैक्शन 10,000 रुपए का है, तब उस पर 2 रुपए का चार्ज लगेगा लेकिन इस चार्ज की अधिकतम सीमा 6 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन रखी गई है। यह चार्ज उन पेमेंट एग्रीगेटर्स पर लागू होगा जिनका आईसीआईसीआई बैंक में एस्क्रो अकाउंट है। अगर किसी पेमेंट एग्रीगेटर का आईसीआईसीआई बैंक में एस्क्रो अकाउंट नहीं है, तब उससे 4 बेसिस प्वाइंट यानी 0.04 फीसदी चार्ज लिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10 रुपए प्रति ट्रांजैक्शन होगी। इसका मतलब है कि 10,000 रुपए के ट्रांजैक्शन पर 4 रुपए चार्ज बनेगा लेकिन इससे ज्यादा कभी नहीं होगा। दरअसल पेमेंट एग्रीगेटर्स वे कंपनियां हैं जो ऑनलाइन व्यापारियों को ग्राहकों से पेमेंट लेने में मदद करती हैं। जैसे, अगर आप किसी दुकान या ऑनलाइन स्टोर पर यूपीआई से पेमेंट करते हैं, तब पेमेंट एग्रीगेटर उस पेमेंट को प्रोसेस करता है और व्यापारी के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करता है। आईसीआईसीआई बैंक का यह चार्ज सिर्फ उन ट्रांजेक्शन पर लागू होगा जो आईसीआईसीआई बैंक के मर्चेंट अकाउंट में सीधे सेटल नहीं होते। अगर मर्चेंट का अकाउंट आईसीआईसीआई बैंक में है, तब यह चार्ज नहीं लगेगा।
फिलहाल आम ग्राहकों को यूपीआई ट्रांजेक्शन के लिए कोई चार्ज नहीं देना होगा। सरकार और आरबीआई ने अभी तक मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को शून्य रखा है लेकिन भविष्य में नीति में बदलाव संभव है।




### खाते में बैलेंस नहीं रखने पर बैंकों ने ग्राहकों से वसूले 8,933 करोड़ रुपए

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पिछले पांच सालों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने ग्राहकों से करीब 8,933 करोड़ रुपए का जुर्माना वसूला। यह जुर्माना खातों में न्यूनतम औसत बैलेंस नहीं रखने में के एवज में वसूला गया। यह जानकारी केंद्र सरकार ने संसद में साझा की है।
भारतीय स्टेट बैंक तो मार्च 2020 से ही ये जुर्माना नहीं ले रहा है लेकिन बाकी कई बड़े सरकारी बैंक फाइन लगा रहे हैं। इन बैंकों में इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तक शामिल रहे हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भी हाल ही में यह चार्ज माफ कर दिया है। बैंकों का कहना है कि ये कदम ग्राहकों को राहत देने और हर किसी के लिए बैंकिंग सेवाओं को समान रूप से उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए हैं। 2020-21 से लेकर 2024-25 की अवधि में बैंकों ने यह जुर्माना वसूला। शुरुआती 2020-21 में 1,142 करोड़ वसूले गए थे, जो 2023-24 में बढ़कर 2,331 करोड़ हो गए। वहीं 2024-25 में इसमें थोड़ी गिरावट आई और यह 2,175 करोड़ रहा।
सबसे अधिक जुर्माना वसूलने वाले बैंकों में इंडियन बैंक 1,828.18, पंजाब नेशनल बैंक 1,662.42, बैंक ऑफ बड़ौदा 1,531.62, केनरा बैंक 1,212.92, बैंक ऑफ इंडिया 809.66, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 585.36, बैंक ऑफ महाराष्ट्र 535.20, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया 484.75, यूको बैंक 119.91, पंजाब एंड सिंध बैंक 100.92, इंडियन ओवरसीज बैंक 62.04 करोड़ का जुर्माना वसूला।

### बड़ी कंपनियां 5 दमदार एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में

नई दिल्ली (ईएमएस)। कई बड़ी कंपनियां दिवाली 2025 तक 5 दमदार एसयूवी लॉन्च करने की तैयारी में हैं, जो डिजाइन, फीचर्स और परफॉर्मेंस के मामले में जबरदस्त होंगी। महिंद्रा अपनी लोकप्रिय बोलेरो नियो का फेसलिफ्ट वर्जन 15 अगस्त 2025 को लॉन्च करेगी। यह एसयूवी कंपनी के नए फ्रीडम एनयू प्लेटफॉर्म पर तैयार होगी। इसमें गोल हेडलैम्प, नया बंपर और रिफ्रेश इंटीरियर देखने को मिलेगा। हालांकि इंजन में कोई बदलाव नहीं होगा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुए। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकतों के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस के साथ व्यापार के लिए अलग से पेनल्टी लगाने के फैसले के कारण पड़े दबाव से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 296.25 अंक नीचे आकर 81,185.58 और 50 शेयरों पर अधारित एनएन निफ्टी 86.70 अंक की गिरावट के साथ ही 24,768.35 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान बाजार में दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा। इंडिया विक्स 2.94 फीसदी बढ़कर 11.54 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 541.70 अंक या 0.93 फीसदी की गिरावट के साथ 57,400.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 190 अंक करीब 1.05 फीसदी की कमजोरी के साथ 17,966.85 पर था। मेटल, फार्मा ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और रियल्टी के शेयर भी नीचे आये हालांकि एफएमसीजी, डिफेंस और मीडिया इंडेक्स में तेजी रही। गुरुवार को सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 7 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 23 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह, निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 14 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 36 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 3.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ, आज टाटा स्टील के शेयर सबसे ज्यादा 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।
सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज एटरनल (जोमेटो) के शेयर 1.40 फीसदी, आईटीसी 1.01 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.96 फीसदी, पावरग्रिड 0.64 फीसदी, टेक महिंद्रा 0.10 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.10 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.09 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, गुरुवार को सनफार्मा में शेयरों में 1.69 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 1.50 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.39 फीसदी, एनटीपीसी 1.37 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.04 फीसदी, भारती एयरटेल 0.93 फीसदी, टाइटन 0.89 फीसदी, बीईएल 0.88 फीसदी, एलएंडटी 0.80 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।
वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार सुबह सेंसेक्स 683 अंक नीचे आकर 80,798 । वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 209 अंक टूटकर 24,675 पर खुला। वहीं सभी क्षेत्रों में आज गिरावट रही। सुबह निफ्टी ऑटो में 0.99 फीसदी, निफ्टी पीएसयू बैंक और प्राइवेट बैंक में 0.66 फीसदी और 0.52 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। वहीं कंज्यूमर ड्यूरेबल और ऑयल एंड गैस सेक्टर्स में भी 1-1 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी। ब्रॉडर मार्केट की बात करें तो निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 आज 0.75फीसदी और 0.46फीसदी तक गिरा। वहीं गत कारोबारी सेशन में बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया पर 30 जुलाई को प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी, एफएमसीजी और कैपिटल गुड्स सेक्टर में बढ़त से निफ्टी 24,850 के स्तर पर बंद हुआ. दूसरी ओर, ऑटो, पीएसयू बैंक और रियल्टी शेयरों में बिकवाली हावी रही। 30 जुलाई को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार आठवें सत्र में बिकवाली जारी रखी और 850 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 18वें दिन खरीदारी जारी रखी और 1,829 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।




# टीसीएस ने किया छटनी का ऐलान, आईटी एंप्लॉयीज यूनियन ने ठोका मुकदमा

### कंपनी पर नियमों का उल्लंघन कर छटनी करने का लगाया आरोप

बेंगलुरु,(ईएमएस)। टीसीएस से छटनी के ऐलान ने दुनिया को हैरान कर दिया है। आईटी सेक्टर की भारत ही नहीं दुनिया की इस दिग्गज कंपनी ने 12 हजार कर्मचारियों को हटाने की घोषणा की है। कंपनी का कहना है कि फ्यूचर रेडी होने, नई तरह की डिमांड के लिहाज से खुद को तैयार करने और नई तकनीक से सामंजस्य बिठाने के लिए कंपनी ने यह फैसला किया है, लेकिन इससे आईटी कर्मचारियों में नाराजगी है। यही नहीं कर्नाटक स्टेट आईटी एंप्लॉयीज यूनियन ने इस मामले में एक केस भी दायर कर दिया है।
आईटी यूनियन ने लेबर कमिश्नर के पास मामला दायर किया गया है। यूनियन का कहना है कि टीसीएस ने नियमों का उल्लंघन करते हुए छटनी का फैसला लिया है। वहीं टीसीएस का कहना है कि फाइनेंशियल ईयर 2026 में वह अपनी वर्कफोर्स में 2 फीसदी की कमी करेगी। इसका अर्थ है कि 12 हजार लोग नौकरी खो देंगे। इस फैसले के खिलाफ कर्नाटक आईटी यूनियन के प्रतिनिधियों ने अडिशनल लेबर कमिश्नर से मुलाकात की और कर्मचारियों की संस्याओं से अवगत कराया है। इन कर्मचारियों ने इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स ऐक्ट का हवाला देते हुए कहा कि किसी कंपनी में यदि 100 से ज्यादा कर्मचारी होते हैं तो वहां छटनी के लिए सरकार से पहले अप्रूवल लेना जरूरी होता है। इसके लिए ऐक्ट में कुछ नियम तय किए गए हैं। यूनियन का कहना है कि टीसीएस मैनेजमेंट ने इन नियमों का उल्लंघन किया है। यूनियन की मांग है कि उन अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की जाए, जिन्होंने यह फैसला लिया है। यूनियन ने कहा है कि लेबर डिपार्टमेंट को इस मामले में तत्काल न्याय करना चाहिए ताकि इस छटनी से प्रभावित होने वाले लोगों के साथ न्याय हो सके।

# ट्रंप ने किया पाकिस्तान से तेल भंडार व गैस विकास डील का ऐलान

### इस समझौते से क्षेत्रीय भू-राजनीति में कई निशाने साधने चाहता है अमेरिका

### अमेरिका ने किया पाकिस्तान के विशाल तेल और गैस भंडारों का दोहन करेंगे



इस्लामाबाद,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ एक ऐतिहासिक तेल भंडार विकास समझौते की घोषणा की है, जिसके तहत दोनों देश मिलकर पाकिस्तान के विशाल तेल और गैस भंडारों का दोहन करेंगे। ट्रंप का यह फैसला केवल अमेरिका के आर्थिक हितों को साधने का प्रयास ही नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय भू-राजनीति में कई निशाने साधने की रणनीति भी है।ट्रंप ने बुधवार को अपने ट्रूथ पर ऐलान किया कि अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के 'विशाल तेल भंडार' को बाहर लाएंगे। 2024 में खोजे गए ऑफशोर तेल और गैस भंडार जिन्हें दुनिया का चौथा सबसे बड़ा भंडार माना जा रहा है, अब ट्रंप की नजर में हैं। पाकिस्तान के पास 6-8 ट्रिलियन डॉलर का खजाना है तेल, गैस, तांबा, सोना, कोयला है जिसे ट्रंप हथियाना चाहते हैं। इस डील में एक अमेरिकी तेल कंपनी इस प्रोजेक्ट को लीड करेगी। कंपनी कौन सी होगी, उसका नाम अभी सामने नहीं आया है।पाकिस्तान की सीमित तकनीकी और वित्तीय क्षमता के कारण तेल नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में उसकी मदद अमेरिका करेगा। पाकिस्तान अपनी 85 फीसदी तेल और 29 फीसदी गैस जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, लेकिन अमेरिका की मदद से पाकिस्तान अपने भंडारों से कमाई करेगा। अमेरिका को पाकिस्तान के विशाल संसाधनों तक पहुंच मिलेगी, जिससे वह वैश्विक ऊर्जा बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करेगा। साथ ही यह यूक्रेन के खनिजों पर कब्जे के बाद अमेरिका की रणनीति का हिस्सा है, जहां वह वैश्विक खनिज और ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण करना चाहता है।ट्रंप ने भारत पर टैरिफ लगाकर पाकिस्तान को भी खुश किया है, जिसे एक कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा सकता है। इसके बदले में पाकिस्तान ने तेल समझौते पर सहमति दी, लेकिन इसकी नींव भी जून 2025 में रखी गई थी। तब ट्रंप ने जनरल असीम मुनीर के साथ व्हाइट हाउस में डिनर किया था। वहीं 26 जुलाई को पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने मार्को रुबियो के साथ मुलाकात की थी।चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा के तहत पाकिस्तान में 65 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश कर चुका है, जिसमें ग्वादर में तेल रिफाइनरी और गैस पाइपलाइन में अरबों डॉलर का निवेश शामिल है। यह पाकिस्तान को चीन का रणनीतिक साझेदार बनाता है, और पाकिस्तान चीन से जेएफ-17 फाइटर जेट्स, नेवी जहाज, और अन्य हथियारों की बड़ी खेप खरीद रहा है।डोनाल्ड ट्रंप की नीति स्पष्ट रूप से 'अमेरिका फस्ट पर आधारित है। वह भारत पर टैरिफ और पाकिस्तान के साथ तेल समझौते के जरिए कई लक्ष्य साध रहे हैं, लेकिन हर हाल में उनका लक्ष्य अमेरिका पहले की नीति है और वह अपने हर एक्शन से अमेरिका को फायदा दिलाने में लगे हैं।

# अंगोला में पेट्रोल पर 9 रुपए बढ़ने पर पूरा देश सड़कों पर, मचा बवाल

### हिंसा भड़की दो दिन में 22 लोगों ने गंवाई जान, 1200 गिरफ्तार




लुआंडा,(ईएमएस)। तेल से भरपूर अंगोला में महंगाई के खिलाफ उठा जनाक्रोश हिंसक में बदल गया। राजधानी लुआंडा और कई शहरों की सड़कों पर आगजनी, गोलीबारी और लूटपाट ने 22 लोगों की जान चली गई, जिनमें एक पुलिसकर्मी भी शामिल है। बता दें टैक्सी चालकों ने 1 जुलाई को बढ़े पेट्रोल के दाम के खिलाफ हड़ताल का ऐलान किया था। बुधवार को शहर में सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर गाड़ियों की जगह सुरक्षा बलों के वाहन थे और दुकानों के बाहर ताले लटके थे। लुआंडा निवासी डैनियल पेड्रो, जो एक बेरोजगार शिक्षक हैं उन्होंने बताया कि सरकार कहती है युवा भविष्य हैं, लेकिन आज ही उनका कोई वजूद नहीं। बेरोजगारी और महंगाई ने हमें असुरक्षित बना दिया है।सरकार ने ईंधन पर दी जा रही भारी सब्सिडी को घटा दिया है। अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 300 से बढ़ाकर 400 क्वांजा यानी 29 से 38 रुपए कर दी गई है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की सिफारिश पर उठाया गया ताकि स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च बढ़ाया जा सके, लेकिन इसका सीधा असर उन 3.6 करोड़ नागरिकों पर पड़ा, जिनका पहले ही 20 फीसदी मुद्रास्फीति और करीब 30 फीसदी बेरोजगारी से दम घुट रहा है।बता दें दक्षिणी शहर लुबैंगो में मंगलवार को 16 साल के किशोर की मौत उस समय हुई जब वह सत्तारूढ़ पार्टी एमपीएलए के कार्यालय पर धावा बोलने वालों में शामिल था। पुलिस की गोली से उसकी जान चली गई। सरकार ने कहा कि हिंसा के पीछे 'आपराधिक तत्वों' का हाथ था, जिन्होंने विरोध को सुरक्षा संकट में बदल दिया। दो दिन में 66 दुकानें लूट ली गईं और करीब 200 लोग घायल हुए है और 1200 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।विपक्षी पार्टियां और ब्लोको डेमोक्रैटिको ने इसे 'नीतिगत असंवेदनशीलता' करार दिया है। 1975 से एमपीएलए के शासन में चल रहे अंगोला को दशकों की तानाशाही और गृहयुद्ध की विरासत झेलनी पड़ी है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम और मध्य अफ्रीका में हैजा के बढ़ते मामलों पर चिंता जाहिर की

वाशिंगटन (ईएमएस)। संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम और मध्य अफ्रीका में हैजा के बढ़ते मामलों को लेकर फिक्र जाहिर की है। यूएन ने चेताया है कि बरसात के मौसम में करीब 80,000 बच्चे हैजा की चपेट में आ सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक के हवाले से रिपोर्ट में बताया कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और नाइजीरिया में हैजा का प्रकोप ज्यादा है और इस वजह से पड़ोसी देशों में संक्रमण का जोखिम बढ़ गया है।हक ने कहा कि चाड, कांगो गणराज्य, घाना, कोट डी आइवर और टोगो जैसे देश वर्तमान में हैजा की महामारी से परेशान हैं। इसके अलावा, नाइजर, लाइबेरिया, बेनिन, मध्य अफ्रीकी गणराज्य और कैमरून अपनी भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों के कारण बीमारी के प्रति अति संवेदनशील हैं और इन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। बारिश का मौसम इस स्थिति को और जटिल बना रहा है, क्योंकि दूषित पानी और अपर्याप्त स्वच्छता सुविधाएं हैजा के प्रसार में मदद करती हैं।यूनिसेफ ने प्रकोप की शुरुआत से ही प्रभावित क्षेत्रों में सक्रियता से काम शुरू कर दिया है। संगठन उपचार केंद्रों और समुदायों को स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता और सफाई से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसके साथ ही, हैजा टीकाकरण अभियानों को बढ़ाने और परिवारों को स्वच्छ प्रथाओं के प्रति जागरूक करने के प्रयास तेज किए गए हैं।हक ने कहा कि इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए तत्काल और व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है।संयुक्त राष्ट्र ने आगामी तीन महीनों में इमरजेंसी रिस्पॉन्स को ध्यान में रख 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है।

### 11 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न, सिंगापुर की अदालत ने भारतीय नागरिक को सुनाई सजा

#### उम्र अधिक होने के कारण उन्हें कोड़े नहीं मारे जाएंगे

सिंगापुर (ईएमएस)। सिंगापुर में 11 साल की बच्ची का दो बार यौन उत्पीड़न करने के जुर्म में भारतीय नागरिक को 14 साल से अधिक की सजा सुनाई गई। सिंगापुर की अदालत के फैसले के अनुसार रामलिंगम सेल्वासेकरन (58) की उम्र अधिक होने के कारण उन्हें कोड़े नहीं मारे जाएंगे लेकिन आरोपी को सुनाई गई 14 वर्ष, तीन महीने और दो सप्ताह की सजा में 15 कोड़ों के बदले अतिरिक्त कारावास की सजा शामिल है। रिपोर्ट में बताया कि सेल्वासेकरन को अदालत ने सात जुलाई को दोषी करार दिया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान सेल्वासेकरन ने खुद अपना पक्ष रखा। आरोपी सेल्वासेकरन सजा 30 जुलाई को सुनाई गई लेकिन उसने खुद को बेगुनाह बताकर कहा कि वह अपनी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील करेगा।अपील लंबित रहने तक 80,000 सिंगापुर डॉलर में जमानत मिलने के बाद सेल्वासेकरन ने अपनी जमानत की शर्तों में ढील देने का न्यायाधीश से अनुरोध किया। न्यायाधीश ऐडन जू ने हालांकि उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया जिसमें उसने अपना इलेक्ट्रॉनिक टैग (आमतौर पर दोषी व्यक्ति की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पैर पर लगाया जाता है) हटाने और पुलिस छावनी परिसर में नियमित जांच से छूट देने की मांग की थी। मामले के अनुसार ये अपराध 28 अक्टूबर 2021 को शाम लगभग चार बजकर 50 मिनट से पांच बजकर पांच मिनट के बीच सिंगापुर के पश्चिमी तट पर जुरोंग वेस्ट स्थित उसकी (दोषी व्यक्ति) एक दुकान पर तब किए गए जब बच्ची उसकी दुकान पर आई थी।

### पाकिस्तान ने रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट किया लॉन्च, सीपीईसी की करेगा निगरानी

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान ने एक रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट लॉन्च किया है। इसकी लॉन्चिंग चीन के शिचांग सैटेलाइट सेंटर से की गई। पाकिस्तान की स्पेस एंड अपर एटमॉस्पियर रिसर्च कमिशन ने इसकी जानकारी गुरुवार को दी। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह सैटेलाइट पाकिस्तान और चीन को सीपीईसी की निगरानी में मदद करेगी। इसके अलावा अंतरिक्ष से ही चीन और पाकिस्तान की कई साझा परियोजनाओं पर नजर रखी जाएगी।बता दें चीन पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर का एक हिस्सा पीओके से गुजरता है। यह सैटेलाइट पीओके पर भी नजर रखेगा। पाकिस्तानी एजेंसी का कहना है कि इस सैटेलाइस से कृषि क्षेत्र की जानकारी जुटाई जा सकेगी। इसके अलावा पर्यावरणीय मसलों का विश्लेषण करने में भी मदद मिलेगी। रणनीतिक महत्व की चीजों पर भी निगरानी रखी जा सकेगी और प्राकृतिक संसधानों का भी प्रबंधन किया जाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि सैटेलाइट से हमें पता चलेगा कि कहां पर भौगोलिक बाधाएं हैं उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है।एजेंसी का कहना है कि रिमोट से संचालित होने वाला पाकिस्तान का यह दूसरा सैटेलाइट है। इससे पहले पीआरएसएस-1 की लॉन्चिंग की गई थी। उसे 2018 में लॉन्च किया गया था। इस नए सैटेलाइट के साथ पाकिस्तान के कुल 5 सैटेलाइट अंतरिक्ष की कक्षा में सक्रिय हैं। पाकिस्तान का कहना है कि इससे हमें स्पेस आधारित मॉनिटरिंग और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी।

### अमेरिका का सबसे एडवांस्ड एफ-35 फाइटर जेट क्रैश, पायलट ने पैराशूट से बचाई जान

#### लेमूर नौसैनिक अड्डे के पास हुआ हादसा, जांच शुरू

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में बुधवार शाम एक बड़ा सैन्य हादसा हुआ, जब अमेरिकी नेवी का अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान कैलिफोर्निया के लेमूर नौसैनिक अड्डे के पास क्रैश हो गया। यह हादसा स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे हुआ। सौभाग्यवश, पायलट समय रहते पैराशूट के ज़रिए विमान से बाहर निकल गया और उसकी जान बच गई।नेवी की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि यह विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वीएफ 125 रफ रेडर्स का हिस्सा था। बताया गया कि उक्त यूनिट फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन के रुप में कार्य करती है, जिसका मुख्य कार्य पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षित करना है।लेमूर नौसैनिक अड्डा कैलिफोर्निया राज्य में स्थित है और फ्रेज्नो शहर से लगभग 64 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम दिशा में पड़ता है। यह अड्डा अमेरिकी नौसेना के प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों में से एक है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका अपनी रक्षा तकनीकों को और उन्नत करने के प्रयासों में जुटा है। ऐसे में एफ-35 जैसे महंगे और हाईटेक विमान का क्रैश होना निश्चित रूप से चिंता का विषय है।

# ब्रिक्स में डॉलर के मामले में फंसे ट्रंप बोले, टैरिफ पर समझौते को तैयार हूं



वाशिंगटन,(ईएमएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ (आयात शुल्क) और अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाने की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद कहा कि भारत के साथ बातचीत अभी भी जारी है। उन्होंने ब्रिक्स को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई और इसे डॉलर पर हमला बताया। व्हाइट हाउस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि भारत द्वारा रूस का समर्थन करने के लिए कौन-सा अतिरिक्त दंड लगाया गया है और क्या अन्य देश भी इसी खतरे का सामना कर रहे हैं? गौरतलब है कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ने पहले भी कई देशों के खिलाफ ट्रेड प्रोटेक्शनिज्म की नीति अपनाई थी। लेकिन भारत जैसे रणनीतिक सहयोगी देश के खिलाफ इस तरह की कड़ी व्यापारिक कार्रवाई से दोनों देशों के बीच रिश्तों में तनाव बढ़ने की आशंका है, खासकर तब जब भारत ब्रिक्स जैसे संगठन के माध्यम से ग्लोबल साउथ को एकजुट करने की रणनीति पर आगे बढ़ रहा है।ट्रंप ने कहा, हम अभी बातचीत कर रहे हैं। और इसमें ब्रिक्स भी शामिल है। ब्रिक्स असल में उन देशों का समूह है जो अमेरिका के खिलाफ हैं और भारत उसका सदस्य है। यह डॉलर पर हमला है और हम किसी को भी डॉलर पर हमला नहीं करने देंगे। ट्रंप ने कहा कि भारत उनका मित्र है, लेकिन टैरिफ के मामले में दुनिया के सबसे ऊंचे शुल्क लगाने वाले देशों में एक है। उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच व्यापार घाटे पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, हमारा भारत के साथ जबरदस्त व्यापार घाटा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी मेरे मित्र हैं, लेकिन वे हमसे बहुत ज्यादा व्यापार नहीं करते। वे हमें बहुत कुछ बेचते हैं, लेकिन हम उन्हें नहीं बेच पाते। क्यों? क्योंकि उनका टैरिफ बहुत ऊंचा है। अब वे इसे काफी हद तक कम करने को तैयार हैं, लेकिन देखते हैं आगे क्या होता है। इस हफ्ते के अंत तक आपको पता चल जाएगा कि हम कोई डील करते हैं या फिर उन्हें शुल्क चुकाना पड़ता है।जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वे भारत के साथ टैरिफ पर कोई समझौता करने को तैयार हैं तो उन्होंने कहा, "हम अभी भारत से बातचीत कर रहे हैं। देखते हैं क्या होता है। भारत दुनिया में सबसे ऊंचे टैरिफ लगाने वाला देश है। फिलहाल बातचीत जारी है। ट्रंप की घोषणा के बाद भारत सरकार ने कहा है कि वह इस फैसले की गंभीरता से समीक्षा कर रही है और प्रभावों का अध्ययन किया जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, "भारत और अमेरिका के बीच बीते कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और आपसी लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध है।

### आयोवा सिटी में जन्मा नैश बना दुनिया का सबसे प्रीमैच्योर बेबी

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के आयोवा सिटी में जन्मा एक बच्चा का नाम पैदा होते ही गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज हो गया। 5 जुलाई 2024 को मात्र 21 हफ्ते की गर्भावस्था में जन्मे नैश की ज़िंदगी किसी चमत्कार से कम नहीं है। उसका वजन सिर्फ 283 ग्राम था, और वह अब एक साल का हो चुका है।इस उपलब्धि के साथ नैश को दुनिया के सबसे कम समय में जन्मे जीवित बच्चे का खिताब मिला है। नैश की कहानी सिर्फ एक मेडिकल चमत्कार नहीं, बल्कि मां-बाप के विश्वास, संघर्ष और अटूट प्रेम की भी मिसाल है। जन्म के बाद नैश को छह महीने तक यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा हेल्थ के नियोनेटल आईसीयू में रखा गया। जनवरी 2025 में वह अपने माता-पिता मोल्ली और रैंडल के साथ घर लौटा। मां मोल्ली बताती हैं कि इतने लंबे अस्पताल प्रवास के बावजूद नैश बेहद जिज्ञासु और हमेशा मुस्कुराने वाला बच्चा है।

# फ्रांस समेत 14 देशों ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला, पत्र किया जारी

### कहा, इजराइल हमले करना करे बंद, हमला भी सभी बंधकों को छोड़े

तेल अवीव,(ईएमएस)। गाजा में लोगों की बदत्तर हालात के चलते यूरोपीय देशों से इजराइल को झटका दिया है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों ने कहा है कि यदि गाजा में इजराइल ने हमले नहीं रोके तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा।इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया है। इसे फ्रांस के विदेश मंत्री जीन नोएल बैरट ने एक्सर्स अकाउंट पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि हम इस सूची में शामिल होने के लिए अन्य देशों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। इस तरह माना जा रहा है कि इजराइल के खिलाफ एकजुट होने वाले देशों की संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है। उन्होंने जो पत्र शेयर किया है। उसमें लिखा है, हम 7 अक्तूबर, 2023 के हमले की निंदा करते हैं। हमास को तुरंत उन बंधकों को रिहा कर देना चाहिए, जो अब तक उसकी कैद में हैं।उन्होंने कहा कि हम इजराइल और फिलिस्तीन के बीच टू-नेशन सॉलूशन की बात कर रहे हैं। हम मानते हैं कि वेस्ट बैंक और गाजा को मिलाकर एक फिलिस्तीन मुल्क को मान्यता दी जाए। हम समस्त 14 देश इसके लिए सहमत हैं। पत्र में आगे लिखा है कि गाजा में जिस तरह से महिलाएं और बच्चे मारे जा रहे हैं और मानवीय संकट पैदा हो गया है। उस स्थिति में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका अहम हो जाती है। इसके अलावा मानवाधिकार संस्थाओं का भी दखल जरूरी है। इन देशों ने लिखा है कि हम जंग को रोकना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमास हथियारों का रास्ता छोड़ दे और उसे फिलिस्तीन की सत्ता से बाहर किया जाए, लेकिन उससे पहले किसी समझौते पर पहुंचने के लिए इजराइल भी हमले करना बंद करे और समझौते पर बात करे। ऐसे हालात में गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है, जिसे टाला नहीं जा सकता।

# ब्रिटेन-फ्रांस के बाद अब कनाडा ने दिया इजराइल को झटका, फिलिस्तीन को देगा मान्यता

ओटावा,(ईएमएस)। इजराइल और हमास के बीच जंग में नेतन्याहू को जोरदार झटका लगा है। यह झटका हमास या उसके किसी दुश्मन ने नहीं बल्कि कनाडा ने दिया है। गाजा युद्ध और मानवीय संकट के बीच कनाडा ने बुधवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ऐलान किया कि वह संयुक्त राष्ट्र की 80वीं महासभा में फिलीस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देगा। यह घोषणा कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने विदेश मंत्री अनिता आनंद के साथ मीडिया के सामने की। फ्रांस और ब्रिटेन के बाद यह इजराइल के लिए बड़ा झटका है।मार्क कार्नी ने कहा कि कनाडा दो-राष्ट्र समाधान का पक्षधर है। हम एक स्वतंत्र, सक्षम और संप्रभु फिलीस्तीनी राष्ट्र को इजराइल के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में देखना चाहते हैं। इस घोषणा से पहले फ्रांस और ब्रिटेन भी फिलीस्तीन को मान्यता देने का ऐलान कर चुके हैं। ब्रिटेन ने साफ कहा है कि यदि इजराइल गाजा में संघर्ष विराम को लेकर सहमत नहीं होता है, तो वह भी फिलीस्तीन को मान्यता देगा।प्रधानमंत्री कार्नी ने बताया कि फिलीस्तीनी अथॉरिटी के प्रमुख महमूद अब्बास ने उनसे वादा किया है कि 2026 में फिलीस्तीन में लंबे समय से लंबित चुनाव कराए जाएंगे और इन चुनावों में हमास की कोई भूमिका नहीं होगी। साथ ही अब्बास ने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य का फिलीस्तीन 'गैर-सैन्यीकृत' होगा। यह फैसला ऐसे वक्त में आया है जब गाजा में संघर्ष, भूख और मदद की किल्लत ने वैश्विक चिंता बढ़ा दी है। कार्नी ने कहा कि दीर्घकालिक शांति के लिए एक स्थिर और वैध फिलीस्तीनी राज्य भी जरूरी है।कनाडा के इस रुख पर इजरायली विदेश मंत्रालय ने इसे 'हमास के लिए इनाम' बताया और कहा कि यह फैसला गाजा में युद्धविराम के प्रयासों को नुकसान पहुंचाएगा। इजराइल के कनाडा में राजदूत इड्डो मोएड ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'हम पर अंतरराष्ट्रीय दबाव का कोई असर नहीं पड़ेगा। हम अपने वजूद को दांव पर नहीं लगा सकते। गाजा में मानवीय हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। बुधवार को उत्तरी गाजा में सहायता पाने पहुंचे लोगों पर इजराइली सेना ने गोलीबारी कर दी, जिसमें कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और 600 घायल हुए हैं। इजरायली सेना ने घटना की जानकारी होने से इनकार करते हुए जांच की बात कही है।

# धरती के करीब से गुजरेगी अंतरिक्ष चट्टान नासा ने कहा-धरती को खतरा नहीं



वाशिंगटन (ईएमएस)। आज यानी 30 जुलाई को धरती के बहुत ही करीब से एक अंतरिक्ष चट्टान गुजर रही है, जिसका नाम एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 है। यह एस्टेरॉयड एक छोटे यात्री विमान जितना बड़ा है, करीब 110 फीट व्यास का। इसकी रफ्तार है 27,204 किलोमीटर प्रति घंटा है। नासा ने इसे लेकर चेतावनी दी है, लेकिन साथ ही यह भी कहा है कि इससे धरती को कोई खतरा नहीं है।एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 धरती से करीब 12.9 लाख किलोमीटर दूर से गुजरेगा। यह दूरी अंतरिक्ष के पैमानों पर तो बहुत पास है, लेकिन आम मानव जीवन के हिसाब से यह सुरक्षित दूरी है। बता दें चांद धरती से करीब 3.84 लाख किलोमीटर दूर है, यानी यह एस्टेरॉयड चांद से भी तीन गुना ज्यादा दूरी से गुजरेगा। नासा के मुताबिक कोई भी एस्टेरॉयड 7.4 मिलियन किलोमीटर के दायरे में आता है और उसका आकार 85 मीटर या उससे ज्यादा है, तो उसे संभावित रूप से खतरनाक माना जाता है। एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 आकार के लिहाज से इस श्रेणी में आता तो है, लेकिन दूरी के कारण यह खतरे की श्रेणी से बाहर है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इतिहास में एस्टेरॉयड से टकराव की घटनाएं हमें यह सिखा चुकी हैं कि अंतरिक्ष की ये चट्टानें कितनी विनाशकारी हो सकती हैं। 1908 में तुंगुस्का (साइबेरिया) में गिरे एस्टेरॉयड ने करीब 2000 वर्ग किलोमीटर जंगल तबाह कर दिया था। अगर कोई बड़ा एस्टेरॉयड घनी आबादी वाले इलाके में टकरा जाए, तो वह भयानक तबाही मचा सकता है। यही कारण है कि नासा, इसरो जैसी अंतरिक्ष एजेंसियां लगातार निगरानी करती हैं। इनका मकसद न केवल इनके रास्तों को समझना है, बल्कि भविष्य में होने वाली किसी संभावित टक्कर को रोकने की रणनीति भी बनाना है।इसरो भी अब इस दिशा में सक्रिय है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल ही में कहा था कि भारत को भी ऐसे खतरों के लिए तैयार रहना होगा। इसरो की नज़र विशेषकर एपोपिस जैसे बड़े एस्टेरॉयड पर है, जो 2029 में धरती के बेहद पास से गुजरेगा। इसरो अब नासा, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी, जापान जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एस्टेरॉयड डिटेक्शन और डिफ्लेक्शन टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है, ताकि भविष्य में किसी भी खतरनाक एस्टेरॉयड को धरती से टकराने से पहले ही रास्ता बदलने पर मजबूर किया जा सके।एस्टेरॉयड 2025 ओएल1 धरती के लिए खतरा न हो, लेकिन इसका पास से गुजरना वैज्ञानिकों के लिए एक बड़ा अवसर है। इससे वैज्ञानिक एस्टेरॉयड की संरचना, गति और गुरुत्वाकर्षण से होने वाले असर को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। हर ऐसा फ्लाईबाय डेटा कलेक्शन और ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी को और सटीक बनाता है। नासा और अन्य एजेंसियां स्पेस टेलिस्कोप, ग्राउंड ऑब्ज़र्वेटरी और एआई बेस्ड ट्रैकिंग सिस्टम की मदद से ऐसे एस्टेरॉयड्स पर 24×7 नजर रखती हैं। जैसे-जैसे तकनीक विकसित हो रही है, अब एस्टेरॉयड डिफ्लेक्शन मिशन भी हकीकत बनने लगे हैं।

### रुस ने फिर किया कीव पर बड़ा हमला कई इमारतें, स्कूल तबाह, कई लोग घायल

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेन और रूस के बीच चल रही जंग को खत्म करने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया था लेकिन इन बैठकों में युद्ध रोकने पर कोई सहमति नहीं बन पाई। अब नई रिपोर्ट्स सामने आई हैं कि रूस ने फिर यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हमला किया है। जिससे शहर के अलग-अलग हिस्सों में भीषण आग लग गई और 6 लोग बुरी तरह झुलस गए हैं जिनमें एक बच्चा भी शामिल है।रिपोर्ट्स के मुताबिक कीव पर 30 जुलाई की देर रात रुस ने हमला किया। रूस ने इस हमले के लिए एक साथ कई ड्रोन भेजे जिससे कीव में जोरदार धमाके हुए। कीव के आसपास करीब 10 ऐसी जगहें और थीं जहां रूसी हमले किए गए। इन धमाकों के बाद कई जगहों पर भीषण आग लग गई जिसमें कई घर, स्कूल और बहुत सी गाड़ियां स्वाह हो गईं। हमले के दौरान दो बार धमाकों की आवाज़ सुनी गई।यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब यूक्रेन और रूस के बीच जंग को खत्म करने के लिए पिछले हफ्ते से बैठकों का दौर शुरू हुआ था। इन बैठकों में युद्ध रोकने को लेकर कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई। बता दें हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अगर दोनों देशों के बीच जंग खत्म नहीं होती है तो अगले 10 दिनों के अंदर ही रूस पर नया टैरिफ लगाया जाएगा। जंग रोकने के लिए तुर्की के इस्तांबुल में सीजफायर पर सहमति के लिए बैठक भी की गई थी।

### कैटी पेरी के साथ डिनर करते दिखाई दिए जस्टिन ट्रूडो, रोमांस को लेकर उड़ी खबरें

मॉन्ट्रियल, (ईएमएस)। अमेरिका की मशहूर पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को हाल ही में डिनर करते देखा गया। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों की मुलाकात 28 जुलाई 2025 की रात मॉन्ट्रियल के ले वायलोन रेस्त्रां में हुई। मुलाकात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में कैटी पेरी और ट्रूडो एक ही टेबल पर आमने-सामने बैठे बातचीत करते दिख रहे हैं। दोनों को साथ देखकर लोगों में उनके बीच रोमांस की अटकलें तेज हो गई हैं।यह डिनर एक निजी डेट जैसा लग रहा था, लेकिन दोनों अकेले नहीं थे। उनके साथ कई सुरक्षा गार्ड भी मौजूद थे जो उनकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। सुरक्षाकर्मी पास की सीटों पर बैठे थे और शीशे की दीवार के जरिए निगरानी कर रहे थे।

# भारत का स्कोर पांच विकेट पर 140 रन के पार सुदर्शन-जडेजा आउट, करुण-जुरेल क्रीज पर

द ओवल । भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला आज से लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम इस मैच में किसी भी हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी। फिलहाल मौजूदा सीरीज में मेजबान 1-2 से आगे चल रहे हैं। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। भारत चार बदलावों के साथ उतरा है।
जोश टंग ने साई सुदर्शन के बाद रवींद्र जडेजा को भी आउट किया। जडेजा नौ रन बना सके। सुदर्शन 38 रन बनाकर आउट हुए थे। भारत का स्कोर फिलहाल पांच विकेट पर 123 रन है। करुण नायर और ध्रुव जुरेल क्रीज पर हैं।बारिश रुक चुकी है। इस दौरान चायकाल ले लिया गया। भारत का स्कोर खेल रुकने तक 29 ओवर में तीन विकेट पर 85 रन है। फिलहाल साई सुदर्शन 28 रन बनाकर और करुण नायर खाता खोले बिना क्रीज पर हैं। यशस्वी जायसवाल दो रन, केएल राहुल 14 रन और कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। गिल टेस्ट में दूसरी बार रन आउट हुए हैं। इससे पहले भी वह पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ ही राजकोट टेस्ट में रन आउट हुए थे। अभी तक 21 ओवर का नुकसान हो गया है।बारिश की वजह से खेल फिर से रुक गया है। भारत का स्कोर खेल रुकने तक 29 ओवर में तीन विकेट पर 85 रन है। फिलहाल साई सुदर्शन 28 रन बनाकर और करुण नायर खाता खोले बिना क्रीज पर हैं। यशस्वी जायसवाल दो रन, केएल राहुल 14 रन और कप्तान शुभमन गिल 21 रन बनाकर आउट हुए। गिल टेस्ट में दूसरी बार रन आउट हुए हैं। इससे पहले भी वह पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ ही राजकोट टेस्ट में रन आउट हुए थे।लंच के बाद भारत को तीसरा झटका कप्तान शुभमन गिल



के रूप में लगा। वे 21 रन बनाकर रन आउट हो गए। फिलहाल साईं सुदर्शन और करुण नायर क्रीज पर मौजूद हैं।
दूसरे सत्र का खेल शुरू हो गया है। भारत ने दो विकेट पर 72 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल और साई सुदर्शन क्रीज पर मौजूद हैं।
भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांचवें टेस्ट में बारिश बाधा बन गई है। पहले सत्र का खेल जल्दी समाप्त हो गया। अंपायर्स ने मैदान के निरीक्षण के बाद फैसला लिया है कि अगर बारिश दोबारा शुरू नहीं होती है तो दूसरे सत्र का खेल 7:30 बजे से शुरू होगा।अपडेटेड समयदूसरा सत्र - भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से रात 9:35 बजे तकचायकाल - भारतीय समयानुसार रात 9:35 बजे से रात 9:55 बजे तकतीसरा सत्र - भारतीय समयानुसार रात 9:55 बजे से रात 11:30 बजे तक बारिश के कारण मैच रुक गया है। मैदान को कवर्स से ढक दिया गया है। यही वजह है कि समय से पहले लंच हो गया है। पहले सत्र में भारत ने दो विकेट गंवाए। गस एटकिंसन ने यशस्वी जायसवाल को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ दो रन बना पाए। इसके बाद क्रिस वोक्स ने केएल राहुल को बोल्ड किया। वह 40 गेंदों में 14 रन बनाकर आउट हुए। बारिश के कारण समय से पहले लंच हो गया।
फिलहाल क्रीज पर साई सुदर्शन 25 और शुभमन गिल 15 रन बनाकर मौजूद हैं। भारत ने दो विकेट पर 72 रन बना लिए हैं।
भारत को दूसरा झटका क्रिस वोक्स ने दिया। उन्होंने केएल राहुल को बोल्ड किया। वह 14 रन बनाकर आउट हुए। अब सुदर्शन का साथ देने शुभमन गिल आए हैं।राहुल और सुदर्शन के बीच एक अच्छी साझेदारी पनप रही है। दोनों अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं। भारत ने एक विकेट पर 33 रन बना लिए हैं।



सिंगापुर में विश्व एक्वेटिक चैम्पियनशिप में भाग लेती हुई नीना जैनमर व एलियास पीटरसन।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम घोषित , आयुष होंगे कप्तान

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल के अंत में होने वाले अंडर-19 टीम के ऑस्ट्रेलिया दौर के लिए भी आयुष म्हात्रे को ही कप्तान बनाये रखा है। आयुष की कप्तानी में भारतीय टीम ने हाल में हुए इंग्लैंड दौरे में अच्छा प्रदर्शन किया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में कप्तान आयुष म्हात्रे के अलावा उप कप्तान विहान मल्होत्रा और सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है।
ऑस्ट्रेलियाई अंडर-19 टीम के खिलाफ इस दौरे में भारतीय टीम को तीन एकदिवसीय और दो चार दिवसीय मैच खेलने हैं। इनकी शुरुआत 21 सितंबर को पहले सीमित ओवरों की सीरीज के साथ होगी। भारतीय अंडर 19 टीम का यह दौरा 10 अक्टूबर को समाप्त होगा। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, ''जूनियर चयन समिति ने सितंबर में होने वाले आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का चयन किया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम के खिलाफ तीन एकदिवसीय और दो बहुदिवसीय मैच खेलने हैं।''भारत की अंडर-19 टीम हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर गयी थी जहां पर वैभव और आयुष का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। जूनियर चयन समिति ने पांच स्टैंडबाई खिलाड़ियों को भी इस दौरे के लिए रखा है। **भारतीय अंडर 19 टीम** : आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश सिंह, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, नमन पुष्पक, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार, अनमोलजीत सिंह, खिलान पटेल, उद्धव मोहन और अमन चौहान।स्टैंडबाय खिलाड़ीः युद्धजीत गुहा, लक्ष्मण, बीके किशोर, अलंकृत रापोल, और अर्नव बग्गा।

## इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान से डब्ल्यूसीएल सेमीफाइनल का बहिष्कार किया

लंदन (ईएमएस)। इंडिया चैंपियंस टीम ने यहां आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लिजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मैच का बहिष्कार कर दिया। इससे पाक चैंपियंस बिना खेले ही फाइनल में पहुंच गयी। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान टीम का बहिष्कार किया। वहीं इसको लेकर भारतीय खिलाड़ियों ने कहा कि अगर पाक के साथ फाइनल होता तब भी हम नहीं खेलते क्योंकि हमारे लिए सबसे पहले देश है। खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय भावना को प्राथमिकता देते हुए मैच से हटने का फैसला किया। साथ ही कहा कि कि हम पाकिस्तान के साथ सेमीफाइनल में नहीं खेल रहे हैं क्योंकि हमारा देश हमारे लिए हमेशा शीर्ष पर रहेगा, उसके बाद ही कुछ और। हमने अपने शर्ट पर भारतीय झंडे के लिए बहुत संघर्ष किया है और कड़ी मेहनत की है और उसके सम्मान के लिए जो भी करना हो करेंगे। हम कभी भी अपने देश को झुकने नहीं देंगे, चाहे कुछ भी हो जाए। भारत माता की जय।'

## ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय और टी20 सीरीज के लिए घोषित की टीम

### नये खिलाड़ी मिच ओवन शामिल किये गये

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने खेली जाने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए कप्तान मिचेल मार्श की टीम में बल्लेबाज ट्रैविस हेड और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी शामिल किया है पर तेज गेंदबाज पैट कमिंस को इस सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया है। इस बार एकदिवसीय टीम में एक नए खिलाड़ी मिच ओवेन को भी जगह मिली है। ओवेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था।
क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 14-14 सदस्यीय टीम टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए चुनी है। मिचेल मार्श दोनो ही प्रारुपों की कप्तानी संभालेंगे
10 अगस्त से टी20 सीरीज खेली जाएगी जबकि 24 अगस्त को अंतिम एकदिवसीय के साथ ही ये सीमित ओवरों की सीरीज समाप्त होगी। इस टीम में ऑलराउंडर मैट शॉर्ट को भी जगह मिली है। ओवेन इस सीरीज से एकदिवसीय में पदार्पण कर सकते हैं। इसके अलावा सीन एबॉट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, तनवीर संघा, कूपर कोनोली



और आरोन हार्डी का भी टीम से बाहर कर दिया गया है। टीम के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा है कि टीम अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी जारी रखेगी।
टी20 टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरोन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जैम्पा

## भारत के सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी बीडब्लयूएफ रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुंची

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्लयूएफ) की रैंकिंग में तीन स्थान के लाभ के साथ ही 10वें नंबर पर आ गई है। सात्विक-चिराग को चाइना ओपन 2025 में सेमीफाइनल तक पहुंचने का लाभ मिला है और इसी कारण उन्हें शीर्ष दस में जगह मिली है। चाइना ओपन में इस जोड़ी को मलेशिया के आरोन चिया और सो वूई यिक की जोड़ी ने 13-21, 17-21 से हराया था। इस सत्र ये उनका तीसरा सेमीफाइनल था। इससे पहले वे सिंगापुर ओपन और इंडिया ओपन में भी अंतिम चार में पहुंचे थे। पिछला साल थाईलैंड ओपन जीतने के बाद इस भारतीय जोड़ी ने दुनिया की नंबर-1 रैंकिंग भी हासिल की थी।
वहीं भारत के टॉप रैंक वाले सिंगल्स खिलाडी लक्ष्य सेन को भी ताजा रैंकिंग में दो स्थान का लाभ हुआ है और वह 17वें स्थान पर पहुंच गये हैं। उनके अब 54442 अंक हैं, जो चीन के झेनजियांग वांग से थोड़ा ही आगे हैं। वहीं वांग ने इस हफ्ते 5 स्थान की छलांग लगायी है। वहीं भार के एचएस प्रणॉय को भी दो स्थान का लाभ



हुआ है और वह नंबर 33 पर पहुंच गये हैं। उनके अब 40336 अंक हो गए हैं। वहीं महिला एकल में भातर की उन्नति हूडा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 31वीं रैंकिंग हासिल की है। उन्नति ने पिछले सप्ताह पीवी सिंधु को 21-16, 19-21, 21-13 से हराकर सबको हैरान किया था।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
झारखण्ड वन

76वां राज्यव्यापी वन महोत्सव 2025

वनों की जब रखवाली होगी
तभी पृथ्वी पर हरियाली होगी

अध्यक्ष
श्री रबीन्द्र नाथ महतो
माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग

तथा झारखण्ड विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

दिनांक : 1 अगस्त, 2025
स्थल : नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को 76 वां वन महोत्सव, 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामानाएँ।

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाईऑक्साईड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक बना रहे।

झारखण्ड राज्य देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जिनके भौगोलिक क्षेत्रफल का 34.38 प्रतिशत भू-भाग, राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुरूप वन एवं वृक्षावरण से आच्छादित है।

अब, हमारे लिए अपने राज्य की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार !
(हेमन्त सोरेन)



PR NO. 358668 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

# सेन्द्रा पंजाबी मोड़ के पास स्थित मुख्य मार्ग पर भूमिगत आग और गैस रिसाव का खतरा लगातार गहराता जा रहा है





**सड़क पर अब लगभग 15 फीट लंबी और दो इंच चौड़ी दरार उभर आई है**

**जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है**

लोयाबाद।कतरास-करकेंद को जोड़ने वाले सेन्द्रा पंजाबी मोड़ के पास स्थित मुख्य मार्ग पर भूमिगत आग और गैस रिसाव का खतरा लगातार गहराता जा रहा है।सड़क पर अब लगभग 15 फीट लंबी और दो इंच चौड़ी दरार उभर आई है,जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी दहशत का माहौल बना हुआ है।इससे पहले मई महीने में इसी सड़क से महज 10 मीटर दूर करीब 20 फीट गहरा गोफ बन गया था,जिसमें से आग की लपटें उठती नजर आई थीं। घटना के अगले ही दिन बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा गोफ को भराठी कर अस्थाई मरम्मत कराई गई थी।मगर कुछ ही दिनों में उसी स्थान से कुछ कदम आगे एक और छोटी गोफ से गैस रिसाव शुरू हो गया था। अब स्थिति और गंभीर हो चुकी है।उसी स्थान के पास पांच और नई गोफों से गैस रिसाव शुरू हो चुका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले चार-पांच दिनों से सड़क पर पड़ी दरार और भी तेजी से फैल रही है,और वहां खड़े होने पर गर्माहट महसूस होती है,जो भूमिगत आग की पुष्टि करती है।

राहगीरों और कोल परिवहन पर असर संभव।यह सड़क न केवल आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है,बल्कि यह कतरास से लेकर तेतुलमारी के एरिया 4 व 5,राजगंज,कांको,एट लेन और जीटी रोड से जुड़ने वाली एकमात्र सुगम सड़क मार्ग भी है। इस मार्ग से बीसीसीएल के सैकड़ों कोयला ट्रांसपोर्टिंग ट्रक,स्कूल ऑटो, और आम यात्री वाहन चलते हैं।यदि जल्द ही इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो सकता है।पूर्व में प्रबंधन ने किया था खतरे से इंकार।गोफ बनने के दौरान सिजुआ क्षेत्र के जीएम निर्झर चक्रवर्ती ने स्वीकार किया था कि यह समस्या पुरानी भूमिगत खदानों और वहां लगी आग की वजह से उत्पन्न हो रही है,लेकिन उन्होंने यह भी कहा था कि सड़क को तत्काल कोई खतरा नहीं है। हालांकि अब सड़क की हालत और गैस रिसाव को देखकर स्थानीय लोग जीएम के दावे पर सवाल उठा रहे हैं।लोगों की मांग स्थायी समाधान जरूरी।स्थानीय निवासियों और नियमित यात्रियों ने बीसीसीएल व जिला प्रशासन से तत्काल स्थायी समाधान की मांग की है।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इस पर तुरंत कार्रवाई नहीं की गई,तो आने वाले दिनों में सड़क पूरी तरह धंस सकती है, जिससे न केवल जानमाल का खतरा बढ़ेगा,बल्कि कोयला परिवहन व स्थानीय आवागमन पूरी तरह बाधित हो सकता है।

## एमपीएल कामगार यूनियन ने एमपीएल को आंदोलन की दी चेतावनी




निरसा, (धनबाद ), एमपीएल कामगार यूनियन की बैठक निरसा गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय मे महेश मंडल के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी कंपनी के कामगारों ने अपना विचार रखा। यूनियन के सचिव महेश मंडल ने कहा कि पिछले दिनों जो 10 सूत्री मांग पत्र दी गई थी, लेकिन एमपीएल प्रबंधन द्वारा कुछ भी पहल नहीं किया गया। जिस पर एमपीएल कामगारों में काफी आक्रोश है एवं एमपीएल के तानाशाही के विरोध में 2 अगस्त शनिवार को अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की गई है। साथ ही इस बैठक में निर्णय लिया गया कि कमेटी द्वारा दस सूत्री मांग पत्र एमपीएल प्रबंधक को दिया गया है। जिसमें मुख्य रूप से दुर्गा पूजा का बोनस 8.33 %से बढ़ाकर 20% करने ,21000 रू से अधिक वेतनमान वाले कामगारों का जिनका ई एस आई नहीं है,उसे स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराना। सभी कामगारों को प्रमोशन, इंडवेल कंपनी में 15000 बेसिक पर पीएफ फिक्स किया गया है, जो नियम अनुसार वर्तमान बेसिक का 12% पीएफ काटना चाहिए जो नहीं काटा जा रहा है, उसे ठीक किया जाए। सभी कामगारों को रात्रि भत्ता दिया जाए। बैठक में मुख्य रूप से महेश मंडल, केशव तिवारी,चंदन मंडल, प्रभु सिंह,मनोज मंडल,हराधन बाउरी, शंभू सिंह, शमीम अथर, आनंद महतो, विकास सिंह, विकास मंडल मनोज मोदी , शिशिर मंडल मुन्ना यादव, रंजीत दे, तुलसी तिवारी सिकंदर ठाकुर संजय दुबे संजय महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## बाँसजोड़ा में धनबाद बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज की बैठक में कमेटी गठित की गई

### बाँसजोड़ा,मोहालीडीह,बड़कीबोआ,राजपूत समाज के अध्यक्ष राम सिंह को बनाया गया



लोयाबाद। बाँसजोड़ा बस्ती में गुरुवार को नरेश सिंह की अध्यक्षता में धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन 3 की एक बैठक हुई।जिसमे धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज जोन 3 के अध्यक्ष सुचिन सिंह,केंद्रीय महामंत्री सह प्रभारी जोन तीन के शिशि सिंह,केंद्रीय अकेंक्षक राम बिलास सिंह,केंद्रीय संगठन मंत्री दुनिया लाल सिंह,जोन दो के अध्यक्ष प्रभाश सिंह,पर्यवेक्षक कामदेव सिंह,धरनीधर सिंह,के उपस्थिति में सर्वसहमति से बाँसजोड़ा,मोहालीडीह,बड़कीबोआ,का संयुक्त ग्रामीण कमिटी का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष के रूप में राम सिंह, उपाध्यक्ष राज कुमार सिंह,सचिव महेन्द्र सिंह,संगठन सचिव राज कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार सिंह, प्रवक्त प्रवीर सिंह, मिडिया प्रभारी संजय सिह, सलाहकार नरेश सिंह,भीम नारायण सिंह, जय नारायण सिंह,देवनंदन सिंह,गोपाल सिंह,युवा संगठन से उत्तम सिंह,विमलेश सिंह, मनोज सिंह,भीम नारायण सिंह, उज्वल सिंह,बिकास सिंह,पृथ्वी सिंह,अभिषेक सिंह,प्रकाश सिंह,विजय सिंह,केंद्रीय नवयुवक सदस्य गौतम सिंह, को बनाया गया।

# पी बी एरिया के बीसीसीएल कर्मी विस्थापन की समस्या को लेकर शत्रुघ्न महतो विधायक व सांसद दुल्लु महतो से मिले कर्मी



धनबाद,( केंदुआ), गोपालीचक कोलयरी के लगभग 40 से 50 मजदूर, फुलचंद यादव, एटक सचिव ,गोपालिचक कोलियरी, के नेतृत्व में एटक के केंद्रीय अध्यक्ष सह बाघमारा विधायक शरद महतो से भेट कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सबसे ज्वलंत समस्या आवास शिफ्टिंग को लेकर मजदूरों की हाजरी रोकी गई थी, उस पर सभी मजदूरों ने एक स्वर में विधायक से अपना दुखड़ा सुनाया और उनसे तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की ।सारी समस्याओं को विस्तार से विधायक को अवगत कराया गया। साथ ही सांसद ढुलू महतो को भी इस समस्या से अवगत कराया गया। उन्होंने भी फोन पर सी एम डी से वार्ता की । गोपालीचक कोलियरी के एटक सचिव, फूलचंद यादव इन समस्याओं से आवगत करते हुए सवाल उठाया। अग्नि प्रभावित और भू धसान के नाम पर अनावश्यक मजदूरों को परेशान करना। लगभग 300 लोगों को कराया जाएगा खाली।जबकि केंदुआ, करकेन्द के बीच में 5 बैंक,2 पेट्रोल पंप, जलान जैसा बड़ा होलसेल मार्केट,राज्य सरकार और बीसीसीएल का चिकित्सालय ,पशु चिकित्सालय,रीति रिवाज मैरेज हॉल,ऑफिसर फ्लैट,और पूरा बाजार आबाद है।यह सब भू धसान से बाहर है और इन सब के बीच में रह रहे मजदूरों का आवास भू धसान क्षेत्र में आता है और जो इंक्रोचर बीसीसीएल का आवास कब्जा कर वही रह रहे हैं। वैसे लोग भू धसान से बाहर हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि प्रबंधन दोहरी नीति अपना रहा है।बीसीसीएल कर्मी पर जबरन आवास खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है और उनकी हाजरी रोकी जा रही है। वहीं बाहरी लोगों को मुफ्त में घर,पानी,बिजली सब दिया जा रहा है। ये कैसा इंसाफ है। सारी जानकारी के बाद विधायक ने डीटी और पीबी क्षेत्र के महा प्रबंधक से टेलीफोनिक बात की और यह सुनिश्चित किए कि अभी तत्काल में कोई भी मजदूर आवास खाली नहीं करेगा और ना ही किसी की हाजरी रुकेगी।

उन्होंने यह भी सुनिश्चित कि 15 अगस्त के बाद सीएमडी से इस मुद्दे पर वार्ता कर ठोस निर्णय लिया जाएगा और हमेशा के लिए इस समस्या का निदान किया जाएगा। वार्ता के बाद सभी कोल कर्मियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। कोल कर्मियों ने प्रबंधक से अनुरोध किया है कि अत्याचार ना करें, हम भी आपके परिवार का एक हिस्सा है।

विधायक से वार्ता करने वालों में मो, मोहिबुद्दीन आलम,दीपक कुमार,शंभू शरण यादव,गोबिंद यादव, शमशेर अली,गिरधारी रविदास,तारक राज,सुधीर राम,टेको महतो,महादेव पासवान,कामेश्वर चमार, नारायण कुमार, और कई अन्य कर्मी वहां मौजूद थे।

## धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन द्वारा फोटो फेयर पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम का किया गया आयोजन



धनबाद, धनबाद जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन डी डी पी ए के बैनर तले कोलकाता में आयोजित 11, 12 एवं 13 अगस्त को नेताजी इन्डोर स्टेडियम मे होने वाला इमेज क्राफ्ट फोटो वीडियो एक्सपो, फोटो फेयर के पोस्टर का लॉन्चिंग किया गया। पोस्टर लॉन्चिंग कार्यक्रम में डी डी पी ए के विभिन्न क्षेत्र के सदस्य शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगो ने अपनी-अपने क्षेत्र में फोटो फेयर का पोस्टर लगाकर प्रचार-प्रसार करने का जिम्मा लिया। संस्था के अध्यक्ष, बुला चंद्र ने बताया उक्त मेले में फोटोग्राफरों को विभिन्न प्रकार के फायदे होते हैं, वह नई टेक्नोलॉजी से अवगत होते हैं, फोटो इंडस्ट्री के नए-नए उत्पाद के बारे में जानकारी मिलती है। फेयर में फोटोग्राफरों को आकर्षक ऑफर भी दिए जाते हैं। इसीलिए सभी फोटोग्राफरों को एक्सपो में हिस्सा लेना चाहिए।

उक्त कार्यक्रम में सचिव मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष, अजीत कुमार, भरत भाई, राम सिंह , कुमार शुभम ,अशोक प्रधान ,तपन सुपकार, संतोष मिश्रा ,पंकज, बृजेंद्र पांडे, दिलिप साह, राज ,तुलसी, कुंभकार विक्की, प्रभाकर ,कृष्णा , सोनू, कबीर, आकाश केसरी आदि उपस्थित थे।

## धनबाद में जुलाई माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान समारोह का हुआ आयोजन

धनबाद, धनबाद मंडल में जुलाई माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान किया गया। इस माह में कुल 41 सेवानिवृत्ति के मामले आए थे, जिनमें सभी कर्मचारियों का समापक भुगतान कर दिया गया है। विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। मंडल प्रशासन सेवानिवृत कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदित हो की धनबाद मंडल में सेवानिवृत कर्मचारियों के समापक भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। मंडल प्रशासन सेवानिवृत कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, विनीत कुमार द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया गया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं गई। इस अवसर पर मंडल के अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, सुमन कुमार वर्णवाल के चार वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर दी गई विदाई




धनबाद, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजीव पाण्डेय एंव एनएसयूआई के छात्र नेता नितेश शर्मा नें बिनोद बिहारी महतो कोयलाँचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, सुमन कुमार वर्णवाल के चार वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर बुके एंव अंग वस्त्र देकर दी विदाई। ज्ञात हो की सुमन कुमार वर्णवाल की जेपीएससी द्वारा चार वर्षो के लिए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक पद पर हुआ था। जिनका 31 जुलाई कों कार्य अवधि समाप्त हो गई। राजीव पाण्डेय नें कहा की परीक्षा नियंत्रक के चार वर्षो का कार्यकाल काफी सराहनीय रहा हैं।

इनके कार्यकाल में अनेकों परीक्षाएं आयोजित करवाई गई। सारी परीक्षा समय पर कराना इनकी प्राथमिकता रही हैं। श्री वर्णवाल नें हिंदी विभाग के प्रध्यापक ओ.एस.डी संजय सिंह एंव संस्कृत विभाग के प्रध्यापक अजय कुमार कों अपना पदभार दिया। राजीव पाण्डेय एंव नितेश शर्मा नें नवनियुक्त कों बधाई दी।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में तुलसीदास की जयंती के अवसर पर हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

### तुलसी की रचनाएं आध्यात्मिकता से जोड़ती है : सुमंत कुमार मिश्रा




धनबाद, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार धनबाद में 31 जुलाई गुरुवार को तुलसी जयंती के शुभ अवसर पर अंतर विद्यालयी हनुमान चालीसा सस्वर गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धनबाद जिला के 13 विद्यालयों ने भाग लिया। अतिथि परिचय विद्यालय के प्राचार्य, सुमंत कुमार मिश्रा ने कराया एवं कार्यक्रम की भूमिका रखी ।उन्होंने कहा कि तुलसीदास लोकनायक कवि हैं उनकी रचनाएं आध्यात्मिकता से लोगों को जोड़ती हैं ,इससे मनुष्य के हृदय में मनुष्यता एवं देवत्व का भाव जगता है। विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढ़ना चाहिए और अच्छी संगति करनी चाहिए ।जिस तरह चंदन के वृक्ष से सर्प लिपटे होते हैं, बावजूद इसके चंदन पर सर्प के विष का प्रभाव नहीं पड़ता ,हमें भी इसी तरह का आचरण करना चाहिए।जिन विद्यालयों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया उनमें डीएवी कोयला नगर, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, जे एन एम एस डिगावाडीह ,धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल, वीणा बाल विकास विद्यालय ,किड्स गार्डन झरिया, डी ए वी अलकुशा, सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर एवं डी ए वी सिंदरी के नाम शामिल है। उक्त विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया एवं सबों का मन मोह लिया। कुछ घंटे तक तो राजकमल का कलावती सभागार पूर्णतया आध्यात्मिक बन गया। प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर के प्रतिभागियों को मिला। विजेता प्रतिभागियों में स्नेहा रानी, स्तुति झा, माही महतो, आरोही सिंह, वर्षा सिंह, श्रुति गोस्वामी, आरुषि सिंह एवं राजकुमार के नाम शामिल है। द्वितीय स्थान धनबाद पब्लिक स्कूल के जी आश्रम को प्राप्त हुआ ।इसमें अलंकार चटर्जी, प्राची कुमारी, सुदीप्ता चक्रवर्ती, डोना वाइन, संचित मंडल, अनुश्री नंदन, तन्वी सिंह ,श्रावणी चंदा, सायशा नियोगी के नाम शामिल हैं ।तृतीय स्थान डी ए वी सिंदरी को प्राप्त हुआ। जिसमें प्रतिभागियों के नाम स्नेहा कुमारी, शुभम आचार्य, शौरीमा कुमारी, रोशनी कुमारी ,अनुश्री मुखर्जी ,रुद्र घोषाल ,रितेश हालदार तथा अक्षत तिवारी हैं।

# बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत कर्मचारियों को दी गई विदाई










बोकारो । बोकारो स्टील प्लांट से जुलाई ‘2025 माह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी एवं मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री अंजनी कुमार शरण उपस्थित रहे. समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्री अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया. सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत्त कर्मी का संक्षिप्त बायोडाटा प्रस्तुत किया. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की कामना की. उन्होंने सेवा निवृत हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र तथा उपहार भी भेंट किए. जुलाई ‘2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 09 अधिशासी एवं 29 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया.मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) श्री अमरेंद्र झा एवं मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसिलिटीज) श्री अनिन्दा दास के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) श्री सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) श्री अनीष सेनगुप्ता, बी जी एच प्रभारी डॉ बी बी करुणामय सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे. निदेशक प्रभारी, श्री तिवारी ने श्री अमरेंद्र झा एवं श्री अनिन्दा दास को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की और उपस्थित सभी ने उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएँ दीं.


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– पुनर्निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/41/2024-25/GR_03/3rd Call

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के नावाडीह प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत पेंक एवं पंचायत मुंगोरंगामाटी के कोठी के बीच चमगड़वा नाला पर पुल निर्माण। (लम्बाई 34.26 मी०) | 25347500.00 | 507000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 22.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास वि षेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 25.08.2025 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
बोकारो।

PR.NO.358680 Rural Development(25-26):D



## जिला स्वास्थ्य समिति, गिरिडीह

### झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के अन्तर्गत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

**विज्ञापन संख्या – 01/2025 आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि – 19.08.2025**

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए झारखण्ड स्टेट आरोग्य सोसाईटी के अन्तर्गत गिरिडीह जिले के निम्नलिखित पदों पर एक वर्ष की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जातें है।

| क्र.सं. | पद का नाम | कुल पद | योग्यता | मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|---|---|
| 1 | District Programme Coordinator | 01 | **Essential Qualification:-** • MBBS/MBA in Healthcare or Master of Health/ Hospital Administration or Master of Public Health Full time regular University Degree. • At least 2 years experience in implementation of government health Insurance programmes or Insurance Industry of TPA • Age up to 45 years | Rs.50,000/- (प्रतिमाह) |

सभी तरह के विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन को लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS गिरिडीह के कार्यालय में दिनांक 19.08.2025 के संध्या 05:00 बजे तक जमा कराया जा सकता है।

उक्त नियुक्ति संबंधित अन्य शर्तें, अहर्त्ता, आवेदन प्रपत्र इत्यादि का विवरणी गिरिडीह जिला के वेवसाईट – https://giridih.nic.in एवं अधोहस्ताक्षरी के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS गिरिडीह

PR 358670 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D

# बीसीसीएल ने सेवानिवृत्त कार्मिकों को किया सम्मानित

## कोयला भवन मुख्यालय में सेवानिवृत्ति सम्मान-समारोह कार्यक्रम का आयोजन

धनबाद । वरीय प्रबंधक (सर्वेक्षण) श्री कृष्ण प्रसाद दुसाद, प्रबंधक (खनन) श्री ललन कुमार झा, उप-प्रबंधक (वित्त) चंचल दत्ता, सहायक अभियंता (विद्युत् एवं यांत्रिक) श्री स्वपन कुमार बख्शी, सहायक अभियंता (उत्खनन), विर्षा ओरांव सहित बीसीसीएल के भिन्न विभागों एवं एरिया के कुल 05 अधिकारी तथा 151 कर्मचारियों सहित कुल 156 कार्मिक जुलाई माह में कंपनी से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले सभी 05 अधिकारियों और मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने 05 कर्मचारियों के लिए कोयला भवन मुख्यालय में आज सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए सभी क्षेत्रों में भी सम्मान समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



कोयला भवन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित मुख्य कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (तकनीकी) संचालन, श्री संजय कुमार सिंह ने की। अवसर पर श्रमिक संगठन प्रतिनिधि श्री कुश कुमार सिंह (इनमोसा), श्री आशीष कुमार सिंह (स्टाफ कोआर्डिनेशन कमिटी), महाप्रबंधक (सीटीपी) श्री सुनील कुमार, उप-महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री सुरेन्द्र भूषण सहित मुख्यालय के अन्य सभी महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन भी उपस्थित रहें। सेवानिवृत्त कर्मियों हेतु सम्मान पत्र वाचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। जिसके उपरांत सेवानिवृत कार्मिकों को अंग-वस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र एवं अन्य उपहार देकर सम्मानित किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निदेशक (तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी संगठन की असली ताकत उसके अनुभवी और समर्पित कर्मी होते हैं, जो अपनी वर्षों की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के साथ संस्था को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हैं। हमारे सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों ने अपने लम्बे सेवा-काल के दौरान अपने अथक परिश्रम से कंपनी की सफलता और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंनें सभी कार्मिकों को खुद को व्यस्त रखने, स्वास्थ्य लाभ लेते हुए अपने संचित धन के समझदारी पूर्वक उपयोग की सलाह के साथ कहा कि अपने जीवन के नए अध्याय को भी उसी विवेक और संतुलन के साथ जिएं, जैसा आपने अपने सेवाकाल में प्रदर्शित किया। यह संस्था आपके योगदान को सदैव याद रखेगी। उन्होंनें सभी कार्मिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल, सुरक्षित और संतुलित भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और बीसीसीएल परिवार का हिस्सा होने पर गर्व व्यक्त किया। कर्मियों ने कंपनी के साथ बिताए अपने लंबे सफर को यादगार बताते हुए इसे इसे अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण बताया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक (मानव संसाधन) श्री प्रणव कुमार ओझा ने किया।



# डीएवी स्कूल निरसा में नव पदस्थापित प्राचार्य ने दिया योगदान

चिरकुंडा, (धनबाद), निरसा डीएवी स्कूल में गुरुवार को एक गरिमामयी समारोह में नव नियुक्त प्राचार्या श्रीमती झूमा माहाता ने अपने पद का कार्यभार संभाला। इससे पहले वे डीएवी कुसुंडा में अपनी सेवाएं दे रही थीं। वहीं, निवर्तमान प्राचार्य, चटोराज का स्थानांतरण महुदा डीएवी स्कूल में हुआ है।

प्राचार्या झूमा माहाता के स्वागत में विद्यालय परिसर में सादगीपूर्ण लेकिन हर्षोल्लासपूर्ण माहौल रहा। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं में भी उत्साह देखने को मिला।

अपने स्वागत के अवसर पर प्राचार्या ने कहा कि वे विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और शिक्षकों, छात्रों एवंअभिभावकों के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊँचाई तक ले जाएंगी।

डीएवी स्कूल प्रबंधन समिति, नई दिल्ली ने उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता एवं बहुमुखी प्रतिभा को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि श्रीमती माहाता अपने कार्यों से संस्था की प्रतिष्ठा को और ऊंचा करेंगी। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे ।

# साहित्य सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर भोजपुरी सरधा मंच की राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी संपन्न




धनबाद, राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी सावन और शिव को एवं मुंशी प्रेमचंद की एक साथ 146 वीं जयंती के रूप में मनाया गया । यह कार्यक्रम भोजपुरी सरधा मंच का राष्ट्रीय मासिक राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी के रूप में आयोजित हुई । इसकी शुरूआत भजन सम्राट पं अनिल पाठक के सरस्वती वंदना से हुई ।पुनः मातृ शक्ति की ओर से सरस्वती वंदना रिंकू दुबे" वैष्णवी" ने किया। तत्पश्चात राष्ट्र को समर्पित भोजपुरी काव्य गोष्ठी सावन की बहारों से लेकर शिव भक्तों की कांवड यात्रा बोल बम के जयकारे से प्रारंभ होकर सभी कवियों ने कलम सम्राट मुंशी प्रेमचंद पर अपनी एक से बढ़कर एक रचना से उपन्यास सम्राट को श्रद्धा सुमन अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्धि भोजपुरी भाषाविद व पूर्व प्राचार्य जगदीश नारायण ओझा ने की। बतौल मुख्य अतिथि भोजपुरी कवि श्याम कुवर भारती ने विशेष अतिथि के रूप में नीरज पप्पू, डॉ० नीरा प्रसाद भी उपस्थित थी ।संस्था के महासचिव संतोष ओझा प्रभाकर ने सभी भोजपुरी भाषा के कवियों को कवित्रियों को का स्वागत किया। देशभर के 32 कवियों ने कार्यक्रम में शिरकत कर कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद को अपनी शब्दांजलि अर्पित की। जिन कवियों की बेहतरीन प्रस्तुति हुई, उसमें प्रमिला तिवारी, गंगा प्रसाद यादव, आश्रय श्याम कुंवर भारती,डॉ० नीरा प्रसाद नीरज, पत्रकार उमेश तिवारी, सरिता पांडेय, सुमन मिश्रा, राघव पांडेय, अंशुमन शेखर ओझा, ममता पांडेय, संतोष ओझा, रिंकू दुबे "वैष्णवी" की इस रचना विभिन्न रचनाओं ने खूब तालियां बटोरी मान अपमान सद्गुरु चिंता छोड़ कम निभा ले लिखनी हर बन के दिनकर रूप अमर लेखनी हो गई प्रेमचंद के नाम जब तक की धरती रही चमकी उनका रूप सभी कवियों ने मुंशी प्रेमचंद को अपनी सुरक्षित भोजपुरी रचना की प्रस्तुति दी 1 जबकि ममता पांडे ने भोजपुरी कजरी के प्रस्तुति से लोगों को खूब लुभाया 1 इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष डॉ शैलेश सिंह शौर्य ने कहा कि संस्था मुंशी प्रेमचंद को भारत रत्न देना हमारा राष्ट्रीय दायित्व बनता है 1 उपस्थित सभी लोगो ने अंत में आभार व्यक्त की 1 संस्था की अध्यक्ष, प्रमिला तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया 1

# जिला प्रशासन ने किया एयरपोर्ट से आईआईटी, आईएसएम तक ट्रायल रन









## एयर फोर्स हेलीकॉप्टर की हुई ट्रायल लैंडिंग व टेक ऑफ

धनबाद, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार, 1 अगस्त 2025, को आईआईटी,आईएसएम के 45 वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। राष्ट्रपति शुक्रवार को सुबह 11:40 बजे धनबाद एयरपोर्ट पर आगमन होगा।

राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार के नतृत्व में बरवाअड्डा एयरपोर्ट से आईआईटी, आईएसएम के मुख्य समारोह स्थल तक कारकेड के साथ ट्रायल रन किया गया।

इससे पूर्व उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कारकेड में शामिल सभी वाहन चालकों को प्रोटोकॉल के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया 1 साथ ही उसका पालन करने का निर्देश भी दिया। इसके पश्चात एयरपोर्ट पर एयर फोर्स के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग एवं टेक ऑफ का ट्रायल किया गया। इसके बाद एयरपोर्ट से पायलट कार, वीवीआईपी कार, एम्बुलेंस सहित 50 से अधिक वाहनों के कारकेड के साथ पूरे रूट पर ट्रायल रन किया गया।

आईआईटी, आईएसएम पहुंचने पर उपायुक्त ने मुख्य समारोह स्थल, एग्जिबिशन एरिया, फोटोशूट गैलरी, राष्ट्रपति व अन्य विशिष्ट अतिथियों के लिए तैयार विश्राम कक्ष, स्टेज, राष्ट्रपति के लिए निर्धारित प्रवेश एवं निकास द्वार, प्रेसिडेंट सुइट, वीआईपी पार्किंग सहित अन्य तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया।निरीक्षण के बाद पुनः आईआईटी, आईएसएम से एयरपोर्ट तक ट्रायल रन किया गया।

इस अवसर पर उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार, छोटानागपुर प्रक्षेत्र (बोकारो जोन) के पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) क्रांति कुमार गढ़ीदेशी, उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, सिटी एसपी, ऋत्विक श्रीवास्तव, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, सिविल सर्जन डॉ० आलोक विश्वकर्मा, अपर नगर आयुक्त, कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त, प्रकाश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, आयुष कुमार के अलावा अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद थे।

# राजस्व और विकास शाखा के कार्यालय अधीक्षक तथा गोपनीय शाखा के अनुसेवक हुए सेवानिवृत









## उपायुक्त ने कि सभी के उज्जवल भविष्य की कमना

धनबाद, राजस्व शाखा के कार्यालय अधीक्षक, एस.एम. तनवीर, विकास शाखा के कार्यालय अधीक्षक, ओम प्रकाश सिंह तथा गोपनीय शाखा के अनुसेवक, भोला प्रसाद आज सेवानिवृत हुए।

इस अवसर पर समाहरणालय में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने तीनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

उपायुक्त ने कहा कि सेवानिवृत तीनों कर्मचारियों से समय, समय पर मार्गदर्शन लिया जाएगा 1 जिससे उनके लंबे अनुभव का लाभ जिला प्रशासन को मिलता रहे।

मौके पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन के साथ साथ राजस्व, विकास और गोपनीय शाखा के अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# 2 अगस्त को धनबाद क्लब में आयोजित होगा सावन के रंग जूही के संग कार्यक्रम

धनबाद, गुरुवार को हीरापुर एल सी रोड स्थित धनबाद क्लब में क्लब की महिला सदस्यों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर आगामी 2 अगस्त को क्लब के ओयस्टर हॉल होने वाले कार्यक्रम सावन के रंग जूही के संग के संदर्भ में मीडिया को विस्तृत जानकारी दी। क्लब की सदस्या ममता चौधरी ने बताया की इस सावन के इस एक्सक्लूसिवली फॉर लेडिज कार्यक्रम सेलिब्रेट वाइब्रेंट कलर्स ऑफ मानसून विथ म्यूजिक कलर्स एंड टुगेदरनेस में हमारी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इस समारोह में शामिल हों। इस कार्यक्रम में क्लब की महिला सदस्यों समेत अन्य संस्था की महिला गेस्ट भी आमंत्रित हैं। सदस्यों के लिए मात्र 100 रुपये तथा गेस्ट के लिए मात्र 200 रूपये का एंट्री फी रखा गया है। उन्होंने आगे बताई की सावन की महीने में हो रही इस कार्यक्रम में सबसे पहला कार्यक्रम शिव तांडव होगा, तत्पश्चाप रैंप शो होगा, जिसमें कोई भी प्रतिभागी भाग ले सकते है 1



इसमें निर्णायक के द्वारा फर्स्ट,सेकंड एवं थर्ड प्राइस दिया जाएगा। इसके बाद संगीतमय हाउज़ी गेम होगा 1 जिसमें बाहर से आए दो सिंगर बेहतरीन गीतों की प्रस्तुति करेंगे और इसमें विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। उसके बाद लकी ड्रा होगा, जितने भी इस समारोह के कूपंस होंगे उसमें से एक कूपन विशेष अतिथि के द्वारा निकाला जाएगा और इसमें से निकले कूपन को लकी पर्सन का सेलिब्रेशन के विजेता घोषित कर आकर्षक उपहार दिया जाएगा। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजन की व्यवस्था रहेगी और कार्यक्रम के अंत तक लाइव सिंगिंग चलता रहेगा। प्रेस वार्ता में ममता चौधरी, किरण गोयनका, सपना अग्रवाल, अंजना चौधरी, आशा डोकानिया, इफत नूरी,बरनाली गुप्ता, नीना छाबड़ा, बरनाली मुखर्जी, अर्चना सिंह,निधि मुंजाल, डॉली गुप्ता के साथ धनबाद क्लब के कोषाध्यक्ष, विशाल कक्कड़, जॉइंट सेक्रेटरी रवि भूवानिया और इस इवेंट के डायरेक्टर सिद्धांत शाहबादी भी मौजूद थे।





# मूसलाधार बारिश ने मचा दी भारी तबाही

## तेज बहाव में तालाब का पानी बगल के प्रेमनगर बस्ती और कुम्हार पट्टी की ओर चला गया







**मदनाडीह स्थित रानी तालाब का जलस्तर अचानक बढ़ने से तालाब ओवरफ्लो कर गया और सुनामी जैसे हालात बन गए,जिससे लगभग 250 घरों में पानी घुस गया**

**इस हादसे में तीन मकान पूरी तरह ढह गए,वहीं एक प्राईवेट स्कूल का भवन भी पानी के दबाव से गिर गया**

लोयाबाद।लोयाबाद क्षेत्र में गुरुवार सुबह हुई मूसलधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी।मदनाडीह स्थित रानी तालाब का जलस्तर अचानक बढ़ने से तालाब ओवरफ्लो कर गया और सुनामी जैसे हालात बन गए।तेज बहाव में तालाब का पानी बगल के प्रेमनगर बस्ती एंव कुम्हार पट्टी की ओर चला गया, जिससे लगभग 250 घरों में पानी घुस गया।इस हादसे में तीन मकान पूरी तरह ढह गए,वहीं एक प्राईवेट स्कूल का भवन भी पानी के दबाव से गिर गया।प्रभावित लोगों में लल्लू भूइयां,बिनोद बाउरी का घर पूरी तरह डूब गया और उनके बर्तन बह गए।मान सिंह का फ्रिज पानी में डूबकर नष्ट हो गया,साथ ही उनका राशन और घरेलू कपड़े भी पानी मे पूरी तरह जलमग्न हो गई,जिससे सभी सामान बर्बाद हो गए।बताया गया कि इन लोगो के घरो मे करीब तीन -चार फुट उंचा पानी का स्तर हो गया था।बिनोद दास और कमलेश साव का घर भी बारिश के कारण गिर गया।वहीं सपना देवी,ससुला देवी,राखी देवी,मुनिया देवी,पूजा देवी,रीना देवी,दुर्गा देवी,कमली देवी, कुंती देवी,सरिता देवी,मंजू देवी, गुड़िया देवी,मालती देवी,पारो देवी,के घरों में घुटनों तक पानी भर गया।बिनोद बाउरी अपने बच्चो के साथ अपने दोनों कमरों से पानी निकालने में खुद लगे रहे।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति सेन्द्रा में जीएम बंगले के पीछे मौजूद पुराने इंक्लाइन को सील किए जाने की वजह से बनी।पहले बारिश का पानी इसी इंक्लाइन के रास्ते भूमिगत चला जाता था,जिससे जलभराव की स्थिति नहीं बनती थी।कहा कि जब इंक्लाइन बंद किया तो ड्रेनेज सिस्टम भी बनाना चाहिए था।जिससे पानी का बहाव होता।बारिश के समय रानी तालाब के पास स्थित प्राईवेट विद्यालय में कक्षा 1 से 3 तक के 67 छात्र अध्ययनरत थे। लेकिन स्कुल प्रबंधन ने समय रहते स्कूल को बंद कर दिया,जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई।घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पीड़ितों के घरों का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है।लोगों ने प्रशासन से तत्काल राहत और मुआवजे की मांग की है।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax NO. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ◗ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।